# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 12 जनवरी 2026





## किसान कल्याण के लिए सरकार के 10 संकल्प

- किसानों की आय वृद्धि एवं वेस्ट में कमी लाने का पूरा प्रयास करेंगे।
- प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को मिशन मोड पर बढ़ावा देंगे।
- संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए पर 'ड्रॉप मोर क्रॉप 2 .0' और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देंगे।
- कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (सीबीजी) की स्थापना की जाएगा।
- 'एमपी ग्लोबल एग्री ब्रांडिंग' और 'एग्री-हैकाथॉन' जैसे नवाचारों पर विशेष फोकस करेंगे।
- प्रदेश के कृषि उत्पादों की ब्रांडिंग की जाएगी, निर्यात पर फोकस होगा।,
- कृषि आधारित उद्योग और फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देंगे।
- रिसर्च, इनोवेशन एवं सशक्तिकरण की दिशा में काम किया जाएगा।
- युवाओं को खेती के लिए प्रेरित करेंगे।
- साथ ही आधुनिक तकनीक को खेती-किसानी का अहम हिस्सा बनाएंगे।

## देश में अव्वल मध्य प्रदेश

- कृषक कल्याण वर्ष मनाने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश
- प्रदेश में खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है, देश का पहला राज्य
- किसान करेंगे सूरज की खेती, प्रदेश होगा ऊर्जा में सरप्लस
- हर किसान के पास होगा सोलर पंप, रात में सिंचाई की झंझट से मिलेगी मुक्ति
- भावान्तर को लागू करने मप्र बना देश में अग्रणी
- प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा
- सरकार बढ़ा रही है कस्टम हायरिंग सेंटर की संख्या ; किसानों को मिलेगी सहूलियत
- 16 मन्त्रालय को किसान हित से जोड़ेंगे, सब मिलकर बनायेंगें किसानों को समृद्ध
- नदियों को जोड़कर प्रदेश को बनायेंगे सिंचाई में सक्षम
- दुग्ध उत्पादन में प्रदेश बनायेगा देश में नई पहचान
- भावान्तर ने किसानों को उपज का सही मूल्य दिलाया
- प्रदेश में हर क्षेत्र में फूड पार्क की होगी स्थापना
- किसान को बनायेंगें उद्योगपति
- तीस लाख किसानों को तीन साल में उपलब्ध करायेगें सोलर पंप
- प्रदेश में आयोजित होगा सोलर सम्मेलन
- कृषि बदलाव परियोजना पर होगा फ़ोकस
- खाद वितरण में लाइन लगने की व्यवस्था को करेंगें ख़त्म
- कृषि उपज के मूल्य में होगा स्थिरीकरण
- प्राकृतिक खेती को देंगें बढ़ावा . नरसिंहपुर में होगा गन्ना महोत्सव
- डिडोरीं में श्री अन्न अनुसंधान केन्द्र की होगी स्थापना
- किसान अब उपज नहीं उद्योग भी लगाएगा
- जो कहा वो किया, गेहूं पर भी 2700 एमएसपी देकर बताएंगे
- किसानों की लागत घटाना और आय बढ़ाना हमारा संकल्प

प्राकृतिक एवं जैविक खेती को देंगे बढ़ावा

# शीघ्रनाशी फसलों वाले स्थानों पर बनाए जाएंगे फूड पार्क और फूड प्रोसेसिंग यूनिट



- कृषि उद्योगों के प्रोत्साहन देने सब्सिडी, सोलर सम्मेलन किए जाएंगे आयोजित
- डिंडोरी में बनेगा मध्यप्रदेश राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र
- मुख्यमंत्री ने ई-विकास, वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान प्रणाली ऐप का किया शुभारंभ

**किसान कल्याण वर्ष 2026 का हुआ भव्य शुभारंभ**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के किसानों के लिए वर्ष 2026 नई उम्मीदों और नए अवसरों का वर्ष होगा। किसान हमारे अन्नदाता हैं, जो अपने परिश्रम से देश और समाज का उदर-पोषण करते हैं। किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी समृद्धि सुनिश्चित करना ही सरकार का एकमात्र ध्येय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन में वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाने की अधिकृत घोषणा की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई, भंडारण और बाजार तक बेहतर पहुंच के माध्यम से खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि केवल आजीविका का एक साधन ही नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन के दौरान ई-विकास, वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति सामधान प्रणाली (विकास पोर्टल) का शुभारंभ किया। कृषक कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की आमदनी बढ़ाने सहित इनकी बेहतरी और खुशहाली के लिए किए जाने वाले प्रयासों के संबंध में एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।




### पूरा साल किसानों के कल्याण के लिए समर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने पूरा साल किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया है। हमारी सरकार खेतों से निकलने वाली पराली से भी किसानों आय बढ़ाने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बीते सालों के प्रयासों से खेती का रकबा ढाई लाख हेक्टेयर तक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी लिंक एवं केन-बेतवा नदी लिंक राष्ट्रीय परियोजना सहित ताप्ती ग्राउंड वाटर रिचार्ज मेगा परियोजना से प्रदेश के 25 जिलों में 16 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त कृषि रकबा सिंचित हो जाएगा।

## अन्नदाता मध्यप्रदेश के माथे का तिलक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अन्नदाता मध्यप्रदेश के माथे का तिलक हैं, जिसका तिलक खेत की मिट्टी है, वही मध्यप्रदेश का किसान है। उन्होंने कहा कि किसानों का पसीना प्रदेश की पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष के शुभारम्भ के साथ हम आत्मनिर्भर और समृद्ध किसान, उन्नत कृषि और मूल्य श्रंखला आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के माध्यम से समृद्ध प्रदेश का निर्माण करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने और आय को स्थाई करेंगे, खेती को लाभ का धंधा बनाएंगे। तकनीक, नवाचार और वैज्ञानिक सोच से खेती को उन्नत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम कृषि आधारित उद्योग, फूड प्रोससिंग यूनिट को बढ़ावा देंगे। प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को मिशन मोड में बढ़ावा देंगे। अपशिष्ट से बायोगैस, एथेनॉल और हरित ऊर्जा से किसान को ऊर्जादाता बनाएंगे। पर ड्रॉप मोर क्रॉप 2.0' और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रदेश के कृषि उत्पादों के ब्रांडिंग की जाएगी, निर्यात पर विशेष फोकस होगा। रिसर्च, इनोवेशन के माध्यम से कृषिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करेंगे। युवाओं को भी खेती से जोड़ेंगे। कृषि पर्यटन से गांवों में नए रोजगार और पहचान के अवसर पैदा होंगे। कृषि के साथ डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर्स सहित फल, सब्जी मसाला एवं औषधीय फसलों के उत्पादन को भी मजबूती से बढ़ावा देंगे।

## किसानों को मिलेगा उनकी उपज और परिश्रम का बेहतर मूल्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कृषक कल्याण वर्ष के दौरान कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे, ताकि किसानों को उनकी उपज एवं परिश्रम का बेहतर मूल्य मिल सके और गांवों में ही रोजगार के नए अवसर पैदा हों। इसके साथ ही प्रदेशभर में कृषि उत्सव और किसान मेलों का आयोजन कर किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाए जाएंगे। प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ खेती-किसानी में नवाचारों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेतों में पसीना बहाने वाले किसान राष्ट्रसेवा का सर्वोच्च उदाहरण हैं। ऐसे में किसानों की सेवा, संबल और समृद्धि में सहयोग करना सरकार का कर्तव्य और धर्म है।

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आधिकारिक अपडेट्स के लिए सोशल मीडिया हैंडल्स को फॉलो करें*

### किसानों को लौटाएंगे उनका वैभव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में सरकार प्रदेश के किसानों के समग्र कल्याण के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। सालभर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के जरिए सरकार के 16 से अधिक विभाग/मंत्रालय आपसी समन्वय से किसानों को उनका वैभव लौटाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोयाबीन के बाद अब सरसों की फसल को भी हम भावांतर योजना के दायरे में लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास में किसानों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। ऐसे उद्योग लगाने वालों को सरकार सब्सिडी देगी। प्रदेश में बीज परीक्षण कार्य से जुड़ी सभी प्रयोगशालाओं को और अधिक सशक्त कर सभी मंडियों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा।



# कृषक-कल्याण वर्ष का कैलेंडर हुआ जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत सालभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फरवरी में कोदो-कुटकी बोनस वितरण, मार्च में प्राकृतिक खेती संगोष्ठी और मई में नर्मदापुरम् का प्रसिद्ध 'आम महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। अगस्त-सितम्बर में इन्दौर में एफपीओ कन्वेंशन और छिंदवाड़ा में एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर निधि पर कार्यशालाएं होंगी। अक्टूबर और नवम्बर के महीने में 'फूड फेस्टिवल' और नरसिंहपुर में 'गन्ना महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए हम सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी, बिजली, शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, फसलों पर समर्थन मूल्य और फसल बीमा की राशि का समय पर अंतरण किया जा रहा है। सरकार हर कदम पर किसानों के साथ है। किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हम कृषक कल्याण वर्ष को सफल बनाएंगे।

**फसल सुरक्षा के लिये करेंगे समुचित प्रयास :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुछ फसलें जल्दी नष्ट हो जाती है, तो किसानों को ऐसी फसल को कम दाम में बेचकर नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसी शीघ्रनाशी फसलों वाले स्थान चिन्हित कर इन स्थानों पर फूड पार्क और फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर किसानों की फसल सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। इससे किसानों को उनकी उपज का भरपूर दाम मिल सकेगा।



CMMadhyaPradesh

# प्रदेश की सिंचाई क्षमता 100 लाख हैक्टयर तक बढ़ाएंगे

**हर खेत तक पहुंचेगा पानी, फसलें लहलाहेंगी**

किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा. विभिन्न सिंचाई परियोजना और सिंचाई की आधुनिकतम तकनीकी के प्रयोग से सिंचाई का रकबा अधिक से अधिक बढ़ाने का प्रयास रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है प्रदेश में सिंचाई क्षमता को आगामी वर्षों में 100 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाना.

प्रदेश में गत दो वर्ष में 7.31 लाख हैक्टयर क्षेत्र में नई सिंचाई क्षमता विकसित हुई है। प्रदेश की सिंचाई क्षमता में वर्ष 2026 तक 8.44 लाख हैक्टयर की वृद्धि होगी। प्रदेश की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल का प्रयोग कर की जाएगी। पार्वती-काली-सिंध और चम्बल अंतर्राज्यीय लिंक परियोजना, केन-बेतवा अंतर्राज्यीय लिंक परियोजना की स्वीकृति केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य की महत्वपूर्ण उपलब्धि है. महाराष्ट्र राज्य के साथ क्रियान्वित होने वाली मेगा तापी भूजल भरण परियोजना विश्व की अनूठी परियोजना है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य में भी विभिन्न नदियों को जोड़ने के लिए नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। राज्य में नदी जोड़ो परियोजना अंतर्गत उज्जैन जिले में कान्ह-गंभीर, मंदसौर, नीमच और उज्जैन में कालीसिंध-चंबल, सतना जिले में केन और मंदाकिनी, सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिले में शक्कर पेंच और दूधी तामिया, रायसेन जिले में जामनेर नेवन और नेवन-बीना नदियों का सर्वेक्षण किया गया है। इस सभी के क्रियान्वयन से कुल 5 लाख 97 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी। इनकी अनुमानित लागत 9870 करोड़ रुपए होगी। सात जिलों के हजारों किसान इन योजनाओं से लाभान्वित होंगे। राज्य की नदियों में बाढ़, जल प्रबंधन, जल के समुचित उपयोग नदी कछारों में पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से राज्य की नदियों को आपस में जोड़ने के लिए तकनीकी दल का गठन भी गया।


D- 16141/25



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राष्ट्रीय युवा दिवस आज



haribhoomi.com | भोपाल, सोमवार 12 जनवरी 2026


**मप्र स्टार्टअप समिट 2026: पहला दिन**

## 'इन्क्यूबेटर सस्टेनेबिलिटी' विषय पर हुई इन्क्यूबेटर मास्टर क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमएसएमई विभाग द्वारा प्रदेश में स्टार्टअप ईकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत रविवार को मध्य प्रदेश स्टार्टअप समिट 2026 के पहले दिन का फोकस इन्क्यूबेशन ईकोसिस्टम को सुदृढ़ करने, कृषि नवाचार को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप्स की निवेश-तैयारी को सशक्त करने पर रहा। समिट में देशभर से स्टार्टअप्स, इन्क्यूबेटर्स, निवेशक एवं स्टार्टअप ईकोसिस्टम से जुड़े 500 से अधिक हितधारक द्वारा सहभागिता की गई। समिट के ⏩ शेष पेज 4 पर

कृषि नवाचार को बढ़ावा देने के साथ इन्क्यूबेशन ईकोसिस्टम को करना होगा मजबूत

# पिचिंग सेशन में उभरते स्टार्टअप्स ने अपने नवाचार और बिजनेस मॉडल को विशेषज्ञ जूरी के समक्ष रखा





मध्य प्रदेश स्टार्टअप समिट 2026 कार्यक्रम को संबोधित करते विशेषज्ञ

समिट में देशभर से स्टार्टअप्स, इन्क्यूबेटर्स, निवेशक और स्टार्टअप ईकोसिस्टम शामिल

### आज शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एमपी स्टार्टअप के दूसरे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के साथ एमपी स्टार्टअप ईकोसिस्टम अवार्ड्स-2026 का वितरण करेंगे। साथ ही इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्टार्टअप सक्सेस स्टोरीज ⏩ शेष पेज 4 पर

## 'वैल्यू चेन ट्रांसफॉर्मेशन' विषय पर पैनल चर्चा

स्टार्ट अप समिट में एग्री एफपीओ को स्टार्टअप के रूप में विकसित करना 'वैल्यू चेन ट्रांसफॉर्मेशन' विषय पर एक पैनल चर्चा हुई। विशेषज्ञों में किसान उत्पादक संगठनों को नवाचार आधारित और स्केलेबल उद्यम के रूप में विकसित करने पर विमर्श हुआ। इस सत्र में द्वारिका सिंह, संस्थापक, आईएसईडी इंडिया, एमानुएल मुर्रे, इन्वेस्टमेंट डायरेक्टर, कैस्पियन, स्टेट हेड डेवलपमेंट सर्विसेज तथा अनिल जोशी संस्थापक एवं मैनेजिंग पार्टनर, यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स द्वारा सहभागिता की गई। सत्र का संचालन मनीषा पांडे, प्रोफेसर, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

**खबर संक्षेप**

### एक्स ने मानी गलती 600 अकाउंट डिलीट



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने ग्रोक एआई से जुड़े अश्लील कंटेंट विवाद पर अपनी गलती स्वीकार कर ली है। कंपनी ने भारत सरकार को भरोसा दिया है कि वह भारतीय कानूनों के अनुसार काम करेगी। इसके अलावा कंपनी ने इस मामले में करीब 3,500 पोस्ट ब्लॉक किए हैं और 600 से ज्यादा अकाउंट डिलीट किए हैं। सख्ती के बाद एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत करने का वादा किया है।

### लावारिस मिठाई खाने से एक की मौत, दो गंभीर



**छिंदवाड़ा।** जिले में फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। एक होटल में लावारिस हालत में पड़ी मिठाई खाने से पीएचई विभाग में पदस्थ एक गार्ड की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि मिठाई खाने वाले दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। जुन्नारदेव थाना पुलिस के अनुसार, एक होटल में किसी ने मिठाई से भरी एक थैली छोड़ दी। मौजूद लोगों ने मिठाई खा ली।

### रिटायर्ड शिक्षक से ठगे साढ़े 29 लाख



**भिंड।** शहर में रिटायर्ड टीचर प्रेम सिंह कुशवाह को साइबर ठगों ने 48 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा। उन्हें व उनकी पत्नी को किसी से बातचीत करने की अनुमति नहीं दी। इतना ही नहीं बदमाशों ने झांसा देकर 29.50 लाख की भी ठगी कर डाली। रविवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत की है। कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पहलगाम हमले को एक साल भी नहीं हुआ और फिर धमकी आ गई

**प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी मसूद अजहर की धमकी**

आतंकी का नया ऑडियो आया

# एक नहीं, हजार से ज्यादा सुसाइड बॉम्बर तैयार, दुनिया को चौंका देंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी मसूद अजहर का एक नया ऑडियो सामने आया है। जिसमें वो यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि उसके पास हजारों सुसाइड बॉम्बर तैयार हैं, जो किसी भी समय हमला करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के चीफ मसूद अजहर के इस आडियो से यह स्पष्ट हो रहा है कि उसका गिरोह अब भी किसी खतरनाक तैयारी में जुटा है। मसूद अजहर के सामने आए ऑडियो के जरिए दावा है कि एक हजार से अधिक आत्मघाती हमलावर तैयार हैं और अजहर पर भारत में घुसपैठ की अनुमति देने का दबाव डाल रहे हैं। अजहर का कहना है कि असली संख्या जानकर दुनिया भर का मीडिया ⏩ शेष पेज 4 पर

*आतंकी सरगना मसूद का कहना है कि उसके हमलावर हमले करने और अपने मकसद के लिए शहादत पाने के लिए बेताब हैं*

इस ऑडियो के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सीमाओं पर निगरानी और सख्त की



ड्रोन की फोटो



आतंकी मसूद

***विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे ऑडियो मैसेज तब जारी होते हैं जब संगठन दवाब में होता है***

***मसूद अजहर के वायरल ऑडियो को उसकी बौखलाहट भी माना जा रहा है***

### आत्मघाती हमलावर घुसपैठ के लिए दबाव डाल रहे

बता दें कि जैश-ए-मोहम्मद चीफ मसूद अजहर संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी है। मसूद पाकिस्तान में रहकर भारत विरोधी वारदातों की साजिश रचता रहा है। मसूद अजहर का ऑडियो सामने आने के बाद यह दावा किया जा रहा है कि उसके पास हजार से आत्मघाती हमलावर तैयार हैं और अजहर पर भारत में घुसपैठ की अनुमति देने का दबाव डाल रहा है। यही नहीं अजहर का कहना असली संख्या जानकर दुनिया भर की मीडिया चौंक जाएगी। मसूद का कहना है कि उसके हमलावर हमले करने और अपने मकसद के लिए शहादत पाने के लिए बेताब हैं।

**एलओसी पर घुसपैठ की आशंका**

## सांबा, राजौरी और पुंछ में दिखे संदिग्ध पाकिस्तानी 'ड्रोन'

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में रविवार को संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए हैं। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। सांबा में फ्लाइंग ऑबजेक्ट जैसा ड्रोन देखा गया है। बताया जा रहा है कि सांबा, राजौरी और पुंछ जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के पास कई संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, कम से कम पांच ड्रोन की आवाजाही देखी गई है, जिसके बाद व्यापक पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों ने ⏩ शेष पेज 4 पर

***हाई अलर्ट पर सुरक्षा बल***

### ये कहते हैं- 'या अल्लाह, शहादत दे दे'

मसूद कहता है कि उसके ये फिदायीन दुनिया की किसी सुख-सुविधा के पीछे नहीं भागते। उसके फिदायीनों को न कर्ज चुकाने की फिक्र, न बीवी-मकान की चाहत, न यूरोप-अमेरिका का वीजा और न आईफोन-मोटरसाइकिल का लालच, उनकी बस एक ही पुकार है 'या अल्लाह, शहादत दे दे' फिदायीन रात के तीन बजे उठकर सिर्फ अल्लाह से यही मांगते हैं। मसूद आगे कहता है, 'ये (फिदायीन) एक नहीं, दो नहीं, सौ-तीन सौ नहीं, हजारों की तादाद में हैं. अगर पूरी संख्या बता दूं, तो दुनिया के सारे मीडिया में हंगामा मच जाएगा।



जबलपुर में कोहरे के साथ हुई सुबह

**अगले 2 से 3 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम, आज कुछ जगह हल्के से मध्यम कोहरे का अलर्ट**

## प्रदेश के 6 जिलों में रात का पारा 5 से 7 डिग्री के बीच

**सबसे कम तापमान शहडोल में 4.8 डिग्री**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को दिन और रात का पारा सामान्य से अधिक रहा। कहीं भी मध्यम से घना कोहरा और शीतलहर, कोल्ड-डे का असर नहीं होने से पूरे दिन मौसम सामान्य रहा। कोहरे का असर कम होने से विजिबिलिटी भी भरपूर रही। हवाओं के बदलने और भोपाल सहित कुछ जिलों में देर रात से अलसुबह के बीच छितरे बादलों के आने-जाने से दिन के तापमान में कुछ कमी आई, जबकि रात का पारा बढ़ गया। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिन मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। प्रदेश ⏩ शेष पेज 4 पर

**10** जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से अधिक रहा

### सभी जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर

रविवार को तापमान में बदलाव के बीच दिन-रात का पारा सामान्य से अधिक दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 26.8 डिग्री रहा, जबकि रात में दशमलव 8 डिग्री की बढ़त के साथ 8 डिग्री रहा। दतिया, ग्वालियर, राजगढ़, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन, खजुराहो, रीवा, टीकमगढ़ और मलाजखंड आदि जिलों में रात का पारा डेढ़ से 3 डिग्री तक बढ़ा है। 10 जिलों ⏩ शेष पेज 4 पर

**भागीरथपुरा कांड पर इंदौर में कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' में मांग**

पीड़ित परिवारों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए

## घटना की न्यायिक जांच हो, जिम्मेदारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

भागीरथपुरा में गंदे पानी के कारण 21 लोगों की जान चली गई। कई लोग हॉस्पिटल्स में भर्ती हैं। रविवार को कांग्रेस ने बड़ा गणपति चौराहा से राजवाड़ा तक न्याय यात्रा निकाली। कांग्रेस ने मांग की कि पीड़ित परिवारों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए।

साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हो। न्याय यात्रा में पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी, अजय सिंह सहित प्रदेश के कांग्रेस ⏩ शेष पेज 4 पर



प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए

## बैतूल के बरेठा घाट पर बड़ा हादसा

**बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा**



### ट्रॉले ने तीन कारों व एक बाइक को रौंदा महिला की मौत

**बैतूल।** बरेठा घाट में तेज रफ्तार ट्राले ने चार गाड़ियों को टक्कर मारी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों कारों एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गईं, जबकि बाइक उनके नीचे दब गई। बाइक सवार एएसआई बुरी तरह घायल हो गए, उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत गई। हादसा रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। इससे बैतूल-भोपाल नेशनल हाईवे पर करीब आधा घंटे तक जाम लगा रहा। ट्राला चालक मौके से भाग निकला। पुलिस के मुताबिक, बरेठा घाट ⏩ शेष पेज 4 पर

**सीजेआई सूर्यकांत खुली जीप में अपने पैतृक गांव पेटवाड़ पहुंचे**

## शिक्षक हमें रात 11 बजे तक पढ़ाते थे, और खुद धान के भूसे से बिछे कमरे में सोते थे

उन्होंने मदनहेरी के अपने इंग्लिश टीचर मास्टर प्रेम सिंह को स्नेहपूर्वक याद किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के हरियाणा दौरे के दूसरे दिन खुली जीप में सवार होकर हांसी जिले में अपने पैतृक गांव पेटवाड़ पहुंचे। यहां उनके सम्मान में एक समारोह रखा गया था। उनके साथ कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। सीजेआई ने अपने स्कूल के दिनों और ⏩ शेष पेज 4 पर



### बच्चों को अपने करियर का चुनाव खुद करने दें

मुख्य न्यायाधीश ने यह भी याद किया कि 10वीं क्लास पास करने के बाद उनके पिता ने उनके सभी भाइयों को इकट्ठा किया और उनसे कहा कि वे अपनी मर्जी के अनुसार आर्ट्स और लॉ की पढ़ाई करें। मेरे माता-पिता ने मुझे अपना रास्ता खुद चुनने की इजाजत दी। उन्होंने ⏩ शेष पेज 4 पर

**चीन में भारतीय टीम ने 'फ्रीडम फ्रॉम बाउंड्रीज' शीर्षक से बर्फ की विशाल कलाकृति बनाई**

प्रतियोगिता में दुनिया के 16 देशों की 25 टीमों ने भाग लिया

## माइनस 30 डिग्री में सिंगरौली की 'टीम अभ्युदय' ने रचा इतिहास... हार्बिन आइस एंड स्नो में पाया 'तीसरा स्थान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अलग खबर

चीन में 6 से 9 जनवरी तक आयोजित 28वीं हार्बिन इंटरनेशनल आइस एंड स्नो स्कल्पचर प्रतियोगिता में भारतीय टीम अभ्युदय ने तीसरा स्थान हासिल किया है। इस टीम का नेतृत्व प्रदेश के सिंगरौली जिले के कलाकार सुनील कुमार कुशवाहा ने किया। सन आइलैंड इंटरनेशनल स्नो स्कल्पचर आर्ट एक्सपो के तहत हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनिया के 16 देशों की 25 टीमों ने भाग लिया। भारतीय टीम ने 'फ्रीडम फ्रॉम बाउंड्रीज' शीर्षक ⏩ शेष पेज 4 पर



### अलग- अलग राज्यों से शामिल हुए प्रतिभागी

विजेता टीम में रवि प्रकाश (टीम लीडर-कैमूर भभुआ, बिहार), सुनील कुमार कुशवाहा (कैप्टन-सिंगरौली, मध्य प्रदेश), रजनीश वर्मा (वाइस कैप्टन- लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश), मोहम्मद सुल्तान आलम (दिल्ली) और अभिनव आचार्य (टीम मेंटर-दिल्ली) शामिल रहे। ये सभी कलाकार ⏩ शेष पेज 4 पर

### यूएसए और जापान में भी शामिल हो चुके

सुनील इससे पहले यूएसए और जापान में भी स्नो कल्चर आर्ट प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं, जहां उनकी टीम ने भगवान नरसिंह की प्रतिमा बर्फ से बनाई थी, जिसे पहला पुरस्कार भी मिला था। इससे पहले टीम जापान में पार्टी चॉइस अवार्ड और अमेरिका व चीन में कई विशेष सम्मान जीत चुकी है।

भोपाल

सोमवार, 12 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष-09

वर्ष : 12, अंक : 283

पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 25

न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जंबूरी मैदान में कृषक कल्याण वर्ष-2026 का किया शुभारंभ

सीएम डॉ. यादव ने चलाया ट्रैक्टर किसानों के संग रैली में हुए शामिल

# कहा-किसानों के हित में हमने जो कहा, वह करके भी दिखाया

*नई व्यवस्था के तहत अब किसान पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से खाद की आसान बुकिंग और सीधे डिलीवरी की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इससे किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा*



राइस ट्रांसप्लांटर मशीन चलाते सीएम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

प्रदेश के किसानों के लिए वर्ष 2026 नई उम्मीदों और नए अवसरों का वर्ष होगा। प्रदेश सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई, भंडारण और बाजार तक बेहतर पहुंच के माध्यम से खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जाएगा। किसानों के हित में हमने जो कहा, वह करके भी दिखाया है। हर कदम पर, हर जरूरत के वक्त सरकार किसानों के साथ खड़ी है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हर कदम पर, हर जरूरत के वक्त सरकार किसानों के साथ खड़ी**


कृषि रथ एवं ट्रैक्टरों की भव्य रैली को हरी झंडी दिखाते हुए

- ***सीएम ने कोकता बायपास स्थित आरटीओ कार्यालय से लगभग 1101 ट्रैक्टरों की रैली को हरी झंडी दिखाई***
- ***जंबूरी मैदान में ई-विकास पोर्टल, एग्री स्टैक वितरण प्रणाली और खाद आपूर्ति पोर्टल का शुभारंभ किया***
- ***सीएम ने कहा कि अन्नदाता मप्र के माथे का तिलक हैं जिसका तिलक खेत की मिट्टी है, वही किसान है***

### फसल नुकसान का आधुनिक तकनीक से होगा सर्वे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सालभर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के जरिए सरकार के 16 से अधिक विभाग, मंत्रालय आपसी समन्वय से किसानों को उनका वैभव लौटाएंगे। सोयाबीन के बाद अब सरसों की फसल को भी हम भावांतर योजना के दायरे में लेकर आएंगे। कृषि आधारित उद्योगों के विकास में किसानों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। ऐसे उद्योग लगाने वालों को सरकार सब्सिडी देगी। प्रदेश में बीज परीक्षण कार्य से जुड़ी सभी प्रयोगशालाओं को और अधिक सशक्त कर सभी मंडियों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। कृषि विभाग और राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड में सभी श्रेणी के रिक्त पदों की जल्द से जल्द पूर्ति कर प्रदेश में कृषि तंत्र को और भी मजबूत बनाया जाएगा। किसानों को होने वाली फसल नुकसान का अब आधुनिक तकनीक से सर्वे कराया जाएगा। इससे किसानों को मुआवजे की राशि जल्द से जल्द मिल सकेगी। किसानों के लिए जीरो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### डिंडोरी में बनेगा राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार खेतों से निकलने वाली पराली से भी किसानों आय बढ़ाने का प्रयास करेगी। मध्यप्रदेश में पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी लिंक एवं केन-बेतवा नदी लिंक राष्ट्रीय परियोजना सहित ताप्ती ग्राउंड वाटर रिचार्ज मेगा परियोजना से प्रदेश के 25 जिलों में 16 लाख हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त कृषि रकबा सिंचित हो जाएगा। प्रदेश में श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए डिंडोरी जिले में मप्र राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाएगी। ग्वालियर में सरसों अनुसंधान और उज्जैन में चना ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### चाइनीज मांझे से दो के गले कटे, एक की मौत

**इंदौर।** यहां चाइनीज मांझे से बाइक सवार युवक का गला कट गया। अस्पताल में इलाज के दौरान




उसकी मौत हो गई। हादसा कनाड़िया और तिलक नगर के बीच रविवार शाम करीब साढ़े 5 बजे हुआ। मृतक की पहचान रघुवीर धाकड़ के रूप में हुई है। इंदौर में ही सपना-संगीता रोड पर नीट की तैयारी कर रहे नरेंद्र जामोद का चाइनीज मांझे से गला कट गया।

### इंडियन आइडल 3 के विनर तमांग का निधन

**नई दिल्ली।** इंडियन आइडल 3 के विनर रहे प्रशांत तमांग का 43 साल की उम्र में निधन हो गया।



प्रशांत का निधन कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुआ है। कार्डियक अरेस्ट आने के दौरान वो दिल्ली के जनकपुरी स्थित अपने घर में ही मौजूद थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया था। मगर वहां पहुंचने पर डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



उपन्यास का विमोचन करते अतिथिगण

दिग्गज बोले- 'प्रत्याघात' पढ़कर लगा कि लेखक मुक्तिबोध की धरती से आया है...

# *विश्व पुस्तक मेले में हुआ प्रसिद्ध लेखक ब्रह्मवीर सिंह के उपन्यास 'प्रत्याघात' का विमोचन*


ब्रह्मवीर सिंह और चित्रा मुद्गल

- ***कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती चित्रा मुद्गल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की रही मौजूदगी***

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

'प्रत्याघात'...यह महज शब्द नहीं बल्कि उस बेहतरीन उपन्यास का वो शीर्षक शब्द है, जिसका रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडमप में विश्व पुस्तक मेले-2026 में सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती चित्रा मुद्गल द्वारा विमोचन किया गया है। उपन्यास हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक ब्रह्मवीर सिंह द्वारा रचित है। जो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### न्याय की प्रति है प्रत्याघातः सिंह

उपन्यास के लेखक ब्रह्मवीर सिंह ने कार्यक्रम में बताया कि 'प्रत्याघात' का पहला भाग 'बुत मरते नहीं' एक प्रकार से पाठकों के मन में असत्य यानी बुराई की जीत के रूप पहुंचा था। उनका कहना था कि आपने नैतिकता, परंपराओं और सनातन प्रवृत्ति के विरूद्ध लिख दिया है। इसके नायक की ही जान चली गई और उसका पिता, जो आदर्शवादी जीवन जीता था। वो अवसाद से ग्रसित हो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### प्रयास निरर्थक नहीं जाएगाः डॉ. द्विवेदी

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए हरिभूमि समाचारपत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि आज का यह आयोजन मेरे लिए निजी तौर पर प्रसन्नता का अवसर है। क्योंकि जैसाकि पहले ब्रह्मवीर जी कह रहे थे कि हमने कई अन्य पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं, लेकिन यह उपन्यास उन सभी से कुछ अलग है। बतौर ▶▶ शेष पेज 4 पर


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)

Deemed to be University

(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC | THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally, 5th India Rank | QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha, 9th in India among pvt. universities | nirf 2025: 17th Among Indian Universities | NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA | ABET: ABET (US) Accreditation | IET Accredited Programme: The Institute of Engineering and Technology | Special Consultative Status by the UN-ECOSOC | Partnership with UN Volunteers

KIITEE 2026

APPLY NOW

through KIIT Websites

www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in

No Examination Fee (Computer-Based Test)

Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes

[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes

- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines

- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes


- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights

750+ Companies | 6000+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered | ₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024 | admission@kiit.ac.in | kiitee.ac.in | 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## रविंद्र भवन में संस्कृति, प्रतिभा और सम्मान से सजा कायस्थम–2026 का उत्सव

संपन्न हुआ कायस्थम–2026 समारोह हुआ सम्पन्न

# कला प्रस्तुतियों, विचार विमर्श और समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं का कायस्थम में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविन्द्र भवन के अंजनी सभागार में रविवार को आयोजित कायस्थम–2026 समारोह कला, संस्कृति और प्रतिभा के संगम के रूप में यादगार बन गया। कायस्थम भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर से आयोजित इस एक दिवसीय भव्य आयोजन में समाज की सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिक परंपरा और समकालीन प्रतिभाओं का सम्मान उत्सव मनाया गया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को मंच पर सम्मानित किया गया, वहीं कला प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सौंदर्य और भावनाओं से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में चित्रगुप्त अखाड़ा न्यास, मथुरा के प्रमुख स्वामी चक्रपाणि महाराज, ब्रह्मचारी गिरीश जी, टीवी एवं फिल्म कलाकार तितिक्षा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने की, जबकि कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने आयोजन की रूपरेखा और उद्देश्य प्रस्तुत किया।


एक्ट्रेस को सम्मानित करते मंत्री सारंग व अन्य अतिथि।


कार्यक्रम में कायस्थ दर्पण पत्रिका का विमोचन करते अतिथि।

### 13 श्रेणियों में 15 विशिष्ट प्रतिभाओं को कायस्थम सम्मान

कार्यक्रम के अंतिम चरण में 13 कैटेगरी में 15 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें रामशंकर खरे, राकेश श्रीवास्तव सेवानिवृत्त आई.ए.एस., कर्नल राजीव सक्सेना, सेना से सेवानिवृत्त, डॉ. योगेश वर्मा , पंकज श्रीवास्तव, देवेन्द्र चौकसे, डॉ. नेहा माथुर शिक्षाविद्, आयुषी सिन्हा, आयुषी श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव , प्रतिभा श्रीवास्तव, देहदानी स्व. धीरज भटनागर, दीपक खरे वरिष्ठ अधिवक्ता, डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव , आरोह श्रीवास्तव वैदिक घड़ी के अन्वेषणकर्ता, रेणुका निगम राष्ट्रीय हॉकी एवं पॉवर लिफ्टिंग खिलाड़ी आदि सम्मानित किया गया।

### अधिकार के साथ कर्त्तव्य की भी बात करना होगी

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जो जहां है जिस स्थान पर है वह भगवान के आदेश पर है। भगवान में हमारा संयोग लिखकर भेजा है। हमारा सौभाग्य है कि हम सनातन दर्शन के धर्मावलंबी है। मेरे पिता जी ने समाज उत्थान के लिए काम किया है। वह कहते थे हिन्दू समाज की बुद्धि कायस्थ है। शरीर का सही संचालन करना है तो बुद्धि को तंदुरुस्त रखना है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य यह हो कि संपूर्ण हिंदू समाज एक हो इस पर हमें काम करना है। अधिकार और कर्त्तव्य एक सिक्के के दो पहलू है हमें अधिकार के साथ कर्त्तव्य की भी बात करना होगी।

### हिन्दू समाज की बौद्धिक शक्ति कायस्थ समाज में निहित है

स्वामी चक्रपाणि महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि कायस्थ समाज राष्ट्र के लिए जीने वाली परंपरा का वाहक रहा है। उन्होंने विश्व में बढ़ते तनाव का कारण परस्पर सम्मान की कमी को बताया और रिश्तों में मधुरता के लिए सम्मान को आवश्यक बताया। चक्रपाणि महाराज ने कहा कि राजा भोज की नगरी में मुझे आने का अवसर मिला यह प्रसन्नता का विषय है। विश्व में तनाव चल रहा है इसका कारण है कि एक दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास है। अगर रिश्ते मधुर बनाना है तो एक दूसरे का सम्मान करना आवश्यक है। कायस्थ तो चित्रगुप्त महाराज के वंशज है। महर्षि योगी ने जो कार्य किया है वह आदि और अनंत जैसा है। कायस्थ राष्ट्र के लिए जिया है वह परमात्मा के लिए भी जीता है। यह सम्मान एक शुरुआत है, उम्मीद है आगे भी इसी तरह की प्रतिभाएं सम्मानित होती रहे।


टीवी एक्ट्रेस को सम्मानित करते अतिथि।


कार्यक्रम को संबोधित करते विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर।

महासम्मेलन में शामिल हुए विस अध्यक्ष

## वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति में बहुत सी चिकित्सा पद्धति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर रविवार को राजधानी में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉ. काउंट सीजर मैटी की जयंती पर आयोजित वैकल्पिक चिकित्सक महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का आयोजन वैकल्पिक चिकित्सक संघ मप्र ने किया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति में बहुत की चिकित्सा पद्धति का संगम है। सभी चिकित्सा पद्धति उपयोगी होती है, लेकिन हर चिकित्सा पद्धति को विकसित होने में समय लगता है। समय के साथ-साथ चिकित्सा पद्धति में बदलाव होता है। एक समय मानव के लिए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति सबसे अनुकूल थी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी को भी पूरक चिकित्सा मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा पद्धति का अपना महत्व है।

## आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** वीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान अगले दो महीने तक पार्टी के संगठनात्मक हर जिले और मंडल स्तर पर चलेगा। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने हर जिले में चार-चार नेताओं की एक कमेटी का गठन कर दिया है। इधर सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में राज्य स्तरीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल तथा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा शामिल होंगे(

## चाइनीज मांझे से नुकसान, बच्चों को वितरित करेंगे सादी डोर, पंतग और लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा संकल्प युवा संगठन द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर फ्लाईओवर के नीचे रहने वाले बच्चों के साथ 14 जनवरी पर मकर संक्रांति पर्व मनाया जाएगा। बच्चों को लड्डू और पतंग के साथ सादी डोर वितरित करेगें। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि संक्रांति पर बच्चों में पतंग उड़ाने का उत्साह रहता है। चाइनीज मांझे से वाहन चालकों एवं पक्षियों को भारी नुकसान हो रहा है। इसलिए बच्चों को चाइनीज मांझे के अलावा किसी भी प्रकार के मांझे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाएगा। उसकी जगह उन्हें सादी डोर दी जाएगी, जिससे बच्चों के हाथ भी नहीं कटेंगे। पतंगों को बच्चों के हिसाब से उनकी पसंद के कार्टून वाले स्टीकर लगाएं जा रहे हैं।

## शहर की हवा फिर हुई जहरीली, धूल धुएं से एक्यूआई 315 पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को हवा में प्रदूषण की मात्रा खतरनाक स्तर पर रही। शहर के तीन प्रमुख इलाकों में से दो इलाकों का एक्यूआई(एयर क्वालिटी इंडेक्स) वेरी पुअर और पुअर लेबल पर रहा, जबकि एक इलाके में मॉडरेट दर्ज हुआ है। शहर से सटे मंडीदीप का भी एक्यूआई वेरी पुअर श्रेणी में रहने से शहर और आसपास की हवा स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर नहीं रही। मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार भोपाल में एअर पॉल्यूशन का लेबल अभी लगातार बदल रहा है। धूल, धुएं के साथ हवाओं की गति कम होने पर भी पॉल्यूशन बढ़ जाता है।

## डॉ. सीवी मिश्रा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेडिसिन अपडेट कांफ्रेंस के अवसर पर एमडीएम हॉस्पिटल शुजालपुर के चेयरमैन कैप्टन डॉ. सीवी मिश्रा को पं प्रदीप मिश्रा कुबरेश्वरधाम सीहोर में सम्मानित किया। डॉ. मिश्रा 55 वर्षों ने जनमानस की स्वास्थ्य सेवा कर रहे हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि डॉ मिश्रा ने 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल रहे है। जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा पश्चिमी स्टार व संग्राम मेडल भी प्रदान किया जा चुका है। डॉ. मिश्रा गरीब,



अनाथ बच्चों की पढ़ाई, गरीब कन्याओं के विवाह, स्कूलों को आर्थिक मदद करते रहते हैं।




# राष्ट्र और जन सेवा के लिए युवाओं ने किया अपना जीवन समर्पित, जगाई प्रेरणा की अलख

युवा दिवस आज

## अयान अपनी कमाई का एक हिस्सा सोशल वर्क के लिए करते हैं उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के अयान खान को यदि सोशल वर्क का ऑलराउंडर कहा जाए तो गलत नहीं होगा। अयान पिछले कई सालों से जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की मदद करके मानवता का धर्म निभा रहे हैं। लावारिश शव का अंतिम संस्कार हो या फिर बेजुबान जानवरों का इलाज, अयान इनके लिए आगे बढ़कर मदद करते हैं। पेशे से कांट्रेक्टर अयान जानवरों के इलाज से लेकर गरीब-बेसहारा लोगों की मदद तक का खर्चा खुद ही उठाते हैं। वह अपनी कमाई का एक हिस्सा सोशल वर्क के लिए अलग से निकाल देते हैं फिर ज़रूरत के हिसाब से उन्हें खर्च करते हैं।



### यहां से हुई शुरूआत

अयान बताते हैं कि गरीब-भिखारियों को साफ़-सुथरा रखने की उनकी शुरुआत एक घटना से हुई। एक दिन गरीबों को कपड़े बांटते-बांटते उनकी नज़र एक ऐसे शख्स पर गई जो सबसे दूर अकेले बैठे थे। जब वे उनके पास गए तो समझ आया कि बाकी लोग उनसे दूर क्यों हैं। उनके पैर में घाव था, शरीर से बदबू आ रही थी। अयान ने उनसे पूछा कि आपके बाल काट दूं, तो वह झट से तैयार हो गए। अयान ने उनका सिर शेव किया, घाव पर दवा लगाई और साफ़ कपड़े दिए। बस तभी से ये सिलसिला आज तक चलता आ रहा है। अयान कहते हैं, बीमारियां गंदगी से जन्म लेती हैं, इसलिए मेरी कोशिश रहती है कि सड़क किनारे बैठने वाले भिखारी भी साफ़-सुथरे रहें।

### इंसानों के साथ-साथ अयान बेजुबानों के भी हीरो

*अयान अब तक अनगिनत जानवरों की जिंदगी बचा चुके हैं। जिसमें आवारा कुत्तों, गायों से लेकर सूअर तक शामिल हैं। अयान मुस्लिम समुदाय से आते हैं, जिसमें 'सूअर' जैसे पशुओं को नापाक माना जाता है। लिहाजा उनके लिए एक अलग राह पर चलना बिल्कुल भी आसान नहीं था। अयान ऐसी दर्जनों गायों को भी ठीक कर चुके हैं, जो इलाज के अभाव में शायद दम तोड़ देतीं। गायों का मुद्दा पिछले कुछ समय से काफी संवेदनशील बन गया है, तो क्या कभी डर नहीं लगा? इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'देखिये सच कहूँ तो डर लगता है, पर मैं डर के चलते किसी बेजुबान को तड़पते नहीं छोड़ सकता।'*

## स्वदेशी की अलख जगाने घर-परिवार छोड़ा, देहरादून से एमसीए के बाद राष्ट्रसेवा में जुटे वैभव

युवा नई सोच और ऊर्जा के साथ समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और देश को नई दिशा दे सकते हैं। आज के युवाओं की कहानी सिर्फ़ एक कहानी नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्रोत है जो दिखाती है कि कैसे वे स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करते हुए एक मजबूत और विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं। जिन्होने स्वदेशी और उद्यमिता की अलख जगाने के लिए घर-परिवार छोड़ा और राष्ट्रहित के कार्य में जुटे हैं। ऐसा ही एक नाम है वैभव पाण्डेय, जो मूलतः उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले है। उप्र से 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद बरेली से बीसीए किया और फिर एमसीए करने के लिए देहरादून चले गए। पढ़ाई के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े और संघ के विभिन्न शिविरों में हिस्सा लिया। देहरादून से एमसीए उत्तीर्ण करने के बाद पूरा समय समाज और राष्ट्र को देने का निर्णय लिया। दिल्ली में स्वदेशी जागरण मंच के केंद्रीय कार्यालय में दो वर्ष तक सेवाएं दी और फिर संगठन ने भोपाल महानगर विस्तारक की जिम्मेदारी दी। वैभव पाण्डेय का मानना है कि अगर देश को आगे बढ़ाना है तो हम सभी स्वेदशी अपनाना होगा और उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा। युवाओं को चाहिए कि वह इस दिशा आगे आए और अपने राष्ट्र के लिए स्वयं स्वेदशी अपनाने के साथ दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें।



### परिवार में अकेले बेटे

वैभव पाण्डेय बताते हैं कि परिवार में माता-पिता हैं और एक छोटी बहन है। परिवार में वह एक ही लड़के हैं। जब समाज सेवा में पूरा समय देने की बात परिवार को बताई तो परिवार ने भी पूरा सहयोग किया और देश सेवा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## युवाओं का स्वदेशी और उद्यमिता को लेकर जागरूक करने अभिनव द्विवेदी ने जीवन किया समर्पित

स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी भारत अभियान के भोपाल महानगर के प्रशिक्षक अभिनव द्विवेदी मूलतः मप्र के रीवा जिले के ग्राम सिरमोर के रहने वाले है। भोपाल में 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद बीटेक कंप्यूटर साइंस किया। जिसके बाद वर्तमान में एमटेक जारी है। इसके साथ ही समाज सेवा के कार्य से जुडे.हुए है। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े और इसके साथ ही स्वदेशी जागरूकता को लेकर कार्य शुरू किया। संगठन ने जिम्मेदारी सौंपी। जिसके बाद युवाओं के रोजगार और उद्यमिता के प्रचार-प्रसार का कार्य कर रहे हैं। अभिनव द्विवेदी का मानना है कि किसी भी देश के विकास में सबसे अहम भूमि युवाओं की होती है। ऐसे में युवाओं का स्वदेशी और उद्यमिता को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। युवाओं को चाहिए कि देश हित में कार्य करें और उन्हे स्व का बोध होगा।



स्वदेशी जागरूकता को लेकर कार्य शुरू किया

---

## खबर संक्षेप

### करोंद से सीआईएई तक रात 11 से सुबह 6 तक बंद रहेगा रास्ता

**भोपाल।** नबीबाग से करोंद चौराहे तक मेट्रो की ओरेंज लाइन के लिए 9 पियर्स पर गार्डर लाचिंग शुरू हो गई है। इस काम को देखते हुए करोंद से सीआईएई तक रात 11 बजे से सुबह 6 बजे रास्ता बंद किया गया है। कार, बाइक और अन्य हल्के वाहन करोंद चौराहा से लांबाखेड़ा बायपास की ओर जाते हुए अब मुख्य सड़क से नहीं गुजर सकेंगे। इन्हें भोपाल मेमोरियल अस्पताल के सामने से मित्तल कॉलेज रोड की ओर मोड़ा जाएगा। आगे यह रास्ता राजवंश कॉलोनी, गोकुल मार्केट, मित्तल मार्केट, सेंटजॉर्ज हाई सेकेंडरी स्कूल, ग्रीन स्काई विला, मित्तल कॉलेज तिराहा, से होते हुए आगे जाएंगे। यातायात पुलिस के अनुसार यह रूट हल्के वाहनों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए चुना गया है, ताकि भीड़भाड़ न्यूनतम रहे।

### स्लाटर, गो-शाला और पानी के मुद्दे पर शहर सरकार को घेरेगा विपक्ष

**भोपाल।** नगर निगम मुख्यालय में 13 जनवरी को होने वाली निगम परिषद की बैठक हंगामेदार होगी। सबसे अहम मुद्दा स्लाटर हाउस में गोमांस मिलने की पुष्टि और शहर में दूषित पानी सप्लाई होने का रहेगा। हाल ही में परवलिया क्षेत्र में गोवंश म्रत मिलेन का मुद्दा भी विपक्ष उठाएगा। विपक्ष के पार्षदों का कहना है कि बैठक में एजेंडे में शामिल बिंदुओं पर बाद में चर्चा होगी, पहले स्लाटर, पानी और गौ-शाला पर चर्चा होना चाहिए। कांग्रेस पार्षद इन मुद्दों को लेकर शहर सरकार को परिषद में घेरने की तैयारी में है। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का कहना है कि एमआईसी के माध्यम से गुपचुप निर्णय लिए जाते हैं। स्लाटर हाउस गुपचुप तरीके से शुरू कर दिया गया। शहर के लोगों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है। इसके बाद भी कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

---

### हर छह माह में सफाई का नियम, लेकिन सालों से नहीं हुई सफाई

## 500 से ज्यादा ओवरहैड टैंक, टंकियों में गंदगी, वाल्व पर जम रही गाद, न सफाई न मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारी समितियों के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी कि वे करवाएं सफाई | न फिटकरी, न क्लोरीन व अन्य सामग्री का उपयोग

राजधानी में 1566 से ज्यादा कॉलोनियां हैं और 500 से ज्यादा ओवरहैड टैंक, लेकिन सालों से इनकी सफाई समिति के कर्ताधर्ताओं ने नहीं करवाई है। जबकि हर छह माह में इनकी सफाई करवाने का नियम है। कई जगह तो टैंकों पर सफाई को लेकर कोई दिनांक तक दर्ज नहीं है। सबसे अधिक कॉलोनियां भेल क्षेत्र, कोलार, होशंगाबाद रोड, संत नगर, बैरसिया रोड, अयोध्या बायपास रोड पर हैं। जहां बीते पंद्रह सालों में नई कॉलोनियां विकसित हुईं और बडी संख्या में यहां रह रहे हैं, लेकिन जिन टैंकों से पानी की सप्लाई घरों में हो रही है उनकी सफाई की परवाह किसी को नहीं है।

निजी कॉलोनियों में पानी सप्लाई व अन्य सुविधाओं के संचालन और उपलब्धता का जिम्मा ग्रह निर्माण समिति का होता है। हरिभूमि ने भेल क्षेत्र की कुछ कॉलोनियों में रहवासियों ने इस संबंध में बात की तो उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि चार-पांच साल पहले टैंक की सफाई हुई थी उसके बाद से नहीं हुई।



### कॉलोनियों में दो तरह से होती है टैंक की सप्लाई

कई कॉलोनियों में बोरवेल से संप टैंक में पानी भरा जाता है। कई जगह ओवरहैड और संप टैंक दोनों हैं। जिनके माध्यम से कॉलोनी के घरों में पानी की सप्लाई होती है। पानी सप्लाई के लिए वाल्वमेन हैं जो समय पर वाल्व खोलते और बंद करते हैं।

### टंकियों के ये हाल, वाल्व गाद से घिरे, पानी भी मटमैला

भेल क्षेत्र की एक कॉलोनी की टैंक के वाल्व गंदगी से पटे हैं। अवधपुरी, सुरभि मोहनी व उसके आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों का कहना है कि टंकियों की सफाई होते तो लंबे समय से नहीं देखी। हालांकि पानी में क्लोरीन, फिटकरी आदि का उपयोग जरूर होता है।



वाल्व पर जमी गंदगी।

### इन क्षेत्रों में ओवरहैड टैंक

इंद्रपुरी-भवानीधाम रोड पर एक दर्जन कॉलोनियां, अयोध्या बायपास रोड, बैरसिया रोड, करोंद, भानपुर, एयरपोर्ट रोड, संत नगर, कोलार व उससे लगे क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्रों में बीते बीस सालों में नई कॉलोनियों का विकास हुआ और यहां ग्रह निर्माण सोसायटियों ने अपने ओवरहैड और संप टैंक बनाए, लेकिन समय पर इनकी सफाई का ध्यान नहीं रखा।

---

### नई मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने की मुहिम तेज

## सातों विधानसभा क्षेत्रों में नए मतदाताओं को जोड़ने लगे कैंप, फॉर्म-6 बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में रविवार को नए मतदाताओं को जोडने के लिए कैंप लगाए गए। इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। उनके पहचान पत्र देखे गए। साथ ही फॉर्म-6 वितरित किए गए, उनको भरकर देने के लिए कहा गया। अवकाश के दिन नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की भी सुनवाई हुई।

जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से नई मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने की मुहिम तेज कर दी है। रविवार को अवकाश के दिन कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकरी कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर भोपाल जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में आने वाले कॉलेजों में मतदाता पहचान पत्र कैंप लगाए गए। कैंपों में ऐसे स्टूडेंट्स ज्यादा नजर आए, जिनकी आयु 18 साल की हो चुकी है, जो अपना नाम नई मतदाता सूची से जुड़वाना चाहते हैं। भोपाल जिले की विधानसभा क्षेत्रों में कैंप लगाने में प्रशासन के अधिकारी व बीएलओ काम में जुटे रहे। सुबह 11 से शाम 5 बजे तक शासकीय माध्यमिक विद्यालय लांबाखेड़ा, गीतांजलि कॉलेज, सरोजनी नायडू कन्या महाविद्यालय,राजीव गांधी कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों में लगाए कैंपों में लोगों ने फॉर्म-6 लिए और बीएलओ के मोबाइल नंबर भी लोगों ने लिए ताकि वे उन्हें फॉर्म भरकर दे सकें। उप निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि नए नाम जुड़वाने, नाम हटाने और पता बदलने का काम 22 जनवरी तक चलना है।

### नो-मैपिंग वाले वोटर्स की सुनवाई हुई

एसआईआर के तहत रविवार को अवकाश के दिन तहसीलों, नजूलों व वार्ड कार्यालयों में 93 एईआरओ ने नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई भी की। कई मतदाताओं को दस्तावेजों के साथ दूसरी बार पेशी में बुलाया गया। बीएलओ के साथ बैठकर एईआरओ ने मतदाताओं के दावे-आपत्तियों की सुनवाई करते हुए दिखे। हर दिन 50-50 मतदाताओं की सुनवाई का लक्ष्य एईआरओ को मिला है। इसमें 25 से 26 मतदाता सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से जो दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, उनकी सूची में से एक दस्तावेज जमा कर रहे हैं। ऐसे मतदाता जो दस्तावेज जमा नहीं कर रहे हैं, उनको 22 तक दस्तावेज जमा करने होंगे। यदि इसके बाद दस्तावेज जमा नहीं होते हैं तो इन नाम नई मतदाता सूची से कट जाएंगे।

---

## राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के नाम पर साइबर ठगी से रहे सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षार्थियों के अभिभावकों से साइबर ठगों द्वारा ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इधर, मामला सामने आने के बाद राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 0755-2671066 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि जिन नामों से फोन कॉल किए जा रहे हैं, उस नाम का कोई भी व्यक्ति राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड में कार्यरत नहीं है। इस प्रकार से किसी को पास कराना पूर्णतः असंभव है। परीक्षार्थियों का परिणाम केवल उत्तर पुस्तिकाओं में लिखे गए उत्तरों के मूल्यांकन के आधार पर ही घोषित किया जाता है। राज्य ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा ऐसे साइबर ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील है कि वे इस प्रकार के किसी भी प्रलोभन में न आएं।

## भोपाल मेट्रोः ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम पर काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में अभी भले ही प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन शुरू हुआ हो और यात्री कम मिल रहे हों, लेकिन आगामी दो से तीन माह में स्टेशनों पर आटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम शुरू हो जाएगा। भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए आटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम लागू करने दिल्ली मेट्रो और मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ एमओयू दिसंबर-25 में किया गया था। इसके तहत दिल्ली मेट्रो ने इस सिस्टम को शुरू करने का काम शुरू कर दिया है। मेट्रो प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। इसके लागू होने से यात्रियों को क्यूआर कोड, स्मार्ट कार्ड से टिकट की सुविधा मिलेगी। इस सिस्टम के लागू होने से यात्रियों को स्मार्ट कार्ड और क्यूआर कोड से यात्रा करना आसान हो जाएगा। डीएमआरसी भोपाल और इंदौर मेट्रो के लिए यह एडवांस एएफसी सिस्टम स्थापित करेगा।

---

### जेपी अस्पताल में फंगस लगी दवा और माउथवॉश में कीड़े का मामला

## अब फार्मासिस्ट रोजाना अधीक्षक को देंगे दवाओं के स्टॉक की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि इंपेक्ट

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में मरीजों को दी गई फंगस लगी दवा और माउथवॉश में निकले कीड़े के बाद अधीक्षक डॉ. संजय जैन ने नया नियम बनाया है।

अब फार्मासिस्ट को रोजाना दवा स्टॉक की रिपोर्ट अधीक्षक को देना होगी। इसके साथ ही पोर्टल पर प्रतिदिन का डॉक्टर का पर्चा भी अपलोड करना होगा। बतादें कि एक सप्ताह में दौरान जेपी अस्पताल में दो दवाओं में खराबी संबंधी दो शिकायतों पर अस्पताल प्रबंधक में हड़कंप मचा हुआ है। अधीक्षक के निर्देश के बाद फार्मासिस्ट को प्रतिदिन सुबह दस बजे दवाओं के स्टॉक की जानकारी देनी होगी। डॉ संजय जैन ने बताया कि हर दिन आठ बजे दवा स्टोर से वितरण केंद्र दवाएं पहुंचती हैं। इसके स्टॉक के प्रतिदिन की रिपोर्ट ली जाएगी।



### अब दवाएं आसानी से नहीं बदलेंगी

*जेपी अस्पताल में अभी तक जो दवाएं डाक्टर लिखते थे। वितरण केंद्र पर कई रोगी डाक्टर की लिखी दवा में भी बदलाव करवा लेते थे। अब ऐसा नहीं होगा। जो दवा डाक्टर ने पर्ची पर लिखी है, वहीं मरीज को मिलेगी। अगर मरीज इसमें परिवर्तन करवाना चाह रहा है तो उसे डाक्टर से लिखवाना पड़ेगा। उसके अनुसार दूसरी मेडीसिन मिलेगी। यदि मरीज ने ऐसा नहीं किया तो उसकी दवा में परिवर्तन नहीं किया जाएगा।*

### दवा स्टोर में सालों से जमे कर्मचारी हटेंगे

जेपी अस्पताल के दवा स्टोर में सालों से जमे कर्मचारियों को हटाने की तैयारी हो रही है। यहां पर कितने फार्मासिस्ट, लिपिक और कितने अन्य कर्मचारी है। इसका डाटा तैयार किया जा रहा है। जिनका तीन साल का कार्यकाल हो गया है। उन्हें दूसरी जगह भेजा जाएगा।

### हर दिन की लेंगे रिपोर्ट

दवा वितरण केंद्र में नया नियम बनाया गया है। हर दिन के स्टॉक की रिपोर्ट ली जाएगी। डाक्टर लिखेगा या कोई भी दवा बदलेगी तो भी उसकी रिपोर्ट ली जाएगी।

**डॉ. संजय जैन, अधीक्षक, जेपी अस्पताल**





## खबर संक्षेप

### ठंड, शादी-विवाह की मांग से तेल की कीमतें सुधरी



**नई दिल्ली।** ठंड के मौसम की मांग के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। दाम में मजबूती के बावजूद सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास , मूंगफली जैसे तिलहन के दाम अभी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे ही बने हुए हैं।

### सेबी कारोबार से जुड़े ढांचे को करेगी सरल



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजारों में कारोबार से संबंधित ढांचे में बड़े बदलाव का प्रस्ताव किया। इसका मकसद नियमों को सरल बनाना, दोहराव को हटाना और बाजार सहभागियों के लिए अनुपालन के बोझ को कम करना है। जिंस वायदा-विकल्प बाजारों में कारोबारी सुगमता बढ़ाने की सेबी की व्यापक पहल का हिस्सा हैं।

### तेजस नेटवर्क्स को 196 करोड़ रुपए का घाटा

TEJAS NETWORKS

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरण बनाने वाली घरेलू कंपनी तेजस नेटवर्क्स को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 196.55 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। इसकी मुख्य वजह सरकारी कंपनी बीएसएनएल से खरीद ऑर्डर का टालना और कम बिक्री होना है। कंपनी ने एक साल पहले 165.67 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

### आईटीसी होटल को द्वारका के यशोभूमि में मिला पट्टा



**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल लिमिटेड को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जिबिशन सेंटर लिमिटेड को द्वारका के यशोभूमि में एक पांच सितारा होटल विकसित करने के लिए पट्टे पर भूमि आवंटित की गई है। आधुनिक भोज सुविधाओं और विशिष्ट व्यंजनों की पेशकश के साथ एक प्रीमियम पांच सितारा होटल के विकास और संचालन के लिए है।

### फ्यूचरक्योर हेल्थ ने जुटाए 104 करोड़ रुपए की राशि

FutureCure Health

**नई दिल्ली।** फ्यूचरक्योर हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड ने कार्नेलियन एसेट मैनेजमेंट एलएलपी के नेतृत्व में 104 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। इसमें अन्य प्रमुख निवेशकों ने भी भाग लिया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस राशि से बीमारियों के निदान और उपचार तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### सीबीआईसी ने फर्जी जीएसटी नोटिस पर किया आगाह

GOVERNMENT OF INDIA

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कंपनियों को भेजे जा रहे फर्जी जीएसटी नोटिसों के प्रति आगाह किया और करदाताओं से ऐसे धोखाधड़ी के मामलों के बारे में तुरंत सूचना देने को कहा है। सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक उपयोगकर्ता की शिकायत का जवाब देते हुए सीबीआईसी ने यह स्पष्टीकरण दिया। उस उपयोगकर्ता ने एक कथित जीएसटी अधिकारी की कॉल आने की शिकायत की थी। जीएसटी दस्तावेजों की नकल करते हुए फर्जी समन भेज रहे हैं।

# एसबीआई ग्राहकों को एटीएम से कैश निकालना पड़ेगा महंगा, देना होगा चार्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने एटीएम ट्रांजेक्शन चार्जेस में बदलाव किया है। यह बदलाव इंटरचेंज फीस बढ़ने की वजह से किया गया है। यह फरवरी 1, 2025 के बाद पहला रिवीजन है। इससे सेविंग्स अकाउंट और सैलरी अकाउंट होल्डर्स पर असर पड़ेगा जो दूसरे बैंक के एटीएम इस्तेमाल करते हैं। लेकिन एसबीआई के अपने एटीएम पर डेबिट कार्ड यूजर्स और बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट वाले ग्राहकों पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

1 दिसंबर 2025 से ये बदलाव लागू हो गए हैं। सबसे पहले साधारण सेविंग्स अकाउंट (पर्सनल सेगमेंट, बीएसबीडी, केसीसी और सैलरी पैकेज को छोड़कर) की बात करें तो दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन मिलते हैं, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। फ्री लिमिट के बाद कैश विड्रॉल पर अब 23 रुपये + जीएसटी लगेंगे, पहले यह 21 रुपए + जीएसटी था। नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन (जैसे बैलेंस चेक, मिनी स्टेटमेंट) पर फ्री लिमिट के बाद 11 रुपए + जीएसटी लगेंगे, पहले 10 रुपए + जीएसटी था।

## फ्री लिमिट के बाद कैश विड्राल पर लगेंगे 23 रुपए प्लस जीएसटी

### सेविंग्स अकाउंट के एटीएम चार्ज

अब सैलरी पैकेज सेविंग्स अकाउंट की बात तो पहले इनमें दूसरे बैंक के एटीएम पर अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन (फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल दोनों) मिलते थे, लेकिन अब यह बदलकर 10 फ्री ट्रांजेक्शन प्रति महीना कर दिए गए हैं, सभी सेंटर्स पर। फ्री लिमिट के बाद कैश विड्रॉल पर 23 रुपए + जीएसटी लगेंगे, जबकि पहले यह जीरो था। नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर भी 11 रुपए + जीएसटी लगेंगे।

- इसमें सेविंग्स अकाउंट और सैलरी अकाउंट होल्डर्स ही प्रभावित होंगे



*बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट के लिए एटीएम चार्ज : बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट होल्डर्स के लिए मौजूदा सर्विस चार्जेस में कोई बदलाव नहीं है। एसबीआई डेबिट कार्ड होल्डर्स अगर एसबीआई के अपने एटीएम या एडीडब्ल्यूएम इस्तेमाल करते हैं तो उनके ट्रांजेक्शन सर्विस चार्जेस में भी कोई बदलाव नहीं आया है। कार्डलेस कैश विड्रॉल (जैसे योनो कैश) एसबीआई एटीएम पर अनलिमिटेड फ्री रहेंगे, जब तक आगे कोई नोटिस न आए।*

### इंटरचेंज फीस बढ़ने से बढ़ा चार्ज

यह बदलाव इसलिए आया क्योंकि इंटरचेंज फीस बढ़ गई है, जिससे बैंक ने एटीएम और एडीडब्लयूएम ट्रांजेक्शन के सर्विस चार्जेस की समीक्षा की। बैंक ने कहा है कि यह बदलाव ग्राहकों को दूसरे बैंक के एटीएम ज्यादा इस्तेमाल करने पर थोड़ा महंगा पड़ सकता है, लेकिन एसबीआई एटीएम पर सब कुछ पहले जैसा है। कई ग्राहक जो सैलरी अकाउंट रखते हैं और पहले अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन का फायदा लेते थे, अब उन्हें ज्यादा सावधानी बरतनी होगी। अगर आप महीने में 10 से ज्यादा बार दूसरे बैंक के एटीएम यूज करते हैं तो एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा।

### एप से ट्रांजेक्शन की सलाह

यह खबर उन लोगों के लिए अहम है जो एसबीआई में अकाउंट रखते हैं और एटीएम से पैसे निकालते हैं। बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल तरीके जैसे यूपीआई, योनो ऐप या ब्रांच से ट्रांजेक्शन करने की सलाह दी है ताकि एक्स्ट्रा चार्ज से बचा जा सके। यह छोटा लेकिन जरूरी बदलाव है जो बैंक की लागत बढ़ने के कारण आया है।

## भारत में सबसे ज्यादा यूजर, अपना अकाउंट ऐसे बचाएं

# इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ यूजर्स का डेटा हो गया लीक, फोन नंबर-ईमेल डार्क वेब पर बिक रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के 1.75 करोड़ से ज्यादा यूजर्स का पर्सनल डेटा लीक हो गया है। ये जानकारी साइबर क्रिमिनल्स के हाथ लग गई है। एंटीवायरस सॉफ्टवेयर फर्म मालवेयरबाइट्स की रिपोर्ट के मुताबिक लीक डेटा में यूजरनेम, घर का पता, फोन नंबर, ईमेल एड्रेस जैसी चीजें शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि ये डेटा डार्क वेब पर बिक रहा है और इससे फिशिंग या अकाउंट हैकिंग जैसे खतरे बढ़ सकते हैं।

### 2024 में हुई सुरक्षा चूक से डेटा लीक

मालवेयरबाइट्स ने अपने कस्टमर्स को ईमेल में बताया कि ये लीक उनकी रूटीन डार्क वेब स्कैन में पकड़ा गया। ये 2024 में इंस्टाग्राम के API (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस, जो ऐप्स को एक-दूसरे से कनेक्ट करता है) से जुड़ा है। कंपनी ने कहा कि इस डेटा से साइबर क्रिमिनल्स यूजर्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मालवेयरबाइट्स के मुताबिक, डेटा लीक के बाद हैकर्स ईमेल का इस्तेमाल करके यूजर्स के अकाउंट में लॉगिन करने की कोशिश कर रहे हैं। मालवेयरबाइट्स के मुताबिक, डेटा लीक के बाद हैकर्स ईमेल का इस्तेमाल करके यूजर्स के अकाउंट में लॉगिन करने की कोशिश कर रहे हैं।




### मेटा ने डेटा ब्रीच के आरोपों को नकारा

मेटा के प्रवक्ता ने डेटा ब्रीच की बात को नकारा है। उन्होंने कहा हमने एक समस्या को ठीक कर लिया है जिसकी वजह से कोई बाहरी पार्टी कुछ इंस्टाग्राम यूजर्स के लिए पासवर्ड रीसेट ईमेल भेजने का अनुरोध कर पा रही थी। हमारे सिस्टम में कोई डेटा ब्रीच नहीं हुआ है और लोगों के इंस्टाग्राम अकाउंट्स सुरक्षित हैं।

### भारत सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकता है

स्टेटिस्टा के मुताबिक भारत में इंस्टाग्राम के अक्टूबर 2025 तक सबसे ज्यादा यूजर्स 48 करोड़ यूजर्स हैं। यहां फेसबुक और वॉट्सऐप के भी 50 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं, जो मेटा का सबसे बड़ा बाजार है। लीक डेटा में भारत के यूजर्स की जानकारी भी हो सकती है, जिससे भारतीय यूजर्स के लिए खतरा बढ़ सकता है।

### हैकर्स कैसे कर सकते हैं इस डेटा का इस्तेमाल?

यह लीक सिर्फ इंस्टाग्राम तक सीमित नहीं रहेगा। एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि लीक हुए क्रेडेंशियल्स (लॉगिन डीटेल्स) का इस्तेमाल करके हैकर्सः

- फिशिंग : आपको फर्जी ईमेल या मैसेज भेजकर फंसा सकते हैं।
- अकाउंट टेकओवरः आपका अकाउंट हाईजैक कर सकते हैं।
- क्रेडेंशियल स्टफिंगः अगर आप बाकी जगह (जैसे फेसबुक, नेटफ्लिक्स या बैंक) भी वही पासवर्ड इस्तेमाल करते हैं, तो हैकर्स वहां भी सेंध लगा सकते हैं।

# आरबीआई एनपीए और निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करने के पक्ष में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल बैंक, यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) से संपर्क कर डिफॉल्टरों और एनपीए की सूची, जुर्माने और निरीक्षण रिपोर्ट जैसी सूचनाओं को सार्वजनिक करने पर आपत्ति जताई है। दूसरी ओर आरबीआई ने कहा कि आरटीआई अधिनियम के तहत इन अभिलेखों का खुलासा किया जा सकता है।

- एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया विरोध
- आरबीआई ने आरटीआई अधिनियम के तहत किया खुलासा

आरटीआई आवेदनकर्ताओं धीरज मिश्रा, वथिराज, गिरीश मित्तल और राधा रामन तिवारी ने आरबीआई में अलग-अलग आवेदन देकर इस बारे में जानकारी मांगी थी। यस बैंक के शीर्ष 100 एनपीए और जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों, एसबीआई और आरबीएल की निरीक्षण रिपोर्ट और बैंक ऑफ बड़ौदा पर वैधानिक निरीक्षण के बाद लगे 4.34 करोड़ रुपये के मौद्रिक जुर्माने से संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य जानकारियां मांगी थीं।



### बैंक ऑफ बड़ौदा ने दी चुनौती


बैंक ऑफ बड़ौदा ने आरबीआई के उस निर्णय को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें बैंक पर 4.34 करोड़ रुपये जुर्माने से जुड़े दस्तावेजों के खुलासे की अनुमति दी गई थी। आरबीएल बैंक, यस बैंक और एसबीआई ने भी इसी तरह के मामले में जानकारी देने पर आपत्ति जताई।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी दी मंजूरी

आरबीआई ने साफ किया है कि आरटीआई अधिनियम, 2005 सभी पुराने कानूनों से ऊपर है और इसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। आरबीआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने डिफॉल्टरों की सूची और निरीक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मंजूरी दी है।

# फोनपे पेमेंट गेटवे ने 'बोल्ट' किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- वीजा और मास्टरकार्ड से भुगतान होगा और भी सुरक्षित

फोनपे पेमेंट गेटवे ने वीजा और मास्टरकार्ड के क्रेडिट और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' पेश किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह समाधान 'डिवाइस टोकनाइजेशन' का इस्तेमाल करता है, जिससे फोनपे मंच के उपयोगकर्ताओं और व्यवसाय साझेदारों को ऐप के भीतर ही सुरक्षित और कुशल भुगतान अनुभव मिलेगा। फोनपे के व्यापारिक सेवाओं के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) युवराज सिंह शेखावत ने कहा कि वीजा और मास्टरकार्ड के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' की शुरुआत करोड़ों भारतीयों के लिए डिजिटल भुगतान को सरल बनाने की कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी ऐप पर कार्ड से भुगतान करने के लिए अक्सर कार्ड नंबर, वैधता तिथि और सीवीवी डालना पड़ता है।

'बोल्ट' इस प्रक्रिया को खत्म कर देता है और बार-बार कार्ड का ब्योरा नहीं भरना पड़ता। फोनपे कार्ड के असली नंबर की जगह एक सुरक्षित कोड (टोकन) बना देता है। असली कार्ड नंबर व्यापारी के पास नहीं जाता और केवल एक सुरक्षित 'टोकन' जाता है। इससे डेटा चोरी का खतरा कम हो जाता है।

## इरेडा का लाभ 37 फीसदी बढ़कर 585 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 37 प्रतिशत बढ़कर 585 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से कंपनी की आय बढ़ने से लाभ बढ़ा है।नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसे 425 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी का परिचालन राजस्व 38 प्रतिशत बढ़कर 2,140 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,699 करोड़ रुपये था। इरेडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने कहा, इस तिमाही में इरेडा का मजबूत वित्तीय प्रदर्शन भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को तेज करने के हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बजट में 'अत्यधिक-धनी' लोगों पर आयकर सरचार्ज न बढ़ाए सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कर विशेषज्ञों का 2026-27 बजट के लिए मानना
- संपत्ति कर को फिर से शुरू करने से बचना चाहिए


कर विशेषज्ञों के अनुसार सरकार को आगामी 2026-27 के बजट में अत्यधिक-धनी लोगों पर आयकर सरचार्ज बढ़ाने और संपत्ति कर को फिर से शुरू करने से बचना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा कदम उच्च आय वर्ग के लोगों को कम कर वाले देशों में बसने के लिए प्रेरित कर सकता है। इस समय 50 लाख रुपये से अधिक की आय वाले व्यक्तियों पर आयकर सरचार्ज लागू है। उन पर 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत, एक करोड़ से दो करोड़ रुपये पर 15 प्रतिशत और दो करोड़ से पांच करोड़ रुपये पर 25 प्रतिशत सरचार्ज लगाया जाता है। पांच करोड़ रुपये से अधिक कमाने वाले और नई आयकर व्यवस्था चुनने वाले लोग 25 प्रतिशत सरचार्ज देते हैं, जबकि पुरानी कर व्यवस्था के तहत आने वाले लोग 37 प्रतिशत की दर से सरचार्ज देते हैं। स्वतंत्र अर्थशास्त्रियों के अनुमान के अनुसार जीएसटी दर में कटौती और कम आयकर संग्रह से चालू वित्त वर्ष में खजाने को लगभग दो लाख करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है।

### देश छोड़कर जाने का जोखिम बढ़ जाता है

ईवाई इंडिया की टैक्स पार्टनर सुरभि मारवाह ने भी जोर देकर कहा कि यदि सरचार्ज अधिक होता है या संपत्ति कर फिर से लागू किया जाता है, तो उच्च संपत्ति वाले व्यक्तियों (एचएनआई) के देश छोड़कर कम टैक्स वाले देशों में जाने का जोखिम हो सकता है।

# स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड बन रहे भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- स्पेन एक उच्च विकास वाला यूरोपीय बाजार बनकर उभरा

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड 27 देशों के यूरोपीय संघ ब्लॉक के भीतर भारतीय वस्तुओं के लिए स्थिर और प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं।

आंकड़ों बताते हैं कि भारतीय निर्यात के लिए स्पेन एक उच्च विकास वाला यूरोपीय बाजार बनकर उभरा है।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान स्पेन को निर्यात में 56 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में तीन अरब डॉलर से बढ़कर 4.7 अरब डॉलर हो गया। भारत के कुल निर्यात में स्पेन की हिस्सेदारी बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें 0.5 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसी प्रकार, चालू वित्त वर्ष के आठ महीनों के दौरान जर्मनी को भारत का निर्यात 9.3 प्रतिशत बढ़कर 6.8 अरब डॉलर से 7.5 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने कहा, /"भारत के कुल निर्यात में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी और 0.2 प्रतिशत अंकों की हिस्सेदारी वृद्धि के साथ, जर्मनी भारतीय उत्पादों के लिए स्थिर मांग प्रदान करना जारी रखता है।/"

अप्रैल-नवंबर 2025-26 के दौरान बेल्जियम को देश से होने वाला निर्यात 4.2 अरब डॉलर से बढ़कर 4.4 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान भारत का पोलैंड को निर्यात 7.6 प्रतिशत बढ़कर 1.82 अरब डॉलर हो गया, जबकि अप्रैल-नवंबर 2024 में यह 1.69 अरब डॉलर था।

### भारत का निर्यात संतुलित है

अधिकारी ने कहा कि कुल मिलाकर ये रुझान भारत की यूरोप के लिए निर्यात रणनीति को दर्शाते हैं। स्पेन में तेजी से बढ़ती मांग, जर्मनी में स्थिर विकास और बेल्जियम में स्थिरता यह दिखाती है कि भारत का निर्यात संतुलित है, जिसमें पुराने बाजारों में मजबूती और नए बाजारों में विविधीकरण दोनों शामिल हैं।

# तिमाही नतीजों, महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

- विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर पैनी नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह बाजार की चाल टीसीएस और इंफोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, महंगाई के आंकड़ों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर भी बाजार की पैनी नजर रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह पर्याप्त आर्थिक गतिविधियों के साथ कंपनियों के तिमाही नतीजों का दौर शुरू होगा। निवेशक भारत की खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों पर करीब से नजर रखेंगे। साथ ही आईटी, बैंकिंग, वित्त और ऊर्जा क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम भी केंद्र में रहेंगे।'' मिश्रा ने बताया कि वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर नजर रखेगा, जिसमें ट्रंप के शुल्क की वैधता तय होनी है। यह फैसला बाजार की धारणा के लिए एक बड़ा कारक बन सकता है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इस सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रहेगी।



## सेबी की तरफ से आया नया अपडेट

# जनवरी में एनएसई आईपीओ को मिल जाएगी हरी झंडी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज के आईपीओ का रास्ता जल्द ही साफ हो सकता है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की तरफ से एक ऐसा अपडेट आया है, जो निवेशकों की उम्मीदों को नई उड़ान दे रहा है।

- सन 2016 से लटका है आईपीओ का मामला

चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने मीडिया से बातचीत में एक अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आईपीओ के लिए सबसे जरूरी 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) जारी करने की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सेबी चेयरमैन के मुताबिक, यह मंजूरी इसी महीने यानी जनवरी के भीतर मिल सकती है। उनके इस बयान ने बाजार में यह भरोसा मजबूत कर दिया है कि नियामक संस्था अब इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाने के मूड में है। एनओसी मिलना किसी भी एक्सचेंज के आईपीओ के लिए पहली और सबसे बड़ी बाधा पार करने जैसा होता है।

### 2016 से क्यों अटका है मामला?

एनएसई ने अपना पहला आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) साल 2016 में ही दाखिल कर दिया था। लेकिन, यह प्रक्रिया पिछले एक दशक से अटकी हुई है। इसके पीछे मुख्य वजह को-लोकेशन घोटाला और डार्क फाइबर एक्सेस जैसे गंभीर मामले रहे हैं, जिन्होंने एक्सचेंज की छवि और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। इन कानूनी और नियामकीय अड़चनों के कारण आईपीओ लगातार टलता गया।




### बाकी कंपनियों से अलग है एनएसई

एनएसई का स्ट्रक्चर इसे बाकी कंपनियों से अलग बनाता है। यह पूरी तरह से एक इंस्टीट्यूशनल ओनरशिप वाला एक्सचेंज है, जिसमें कोई भी 'प्रमोटर' नहीं है। इसके बावजूद, कंपनी के पास पहले से ही 1.72 लाख से ज्यादा शेयरहोल्डर्स का एक मजबूत बेस मौजूद है। सेबी और एनएसई के बीच पिछले कुछ समय से गवर्नेंस, टेक्नोलॉजी और लंबित मुकदमों को लेकर लगातार बातचीत चल रही है। अप्रैल 2025 में भी सेबी चेयरमैन ने संकेत दिए थे कि एक स्पष्ट रोडमैप तैयार किया जा रहा है। अब जब एनओसी अंतिम चरण में है, तो यह माना जा सकता है कि पुराने विवादों का समाधान निकल चुका है।

### एनओसी मिलने के बाद कितना लगेगा वक्त?

अब सवाल यह उठता है कि अगर इस महीने एनओसी मिल भी जाती है, तो आईपीओ बाजार में कब आएगा? इसे लेकर भी स्थिति काफी हद तक साफ है। इससे पहले सितंबर 2025 में एनएसई के सीईओ आशीष चौहान ने एक इंटरव्यू में स्पष्ट किया था कि एनओसी मिलने के तुरंत बाद आईपीओ नहीं आएगा, बल्कि इसमें थोड़ा वक्त लगेगा।

चिंतन

# अमेरिका का दूसरों के मामलों में दखल क्यों

जब आकांक्षाएं बदलती हैं तो इसका असर कहीं न कहीं दिखाई देता ही है। ऐसा ही काम अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते नजर आते हैं। हाल ही में टैरिफ से दुनिया में हलचल मचाने वाले ट्रंप युक्रेन, वेनेजुएला के बाद अब ईरान में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका की शुरू से ही दूसरों के मामलों में टांग अड़ाने की आदत रही है। आखिर अमेरिका जैसे देश का दूसरे देशों के मामले में हस्तक्षेप कहां तक उचित है। वह भी तब, जब दुनिया में बदलाव की बयार चल रही हो। अब मामला ईरान का है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान का कहना है कि अमेरिका और इज़राइल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। बता दें कि ईरान में धार्मिक सत्ता को चुनौती देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों को दो सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 190 लोगों की जान जा चुकी है। ईरान के संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के अनुसार इस्लामी गणराज्य पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना और इज़राइल उसके वैध लक्ष्य होंगे। ईरान का कहना है कि अमेरिका न सिर्फ अशांति एवं असुरक्षा का वातावरण बना रहा है, अपितु आतंकवाद और हिंसा भी भड़का रहा है। साथ ही, उसने यह भी आरोप लगाया कि ईरान में आर्थिक समस्याओं की बड़ी वजह अमेरिका द्वारा लगाए गए अवैध एवं अन्यायपूर्ण प्रतिबंध हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि वह ईरान में मानवाधिकारों की रक्षा और परमाणु समझौते के पालन को सुनिश्चित करना चाहता है। ईरान का मानना है कि वह उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है और अशांति फैला रहा है। अमेरिका एक वैश्विक शक्ति है और वह अपने हितों को बचाने के लिए दूसरों के मामलों में दखल देता है। बता दें कि ईरान में अमेरिका के दखल का इतिहास 1953 से शुरू होता है, जब अमेरिका ने ईरान के प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेघ की सरकार का तख्तापलट करवा दिया था। इसके बाद ईरान में शाह वंश का शासन स्थापित हुआ, जो अमेरिका के इशारों पर काम करता था। 1978 के बाद से अमेरिका की दुश्मनी ईरान के साथ ज्यादा बढ़ गई। ईरान को कंट्रोल करने के लिए 1979 के बाद से अमेरिका ने कई कवायद की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। आखिरी बार जून 2025 में जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया था, तो उस वक्त ईरान ने होर्मुज के नीचे बारूद बिछवा दिया। इसकी वजह से आनन-फानन में अमेरिका को सीजफायर करना पड़ा। अब ट्रंप नए सिरे से ईरान पर कंट्रोल हासिल करने की प्लानिंग में हैं। कहा यह भी जा रहा है कि ईरान की इकोनॉमी मुख्य रूप से ऑयल और नैचुरल गैस पर निर्भर है। ईरान के पास 208209 अरब बैरल तेल अभी भी है। ये दुनिया के कुल प्रमाणित तेल भंडार का 12% हिस्सा है। ईरान को सऊदी अरब और इजराइल का विरोधी माना जाता है। ये दोनों ही देश अमेरिका के करीबी हैं। अमेरिका की नजर ईरान के ऑयल और गैस रिजर्व पर है। अगर अमेरिका, ईरान पर कंट्रोल कर लेता है, तो दुनिया के व्यापार का 20% उसके कब्जे में आ जाएगा। अमेरिका की खास दिलचस्पी होर्मुज स्ट्रेट और फारस की खाड़ी को लेकर भी बताई जा रही है।

# स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

स्वामी विवेकानंद कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया। वे स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य उनके द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। भगवान शिव की कृपा स्वरूप वह प्रसिद्ध अधिवक्ता पिता विश्वास नाथ दत्त एवं माता भुवनेश्वरी देवी के परिवार में जन्मे थे। बचपन में उनको नरेन्द्रनाथ दत्त नाम मिला था। बाल्यकाल में उनको विले एवं नरेन के नाम से भी पुकारा जाता था। स्वामी रामकृष्ण परमहंस से दीक्षा लेने की बाद प्रारंभ में वह विविदिषानन्द तत्पश्चात वह विश्व भर में स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। वह कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। युवा पीढ़ी में भारतीय स्वाभिमान को बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके आह्वान के कारण अंग्रेजी दासता से मुक्ति के लिए अनेक युवकों ने अपना संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता के लिए दांव पर लगाया। स्वामी विवेकानंद 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

क्रिस्टोफर कोलंबस के अमेरिका पहुंचने के 400 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिकागो (अमेरिका) में विश्व धर्म सभा का आयोजन किया गया था। इसका उद्देश्य विगत 400 वर्षों में हुई भौतिक प्रगति को दिखाना एवं ईसाई धर्म का वैश्विक विस्तार एवं उसकी श्रेष्ठता को सिद्ध करना था। मिशिगन झील के चारों तरफ़ एक भव्य एवं विशाल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। 494 किलोमीटर लम्बी झील पर लगी इस प्रदर्शनी को लाखों लोगों द्वारा देखा गया। इस आयोजन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम धर्मसभा के अंतर्गत हुए स्वामी विवेकानंद के संक्षिप्त भाषण से भारत के धर्म, विचार एवं दर्शन के साथ-साथ भारतवासियों द्वारा संपूर्ण विश्व के प्रति किए गए व्यवहार का दर्शन संपूर्ण विश्व को हुआ। उनके सारगर्भित भाषण से हिंदू धर्म संपूर्ण विश्व में पुनः स्थापित हुआ। साथ ही स्वामी विवेकानंद भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गए। अपने भाषण में उन्होंने हिंदू धर्म में वर्णित संपूर्ण विश्व को परिवार मानने की हमारी दृष्टि, सहिष्णुता ही नहीं सभी सत्य है एवं इस सत्य की यात्रा अपने-अपने मार्ग से करते हुए एक ही स्थान पर पहुंचते हैं तथा हिन्दू धर्म को सभी को स्वीकार कर शरण देने वाला हमारा व्यवहार यह उनके भाषण का सार था। इसको शिव महिमा स्तोत्र एवं गीता के मंत्र को गायन कर उन्होंने प्रतिस्थापित किया, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। संपूर्ण पृथ्वी के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए व्यवस्थाओं का अतिक्रमण, अनेक देशों में परस्पर चलने वाले युद्धों से कराहती मानवता, अपने धर्म के विस्तार के लिए दूसरे धर्म अनुयायियों की समाप्ति के प्रयास, आज भी संपूर्ण मानवता के सम्मुख चुनौती हैं। इसी की चेतावनी जिसको स्वामी जी ने अपने भाषण में वर्णित किया था कि सांप्रदायिकता, हठधर्मिता, धर्मांधता पृथ्वी को हिंसा से भरती रही है। उन्होंने आह्वान किया था कि सभा के सम्मान में हुआ उत्पीड़न एवं पारस्परिक कटुता का मृत्यु निनाद सिद्ध होगा। यह लक्ष्य प्राप्ति अभी भी कोसों दूर है। हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए उन्होंने समाज का आह्वान किया था।

अस्पृश्यता पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा था कि "हिंदू धर्म का एक ही सिद्धांत रह गया है, मुझे मत छुओ-



मुझे मत छुओ। इस मत छुओवाद के कारण समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है। यह ईश्वर की व्यवस्था एवं मानवता के प्रति घोर अन्याय है।" अनेक महापुरुषों एवं संस्थाओं के प्रयासों के बाद भी यह कार्य अभी अपूर्ण है। समरस समाज निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें अभी भी सतत प्रयत्न करने हैं। आज जब संपूर्ण देश में मतांतरण, लवजेहाद, लैंड जेहाद, घुसपैठ जैसे माध्यमों से देश की जनसांख्यिकी परिवर्तन का प्रयास हो रहा है। ऐसे समय स्वामी विवेकानंद का यह विचार कि "जब एक हिंदू अपना धर्म छोड़ता है, तब केवल एक हिंदू कम नहीं होता, बल्कि देश का एक शत्रु बढ़ जाता है।" अमेरिका में ईसाई मिशनरियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा था कि"समाज की गरीबी एवं लाचारी का लाभ उठाकर प्रलोभन अथवा सेवा का माध्यम बनाकर धर्मांतरण करना यह सेवा नहीं व्यापार है।"

लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को उन्होंने नकारात्मक शिक्षा पद्धति कहा, जो आने वाली पीढ़ी के मन में अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास, भाषा एवं महापुरुषों के प्रति ग्लानि का निर्माण करती है। उनका कहना था कि "वह शिक्षा जो तुम्हें आत्मनिर्भर न बनाये, वह शिक्षा नहीं है।" स्वामी विवेकानंद केवल धर्म प्रचारक ही नहीं, वह भारत के आर्थिक विकास के प्रति भी सजग थे। हमारे युवा आर्थिक विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी का उपयोग करने वाले बनें, यह आह्वान भी उन्होंने किया था। प्रसिद्ध उद्योगपति जमशेद जी टाटा से यात्रा के समय हुए संवाद में भारत की आर्थिक प्रगति में उनके योगदान के संबंध में चर्चा की थी। जमशेद जी टाटा द्वारा भारतीय विज्ञान संस्थान एवं टाटा स्टील जैसे उद्योगों की स्थापना के पीछे स्वामी जी की ही प्रेरणा थी। इस भेंट में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि "केवल विदेश से तकनीकी आयात करना भारत की गरीबी नहीं मिटाएगा, हमें अपनी तकनीकी स्वयं विकसित करनी होगी।" भारत विश्व की सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा था कि "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति से पहले मत रुको"(उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत)। उनका कहना था कि "मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है। इन्हीं में से राष्ट्र निर्माण के कार्यकर्ता निकलेंगे।" उन्होंने स्वस्थ एवं फौलादी शरीर वाले, संवेदनशील हृदय वाले, सेवाभावी युवाओं की कल्पना की थी। मानसिक गुलामी से मुक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा था कि "भारत की कमजोरी आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी है।" उनका प्रसिद्ध वाक्य "हम पाप के कारण से नहीं जन्मे, हम अमरत्व की संतान हैं (वयम् अमृतस्य पुत्राः)"। स्वदेशी एवं स्वाभिमान के भाव को प्रकट करते हुए उन्होंने मंत्र दिया था कि "गर्व से कहो, मैं भारतीय हूँ, प्रत्येक भारतीय मेरा भाई है, कहो भारत की मिट्टी मेरा सर्वोच्च स्वर्ग है।" पश्चिम प्रवास के समय भारत में स्त्री-पुरुष समानता पर प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा था कि भारत में स्त्री सदैव श्रेष्ठ है क्योंकि वह माँ है।

उन्होंने कहा कि भारत की स्त्रियों को पश्चिमी फैशन की नहीं, बल्कि सीता एवं सावित्री के चारित्रिक बल की आवश्यकता है। उनका यह संदेश कि "किसी के पीछे मत चलो, स्वयं का मार्ग बनाओ। पाश्चात्य देशों की नकल करना सभ्यता नहीं, बल्कि अपनी बौद्धिक मृत्यु को निमंत्रण देना है।" स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। अपने जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य स्वामी विवेकानंद के द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं , ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

संकल्प
डॉ. पवन कुमार शर्मा



# राष्ट्र चेतना व आस्था का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में गुजरात के सोमनाथ को बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान पर रखा गया है, जिससे भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में उसके महत्व का पता चलता है। यह उस सभ्यतागत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि सोमनाथ भारत के आध्यात्मिक भूगोल का आधार है। गुजरात में वेरावल के निकट प्रभास पाटन में अरब सागर के किनारे स्थित, सोमनाथ केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक जीवंत प्रतीक है। 1000 वर्ष पूर्व, 1026 ईस्वी में महमूद गज़नवी ने पहली बार हिंदू आस्था के इसी केंद्र बिंदु सोमनाथ पर आक्रमण किया था, लेकिन आक्रमणों, विध्वंस और अपमान के बावजूद सोमनाथ ने आत्मसमर्पण नहीं किया। आस्था के इस केंद्र की गौरवशाली विरासत को याद करने के लिए 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, ऐतिहासिक स्मृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बन गया है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की उस आत्मा को स्मरण करना है, जिसने हर दौर में पुनर्निर्माण का साहस दिखाया।

सोमनाथ मंदिर का इतिहास बताता है कि कैसे यह स्थल बार-बार नष्ट किया गया, लेकिन हर बार और अधिक भव्यता के साथ खड़ा हुआ। यह पर्व नई पीढ़ी को अपने अतीत से जोड़ने और आत्मगौरव की भावना जागृत करने का माध्यम है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में देश-विदेश से श्रद्धालु, संत, इतिहासकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। सहस्त्र वर्षों के लंबे संघर्षकाल के बाद आया यह मौका केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर बना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में सोमनाथ को भारत की आत्मा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अटूट चेतना और स्वाभिमान का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इतिहास को केवल पीड़ा के रूप में नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने सोमनाथ को तोड़ने का प्रयास किया, वे इतिहास में खो गए, लेकिन सोमनाथ आज भी अडिग खड़ा है। राष्ट्र निर्माण में आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना का होना आवश्यक है। उन्होंने विकास और विरासत के संतुलन की बात करते हुए कहा कि आधुनिक भारत अपनी प्राचीन जड़ों पर गर्व करता है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में सोमनाथ का पुनर्निर्माण केवल धार्मिक कार्य नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना थी। आज का भारत आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सांस्कृतिक रूप से जागरूक भारत है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इसी चेतना का प्रतीक है। जब राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा होता है, तभी वह वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा हो सकता है। स्वाभिमान पर्व के दौरान 72 घंटे का अखंड ओंकार जाप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रकाश-ध्वनि कार्यक्रम और ऐतिहासिक प्रदर्शनी आयोजित की गईं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से सोमनाथ के इतिहास और संघर्ष को जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया। सदियों तक सोमनाथ करोड़ों लोगों की श्रद्धा और उपासना का केंद्र रहा है। इसे बार-बार उन आक्रमणकारियों द्वारा निशाना बनाया गया, जिनका उद्देश्य भक्ति नहीं, बल्कि विनाश था। इसके बावजूद सोमनाथ की कथा सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों के अटूट साहस, विश्वास और संकल्प से जानी जाती है। पुराणों के अनुसार, सोमनाथ मंदिर की स्थापना स्वयं चंद्रदेव ने की थी। कहा जाता है कि चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना कर अपने क्षय रोग से मुक्ति पाई और कृतज्ञता स्वरूप इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। ऋग्वेद, स्कंद पुराण, शिव पुराण और भागवत पुराण में सोमनाथ की महिमा का वर्णन मिलता है। प्राचीन काल में सोमनाथ मंदिर अपार संपन्नता और वैभव का केंद्र था। विदेशी यात्रियों के वर्णनों के अनुसार, मंदिर में सोने-चांदी के कलश, रत्नजड़ित द्वार और हजारों दीपक सदैव प्रज्वलित रहते थे। समुद्री व्यापार के कारण यह क्षेत्र अत्यंत समृद्ध था और सोमनाथ उस समृद्धि का प्रतीक था। यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि आस्था और आत्मबल के सामने कोई भी आक्रमण टिक नहीं सकता। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल अतीत की स्मृति नहीं बल्कि भविष्य का संकल्प है। यह दिव्य भव्य आयोजन संदेश देता है कि भारत अपनी आस्था, इतिहास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।


## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

सटाका




आज की पाती

### अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रही है हिंदी

हिंदी केवल भारत में बोली जाने वाली एक भाषा नहीं है, बल्कि यह विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना विशिष्ट स्थान बना चुकी है। हिंदी भारत की संस्कृति है, संस्कार है, यह स्वतंत्रता संग्राम की भाषा है। हिंदी की अंतरराष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने, उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हिंदी भाषा के सम्मान, इसके विस्तार और इसके भविष्य की संभावनाओं का प्रतीक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल जैसे देशों में हिंदी न केवल बोली जाती है, बल्कि शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी माध्यम बनी हुई है।

- साकेत अग्रवाल, भाटापारा

ट्रेंड

### वेगडाजी भील का पराक्रम




वेगडाजी भील का पराक्रम सोमनाथ के इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा है। हिंसा की धमकियों से विचलित हुए बिना वे इस पवित्र मंदिर की रक्षा में दृढ़ता से डटे रहे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सोमनाथ की रक्षा के लिए मां भारती की संतानों का संकल्प कितना सशक्त रहा है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गिनीज विश्व रिकॉर्ड




राजमार्ग अभियांत्रिकी में नए वैश्विक मानदंड स्थापित करते हुए, एनएचएआई ने निरंतर बिटुमिनस कंक्रीट फर्श में दो और गिनीज विश्व रिकॉर्ड हासिल करके इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि कड़े गुणवत्ता नियंत्रण के साथ-साथ आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से संभव हुई।
-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### उत्साह का संचार



जिंदगी में आनंद और उत्साह का संचार अगर कोई करते हैं, तो खेल करते हैं। खेल शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को और मजबूत बनाते हैं तथा आत्मा को आनंद और प्रसन्नता से भर देते हैं।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### जनविरोधी फैसला



काम का अधिकार' कोई भीख नहीं, बल्कि देश के गरीब का कानूनी हक है। भाजपा सरकार 'वी.बी.जी. राम जी योजना' लाकर मनरेगा को व्यवस्थित रूप से खत्म करना चाहती है। इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेसी आवाज बुलंद करेंगे।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

## मचाडो शांति पुरस्कार ट्रंप को नहीं दे सकती




नोबेल इंस्टिट्यूट ने स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो हाल ही में मिला नोबेल शांति पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नहीं दे सकतीं। नॉर्वियन नोबेल इंस्टिट्यूट ने यह बयान मचाडो के यह कहने के बाद जारी किया है कि वह अपना पुरस्कार ट्रंप को देना या उनके साथ साझा करना चाहेंगी, जिन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के अमेरिकी अभियान की निगरानी की है। मादुरो न्यूयॉर्क में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इंस्टिट्यूट ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसपर न तो रोक लगाई जा सकती है, न ही यह किसी दूसरे को सौंपा या उसके साथ साझा किया जा सकता। बयान में कहा गया है, 'फैसला अंतिम होता है और हमेशा बरकरार रहता है।' मचाडो ने 'फॉक्स न्यूज' के प्रस्तोता सीन हैनिटी से सोमवार को कहा था, 'मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे यह कहना जरूर चाहूंगी कि हम (वेनेजुएला की जनता) यह मानते हैं कि यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों का है और वे निश्चित रूप से इसे उन्हें देना या उनके साथ साझा करना चाहते हैं।'

ऑफ बीट

## झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# टीएमसी कार्यकर्ता पेट्रोल से चाहते थे जलाना, गृह मंत्रालय ने मांगी वीडियो फुटेज और रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर मेदिनीपुर में हमला हुआ। इसके बाद भाजपा नेता हरेक जिले में प्रदर्शन करने लगे। अब सुवेंदु के काफिले पर हुए हमले को लेकर गृह मंत्रालय सख्त हो गया है। इस कथित हमले के संबंध में मंत्रालय ने उनके कार्यालय से रिपोर्ट मांगी है। आरोप है कि शनिवार देर शाम पुरुलिया के पास टीएमसी समर्थकों द्वारा सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला किया गया।

सुवेंदु के आरोपों के बाद गृह मंत्रालय सख्त

समर्थकों ने कथित तौर पर सड़क जाम की बांस की लाठियों से उनके काफिले पर हमला किया

## बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता के काफिले पर मेदिनीपुर में हमला


थाने में बैठे सुवेंदु अधिकारी

### दोषियों को गिरफ्तार करें

सुवेंदु कहा कि हम यहां न्याय मांगने आए हैं। मैंने इसमें शामिल लोगों के नाम बताए हैं। एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वे बांस की लाठियां लेकर आए थे और दो कारों पर हमला किया, उन्हें नहीं पता था कि मैं किस कार में था। उनके पास पेट्रोल का एक केन भी था। चुनाव आ रहे हैं और वे जानते हैं कि वे हार रहे हैं। वे बंगाल से भाजपा को खत्म करना चाहते हैं।

### पुलिस के सामने किया गया हमला कोर्ट भी जाएंगे

सुवेंदु ने दावा किया कि यह हमला पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ, जिन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया। सुवेंदु ने पुलिस स्टेशन में अपना लगभग छह घंटे का धरना खत्म किया और घोषणा की कि वह इस मुद्दे पर कलकत्ता हाई कोर्ट जाएंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि मंगलवार को चंद्रकोना में एक विरोध रैली की योजना है।

### सुवेंदु का कार्यालय भेजगा रिपोर्ट

सुवेंदु का कार्यालय घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग गृह मंत्रालय को भेजेगा। सुवेंदु ने आरोप लगाया कि यह घटना रात करीब 8.20 बजे हुई जब वह पुरुलिया से लौट रहे थे। जब उनका काफिला पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना रोड मार्केट इलाके में चार-पॉइंट क्रॉसिंग से गुजर रहा था, तो पार्टी का झंडा लिए कुछ टीएमसी समर्थकों ने कथित तौर पर सड़क जाम कर दी और बांस की लाठियों से उनके काफिले पर हमला किया। घटना के समय स्थानीय पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि जिस गाड़ी में वे यात्रा कर रहे थे, उसके बुलेटप्रूफ शीशे के कारण उन्हें कोई चोट नहीं आई।

### सुकांत ने भी ममता को घेरा- बर्दाश्त नहीं करेंगे



पूर्व भाजपा अध्यक्ष और सांसद सुकांत मजूमदार ने कहा कि सुवेंदु पर हमला पुलिस की मौजूदगी में हुआ। ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं, और यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री चाहती हैं कि ये हमले हों ताकि, अगर केंद्र सरकार सख्त कार्रवाई करे, तो वह लोगों की सहानुभूति हासिल करके सत्ता में वापस आ सकें। अभी केंद्रीय बलों को तैनात किया जाना चाहिए।

### वे राज्य की ज़िम्मेदारी कैसे लेंगेः टीएमसी



टीएमसी प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि सुवेंदु एक लाठी भी नहीं संभाल सकते, क्या वे एक राज्य की ज़िम्मेदारी लेंगे? सुवेंदु ही थे जिन्होंने अपनी सेंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स सुरक्षा को लाठीचार्ज करने का निर्देश दिया था। उनकी सुरक्षा ने भाजपा के लोगों को पहचाना नहीं और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर ही हमला कर दिया।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के पूर्व विधायक पर रेप का तीसरा केस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के निलंबित विधायक राहुल मामकूटाथिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का तीसरा मामला सामने आया है। राहुल को जल्द ही मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। राहुल पर पहले से यौन उत्पीड़न के दो मामले चल रहे हैं। केरल हाईकोर्ट ने पिछले महीने राहुल को जमानत दी थी। उन पर कई मामले चल रहे हैं।

### पूजा ने नौकर पर लगाया चोरी का आरोप

**नई दिल्ली।** पुणे पुलिस ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर के एक गंभीर आरोप के बाद जांच



शुरू की है। पूजा ने दावा किया उनके घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका ने उन्हें और उनके माता-पिता को बेहोश कर घर से कीमती सामान चुरा लिया। यह घटना पुणे के बनर रोड स्थित उनके बंगले में होने का आरोप है। पूजा ने शनिवार देर रात पुलिस से संपर्क किया।

### स्वामी सुंदर सूरीश्वरजी को पीएम ने श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीमद विजय रत्न सुंदर सूरीश्वरजी महाराज की 500वीं किताब के



विमोचन के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को एक वीडियो संदेश में पीएम ने उनके व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें शांत, सरल और स्पष्ट स्वभाव का संगम बताया। महाराज ने ज्ञान को केवल किताबों तक नहीं व्यावहारिक रूप से जीवन में उतारा।

### शास्त्री की पुण्यतिथि देश ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर रविवार



को नेताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा राष्ट्र में एकता और स्वावलंबन की भावना जगाने वाला साबित हुआ था। तमाम नेताओं ने उनकी सादगी, ईमानदारी, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रहित सर्वोपरि की नीति को याद किया।

### सीयूईटी पीजी में आवेदन 14 जनवरी तक

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पोस्ट ग्रेजुएट 2026 के लिए



आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 14 जनवरी आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केवल वही उम्मीदवार आवेदन पूर्ण माने जाएंगे, जिन्होंने परीक्षा शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान किया होगा।

## वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने की पूजा- अर्चना और बोले

# भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा सोमनाथ को तोड़ने वाले इतिहास में रह गए


सोमनाथ मंदिर में उदबोधन के दौरान पीएम मोदी

भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रहीं

पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 'शौर्य यात्रा' में हिस्सा लिया

राजकोट में हो रहा वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन

सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया


कार्यक्रम के दौरान डमरू बजाते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ राजकोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गिर सोमनाथ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के हिस्से के तौर पर आयोजित एक प्रतीकात्मक यात्रा 'शौर्य यात्रा' में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। शौर्य यात्रा साहस, बलिदान और उस अदम्य भावना का प्रतीक है, जिसने सदियों की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सोमनाथ की आस्था और गौरव को संरक्षित रखा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर रोड शो के दौरान जगह-जगह शिवभक्तों का जोश और उल्लास आनंद से भर देने वाला था। इसमें नारीशक्ति ने जिस तरह से बढ़-चढ़कर भागादारी की, उसने पूरे वातावरण को और अधिक गरिमामयी बना दिया। भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के लिए उनका समर्पण भाव देखकर अभिभूत हूं। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत कई मौजूद थे।

### सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी

पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब राजकोट में 'विकास भी विरासत भी', ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

### कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत आज दूध उत्पादन में दुनिया में नंबर वन है, वहीं जेनेरिक दवाओं और वैक्सीन निर्माण में भी भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बन गया है। यूपीआई आज दुनिया का नंबर-1 रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन प्लेटफॉर्म है। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन चुका है।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम मौजूद

उन्होंने कहा कि भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। एविएशन सेक्टर में भारत तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। मेट्रो विस्तार कमें भी भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो चुका है।

### 10,000 महिलाओं ने किया पारंपरिक नृत्य

प्रधानमंत्री के द्वार पर पहुंचते ही 10,000 महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य से उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने मंदिर में पूजा की और उसके बाद वहां मौजूद कलाकारों से बातचीत की। सोमनाथ धाम में दर्शन-पूजन का सौभाग्य मिला।

### आज भी विरोधी ताकतें सक्रिय

प्रधानमंत्री एक सशक्त संदेश भी दिया। सोमनाथ को तोड़ने वाले आक्रांता आज इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से देश में आज भी ऐसी ताकतें मौजूद हैं।

### 1000 साल पहले का संघर्ष, आज का गौरव

पीएम मोदी ने कहा कि जब वे आज यहां खड़े होकर बोल रहे हैं, तो उनके मन में यह सवाल बार-बार आता है कि 1000 साल पहले इसी स्थान पर कैसा माहौल रहा होगा।

### कट्टर सोच और तुष्टीकरण पर निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि जो धर्म के प्रति सच्चे होते हैं, वे कभी कट्टरपंथी सोच का समर्थन नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने हमेशा ऐसी सोच के आगे घुटने टेके।

### तलवारों की जगह दूसरे तरीकों से भारत के खिलाफ हो रहे षड्यंत्र

पीएम मोदी ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में वह ताकतें मौजूद और पूरी तरह सक्रिय हैं, जिन्होंने सोमनाथ पुनर्निर्माण का विरोध किया। आज तलवारों की जगह दूसरे तरीके से भारत के खिलाफ षड्यंत्र हो रहे हैं।

बलिदानियों को किया याद

### जो सभ्यताएं दूसरों को मिटाकर बढ़ना चाहती हैं, वो खुद मिट जाती हैं



इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, हमारे पुरखों ने अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया था। म जो सभ्यताएं दूसरों को मिटाकर बढ़ना चाहती हैं, वो खुद मिट जाती हैं।

## समिट में मुकेश की 5 ख़ास बातें

### जय सोमनाथ, भारत माता की सेवा ही हमारा धर्म

वाइब्रेंट गुजरात रीजनल समिट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का संबोधन विकास, तकनीक



और राष्ट्रीय संकल्प का संदेश लेकर आया। ऐतिहासिक शहर राजकोट में पहली बार आयोजित इस समिट में अंबानी ने गुजरात को अपनी आत्मा बताते हुए बड़े निवेश, रोजगार और जामनगर में देश के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर के निर्माण का ऐलान किया। उनका यह भाषण गुजरात ही नहीं, पूरे भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। मुकेश ने संबोधन की शुरुआत 'जय सोमनाथ' के उद्घोष के साथ की। उन्होंने कहा कि गुजरात का विकास रिलायंस का संकल्प है और यह संकल्प आने वाले वर्षों में और मजबूत होगा।

### हम अगले 5 सालों में 7 लाख करोड़ रुपए इन्वेस्ट करेंगे

मुकेश ने मंच से बड़ा निवेश ऐलान करते हुए कहा कि रिलायंस अगले पांच वर्षों में करीब 7 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा।

### वर्ल्ड ओलंपिक्स विजन पूरा करेंगे

मुकेश ने कहा कि भारत माता की सेवा करना रिलायंस का धर्म है। उन्होंने बताया कि रिलायंस फाउंडेशन 2036 में भारत में होने वाले वर्ल्ड ओलंपिक्स के विजन का पूरा समर्थन करेगा।

### देश की सुरक्षा दीवार का नाम नरेंद्र मोदी है

अंबानी ने प्रधानमंत्री की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में हालात तेजी से बदल रहे हैं, लेकिन भारत सुरक्षित है क्योंकि भारत की सुरक्षा दीवार का नाम नरेंद्र मोदी है। अंबानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह भारत का निर्णायक दशक है। यह विकास यात्रा पूरे भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

## दिल्ली में संघ के कार्यक्रम में बोले डॉ. भागवत

'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया

# संघ धीरे-धीरे विकसित हो रहा और नया रूप धारण कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि आरएसएस बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और बस सामने आ रहा है। भागवत दिल्ली स्थित संगठन के कार्यालय में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां फिल्म 'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया गया। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर की कहानी बताती है। डॉ.भागवत ने कहा कि संघ अपनी शताब्दी मना रहा है। जैसे-जैसे संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है, लोग इसे बदलते हुए देखते हैं। हालांकि यह असल में बदल नहीं रहा है बस सामने आ रहा है।



### पेड़ का दिया उदाहरण

उन्होंने कहा कि जैसे एक बीज से अंकुर निकलता है और फलों और फूलों से लदा हुआ परिपक्व पेड़ का एक अलग रूप होता है, ये दोनों रूप अलग-अलग हैं।

### संघ और डॉक्टर साहब पर्यायवाची शब्द

उन्होंने कहा कहा, संघ और डॉक्टर साहब (हेडगेवार) पर्यायवाची शब्द हैं। वे जब सिर्फ 11 साल के थे, जब उनके माता-पिता का निधन हो गया था, लेकिन उन्हें उस उम्र में या बाद में भी, बात करने या भरोसा करने वाला कोई नहीं मिला। भागवत ने कहा कि इतनी कम उम्र में इतना बड़ा सदमा लगता है।

## शादीशुदा प्रेमी संग वंदे भारत के आगे कूदी युवती



**लखनऊ।** यहां वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक और युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उनकी क्षत-विक्षत लाशें आलम नगर स्टेशन के पास जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक के पास मिलीं। मृतकों की पहचान नीलमाथा निवासी सूर्यकांत और अर्जुनगंज के शाह खेड़ा गांव की दीपाली के रूप में हुई है।

## ओवैसी का सीएम सरमा पर पलटवार, यह कहा

महिला पीएम बनने की बात पर भिड़े

# उनके दिमाग में ट्यूबलाइट संविधान में यह कहां लिखा

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र निकाय चुनाव प्रचार में व्यस्त ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का हिजाब पहने बेटी का एक



दिन देश का प्रधानमंत्री बनने वाले बयान पर सियासत शुरू हो चुकी है। ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोला है। ओवैसी का यह बयान असम सीएम की टिप्पण के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र होने के नाते एक हिंदू व्यक्ति को ही देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देखेगा। नागपुर में ओवैसी ने असम सीएम पर करारा तंज कसते हुए कहा कि उनके दिमाग में 'ट्यूबलाइट' है।

### रामभद्राचार्य की दो टूक

### भारत में साड़ी पहनकर ही कोई महिला प्रधानमंत्री बनेगी



जयपुर में ओवैसी के बयान पर कथावाचक रामभद्राचार्य ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने। हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति बने। उन्हें और क्या चाहिए?...वे दिवास्वप्न देख रहे हैं। अगर भारत में कोई महिला प्रधानमंत्री बनती है, तो वह साड़ी पहनेगी। रामभद्राचार्य अक्सर राजनीतिक मामलों में टिप्पणी करते हैं।

## बीएमसी चुनावों से पहले 'महायुति' ने जारी किया घोषणापत्र

# झुग्गी-झोपड़ी मुक्त करेंगे मुंबई और बिना ब्याज लोन देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों से पहले रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े के साथ मिलकर बीएमसी चुनावों के लिए महायुति का संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। व्यापक घोषणापत्र में बेस्टबसों में महिलाओं के लिए किराए में 50 प्रतिशत की छूट और शहर को बांग्लादेशी प्रवासियों से 'मुक्त' करने का वादा किया है। हम 5 साल बाद अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे।

## फडणवीस, शिंदे और राष्ट्रीय महासचिव विनोद रहे मौजूद

बांग्लादेशी प्रवासियों से 'मुक्त' करने का वादा किया


घोषणा पत्र जारी करते फडणवीस, शिंदे और अठावले

### मराठी सिखाएंगे, प्रदूषण हटाने 16000 करोड़ खर्च करेंगे

बीएमसी स्कूलों को कौशल-उन्मुख बनाएंगे और मराठी भाषा सीखने के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे। पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे और नदियों में सीवेज को रोकेंगे। नदियों को साफ करने और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए परियोजनाओं पर 16,000 करोड़ खर्च करेंगे।

### बेस्ट बेड़े में होंगी 10,000 बसें

घोषणापत्र में परिवहन और महिलाओं की सुरक्षा पर प्रमुखता से जोर दिया गया है। फडणवीस ने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) बेड़े को लगभग 5,000 से बढ़ाकर 10,000 बसें करना, इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच करना है। आईआईटी की मदद से हम बांग्लादेशी प्रवासियों को बाहर करेंगे।

### बसों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी की छूट और 1 लाख का ऋण देंगे

उन्होंने कहा कि मेट्रो, वाटर टैक्सी और सतत परिवहन पर काम करेंगे। सभी यात्रा जरूरतों के लिए एक मुंबई ऐप। हम सड़कों पर भीड़ कम करेंगे, एक्सप्रेसवे बनाएंगे और मुंबई को एक बेहतर शहर बनाएंगे। सड़कों को गड्ढों से मुक्त किया जाएगा। बसों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी की छूट और बहनों के लिए 1 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

## अय्यर के बयान पर भड़की भाजपा

# इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस नहीं चाहती ऑपरेशन सिंदूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिसंकर अय्यर फिर अपने बयान को लेकर भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अय्यर के बयान की भाजपा ने कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस लगातार पाकिस्तान के प्रति नरम रुख अपनाए रखना चाहती है। एक वीडियो में अय्यर सरकार को सलाह देते हुए कहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर को बंद कर देना चाहिए और भारत को पाक के साथ बातचीत करना चाहिए। अय्यर पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के ऊपर पाक का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए दावा



किया कि यह पार्टी आतंकवाद पर भारत के रुख को लगातार कमजोर करती है। पूनावाला ने कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नहीं बल्कि इस्लामाबाद राष्ट्रीय कांग्रेस है। सोशल मीडिया परपोस्ट में पूनावाला ने लिखा कि अय्यर ऑपरेशन सिंदूर को खत्म कर पाकिस्तान के साथ बातचीत की बात कर रहे हैं।

भारत ने पिछले साल 4 ट्रेड समझौते किए, उन्हें लागू किया

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील अधर में, हाई टैरिफ का असर कम करने के लिए भारत ने खोजे कई विकल्प, निर्यात गंतव्यों का विस्तार करना भी हुआ जरूरी

◀ अमेरिका के कड़े टैरिफ ने भारत की अन्य बाजारों में एंट्री करने या विस्तार करने की इच्छा को बढ़ाया है

◀ अमेरिका का रुख देखते हुए अब भारत के लिए अपने निर्यात गंतव्यों का विस्तार करना अनिवार्य हो गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने निर्यातकों के लिए बाजार खोलने और अमेरिका के ऊंचे टैरिफ के असर को कम करने के लिए तेजी से दूसरे देशों के साथ ट्रेड डील कर रहा है। भारत की अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने की कोशिशें अभी तक कामयाब नहीं हो पाई हैं।

अगस्त 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए टैरिफ बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। यह एक ऐसा झटका है, जिससे नौकरियों के जाने का खतरा है। साथ ही भारत की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट पावरहाउस बनने की महत्वाकांक्षा को भी नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि



फाइल फोटो

विशेषज्ञों का कहना है कि इस दबाव ने भारत को अमेरिका से परे दूसरे देशों के बाजारों में तेजी से पांव फैलाने की ओर धकेल दिया है।

भारत ने पिछले साल 4 ट्रेड समझौते किए या उन्हें लागू किया। इनमें ब्रिटेन के साथ एक बड़ा समझौता भी शामिल रहा। अब देश नई डील्स पर नजर गड़ाए हुए है। यूरोपीय संघ, यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन, मेक्सिको, चिली और दक्षिण अमेरिकी मर्कोसुर ट्रेड ब्लॉक के साथ या तो नए सौदों के लिए या मौजूदा समझौतों का विस्तार करने के लिए बातचीत चल रही है।

## अमेरिका का दावाः तेल के कारोबार से रूस हुआ मजबूत

*अमेरिका के कड़े टैरिफ ने भारत की अन्य बाजारों में एंट्री करने या विस्तार करने की इच्छा को बढ़ाया है। अमेरिकी टैरिफ का मकसद भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद को रोकना है। अमेरिका का मानना है कि तेल बिक्री से आने वाला पैसा रूस के यूक्रेन पर हमले को फाइनेंस करता है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका का रुख देखते हुए अब भारत के लिए अपने निर्यात गंतव्यों यानि एक्सपोर्ट डेस्टिनेशंस का विस्तार करना अनिवार्य हो गया है। भारत की अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का अनुमान है कि यूके ट्रेड डील अगले 3 सालों में भारत से ब्रिटेन को कपड़ों के निर्यात को दोगुना करने में मदद कर सकती है। यूरोपीय संघ के साथ संभावित समझौते से होने वाले फायदे और भी बड़े हो सकते हैं। छोटे समझौते भी मायने रखते हैं।*

अमेरिकी वाणिज्य सचिव के दावे को विदेश मंत्रालय ने नकारा

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर पीयूष गोयल ने बताई अंदर की बात, बोले- देश पर भरोसा रखें

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल में रविवार को कहा कि भारत पर भरोसा रखें, किसी भी दूसरे देश के बयानों पर न जाएं। गोयल का ये बयान विदेश मंत्रालय के उस अटलकों के खारिज करने के एक दिन बाद आया है जिसमें कहा गया कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



■ गोयल ने कहा ट्रेड डील की चर्चा गोपनीय रहेगी

राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। हाल ही में अमेरिका के कॉमर्स सेकेट्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा था कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। ट्रेड बातचीत फेल हो गई, जबकि वॉशिंगटन आगे बढ़ गया।

---

## खबर संक्षेप

### भारत श्रीलंका की मदद करने को तैयार

**कोलंबो।** चक्रवात प्रभावित श्रीलंका में भारत की वित्तीय मदद से तैयार पहला 'बेली ब्रिज' रविवार



को यातायात के लिए खोल दिया गया। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। उच्चायोग ने बताया कि 100 फुट लंबे इस 'बेली ब्रिज' का निर्माण भारतीय सेना ने किया है और इसके खुलने से मध्य प्रांत व उवा प्रांत के बीच एक महत्वपूर्ण सड़क संपर्क बहाल हो गया। 'बेली ब्रिज' आसानी से ले जाए जाने योग्य एक पूर्वनिर्मित पुल होता है, जिसके हिस्सों को तेजी से जोड़कर पुल का रूप दिया जाता है।

### शंघाई में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**बीजिंग।** चीन के शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने विश्व



हिंदी दिवस का आयोजन किया जिसमें इस देश के पूर्वी हिस्से में स्थित शीर्ष विश्वविद्यालयों के हिंदी के छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। शंघाई में भारत के महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमें सीमाओं से परे जोड़ती है। पोस्ट के मुताबिक, माथुर ने हिंदी की गरिमा और गौरव को उजागर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश पढ़ा, हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली कड़ी है।

---

ईरान में बढ़ रहे आंतरिक कलह के बीच दो देशों को धमकी

# ईरान ने इजराइल-अमेरिका को चेताया कहा- हमले की सोचना भी मत, वरना मिलिट्री बेस मिटा देंगे

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच हालात और तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। रविवार को ईरान ने अमेरिका और इजरायल को सीधी चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने उस पर सैन्य हमला किया।

तो जवाब में इजराइल और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब इजरायली सूत्रों ने दावा किया है कि किसी भी अमेरिकी दखल की आशंका को देखते हुए इजरायल हाई अलर्ट पर है।

**ईरान में** अब तक 200 लोगों की मौत, 37 सुरक्षाकर्मी भी शामिल

**कई शहरों में** मारे गए सुरक्षाकर्मियों के जनाजे दिखाए गए



तेहरान में जुटे प्रदर्शनकारी

## ईरानी सांसद ने कहा-युद्धपोत हमारे निशाने पर हैं

*ईरानी संसद में बोलते हुए स्पीकर मोहम्मद बाकिर क़ालिबाफ ने कहा कि अगर ईरान पर हमला हुआ तो कब्जे वाले इलाके यानी इजराइल, अमेरिकी सैन्य अड्डे और युद्धपोत हमारे वैध निशाने होंगे। क़ालिबाफ ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स से जुड़े रहे हैं और उनका यह बयान बेहद अहम माना जा रहा है। ईरान इस वक्त 2022 के बाद सबसे बड़े सरकार विरोधी प्रदर्शनों का सामना कर रहा है। ये प्रदर्शन 28 दिसंबर से शुरू हुए थे, जिनकी वजह बढ़ती महंगाई बताई जा रही है। बाद में ये आंदोलन सीधे खामेनेई शासन के खिलाफ हो गया।*

### क्या कहता है कानून?

ईरानी कानून के आर्टिकल 186 में कहा गया है कि अगर कोई समूह या संगठन इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ हथियारबंद विरोध करता है, तो उसके सभी सदस्यों या समर्थकों को, जो जानबूझकर उसके मकसद में मदद करते हैं। 'मोहारेब' (अल्लाह का दुश्मन) माना जा सकता है। भले ही वो व्यक्तिगत रूप से हथियारबंद गतिविधियों में हिस्सा ना लें। कानून के अनुच्छेद 190 में 'मोहारेब' के लिए बताई गई सजा बेहद कड़ी हैं। इनमें फांसी, दाहिना हाथ और बायां पैर काटना या स्थायी निर्वासन शामिल है।

## प्रदर्शनकारियों को खुदा का दुश्मन मानकर देंगे सजा-ए-मौत

*ईरान में सरकार के खिलाफ लोगों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। विरोध प्रदर्शनों के बीच ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी है। ईरान में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच अटॉर्नी जनरल, मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शनों में हिस्सा लेने वाले किसी भी व्यक्ति को 'खुदा का दुश्मन' माना जाएगा। यह एक ऐसा आरोप है जिसके लिए ईरानी कानून के में मौत की सजा का प्रावधान है। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर दिए गए बयान में कहा गया है कि जो लोग 'दंगाइयों की मदद करेंगे' उन्हें भी इसी आरोप का सामना करना पड़ेगा।*

### ईरान का पुराना शेर-और-सूरज वाला

*बयान में यह भी कहा गया है कि कार्रवाई बिना किसी नरमी, दया या रियायत के होनी चाहिए। ईरान में हालात को देखते हुए निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया और प्रदर्शनकारियों से सड़कों पर आने की अपील की है। इसमें ईरान का पुराना शेर-और-सूरज वाला झंडा और शाह के समय के अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों को लेकर सार्वजनिक जगहों पर कब्जा करने के लिए कहा गया है।*

### निर्णायक फैसले की तैयारी करें

*अमेरिका की ओर से लगातार दी रही चेतावनियों के बीच बयान में कहा गया है। सरकारी वकीलों को सावधानी से और बिना किसी देरी के, आरोप पत्र जारी करके। उन लोगों के खिलाफ मुकदमे और निर्णायक फैसले के लिए जमीन तैयार करनी चाहिए।*

### विरोध प्रदर्शन इस्लामिक

ईरान में विरोध प्रदर्शन इस्लामिक रिपब्लिक के प्रति जनता के असंतोष के रूप में शुरू हुए, जब दिसंबर 2025 के आखिर में ईरानी रियाल मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई।

---

आईएस के ठिकानों पर बरसाए बम, कहा

## हमारे सैनिकों पर हमला किया तो ढूंढ-ढूंढकर यूं ही मारेंगे



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने शनिवार को एक बार फिर से सीरिया में हवाई हमला किया। अमेरिका के निशाने पर आतंकी संगठन आईएस के ठिकाने रहे। पिछले महीने एक हमले में अमेरिका के दो सैनिक और एक एक सीरियाई नागरिक की मौत हो गई थी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में अमेरिका ने आईएस के ठिकानों पर भारी बमबारी की थी। एक बार फिर अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों की सेनाओं के साथ मिलकर सीरिया में हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि अमेरिका ने सहयोगी बलों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर हमले किए, जो लगभग देर रात 12.30 बजे किए गए।

**बीते हफ्ते भी ब्रिटेन-फ्रांस ने संयुक्त कार्रवाई की थी**

### आईएस के 70 ठिकानों का किया था सफाया

इससे पहले बीते महीने 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे, जिसमें आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। उसके बाद बीते हफ्ते ही ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने भी सीरिया में हवाई हमले किए। इन हवाई हमलों का निशाना भी आईएस था। ये हमले सीरिया को होम्स प्रांत के ऐतिहासिक पल्मायरा इलाके में हुई थी। सीरिया पिछले साल के अंत में आईएस विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ था। साल 2019 में सीरिया में हार के बावजूद, आईएस की अभी भी सीरिया में मौजूदगी है और इसके स्लीपर सेल अभी भी सीरिया और इराक में घातक हमले करते हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अभी भी सीरिया और इराक में आईएस के करीब 5,000 से 7,000 सदस्य सक्रिय हैं।

### 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर हमले किए थे

इससे पहले बीते महीने 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे, जिसमें आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। उसके बाद बीते हफ्ते ही ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने भी सीरिया में हवाई हमले किए। इन हवाई हमलों का निशाना भी आईएस था। ये हमले सीरिया को होम्स प्रांत के ऐतिहासिक पल्मायरा इलाके में हुई थी। सीरिया पिछले साल के अंत में आईएस विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ था। सीरिया में हार के बावजूद, आईएस की अभी भी सीरिया में मौजूदगी है।

---

इसरो नए साल पर पहला धमाका करने के लिए तैयार!

## अंतरिक्ष में जाएगी भारत की एक्स-रे नजर, बड़ी कामयाबी



इसरो परिसर

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो नए साल के अपने पहले मिशन की तैयारी में जुट गया है। इस कड़ी में पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। इसरो के एक अधिकारी के अनुसार, मिशन का मुख्य पेलोड ईओएस-एन 1 है, जो एक उन्नत इमेजिंग सैटेलाइट है। इस उपग्रह को अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा रणनीतिक जरूरतों के लिए विकसित किया गया है।

इससे निगरानी और सुरक्षा से जुड़ी क्षमताओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस मिशन में रॉकेट के साथ एक छोटा प्रोब डिवाइस केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर भी भेजा जाएगा, जिसे स्पेन स्थित एक स्टार्टअप ने विकसित किया है। यह डिवाइस पीएस-4 स्टेज से जुड़ा रहेगा।

### » आम लोग भी देख सकेंगे लांचिंग

*भारत, मॉरीशस, लक्जमबर्ग, यूएई, सिंगापुर, यूरोप और अमेरिका के स्टार्टअप्स व शोध संस्थानों के कुल 17 अन्य वाणिज्यिक पेलोड भी इस उड़ान में शामिल हैं। इसरो ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर जानकारी दी कि आम लोग इस प्रक्षेपण को श्रीहरिकोटा स्थित लॉन्च व्यू गैलरी से देख सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। एजेंसी ने दर्शकों से आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस देना होगा।*

---

आतंकी सैफुल्लाह कसूरी ने भारत के खिलाफ उगला जहर

## दुनिया के सामने फिर से खुल गई पाक सेना और आतंकियों के नापाक गठजोड़ की पोल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की सेना और उसके पाले हुए आतंकवादियों के बीच सांठगांठ की एक बार फिर से दुनिया के सामने पोल खुल गई है।

हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा के उप-प्रमुख और पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के मास्टरमाइंड आतंकवादी सैफुल्लाह कसूरी ने अपने एक वीडियो के माध्यम से भारत के खिलाफ जहर उगला है। सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा हो रही है। जिसमें आतंकी कसूरी पाकिस्तान में स्कूल के छोटे बच्चों को यह कहता




हुआ नजर आ रहा है कि उसका और पाकिस्तानी सेना का रिश्ता लंबे वक्त से कितना मजबूत बना हुआ है? वो उसे पाकिस्तान के सैनिकों की अंतिम यात्रा में जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए भी बुलाते हैं। भारत भी मुझसे डरता है...

### भारत कई बार उजागर कर चुका सच्चाई

भारत बीते वर्षों में कई बार दुनिया के सामने पाक सेना और उसके आतंकियों के गठजोड़ की काली सच्चाई को उजागर कर चुका है।

---

## जम गई डल झील



**जम्मू।** कश्मीर में इस वक्त जमकर सर्दी पड़ रही है यहां शनिवार रात श्रीनगर का न्यूनतम तापमान माइनस 5 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि गुलमर्ग में पारा माइनस 6 .2 डिग्री और पहलगाम में माइनस 7 .6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। डल झील सहित कई जलाशय बर्फ में तब्दील हो गए हैं।

---

रेगिस्तान से रोबोटिक युद्ध की तैयारी, वैश्विक रणनीति के तहत भारतीय सेना ने भी किया बदलाव

भारतीय सेना ने रणनीति में बदलाव करते हुए भैरव और अशनि बटालियन का गठन किया

## भारतीय सेना की 'भैरव' और 'अशनि' बटालियन में 1 लाख ड्रोन ऑपरेटिव्स तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान का रेगिस्तान अब सिर्फ सीमाओं की निगरानी का इलाका नहीं रहा, बल्कि रेगिस्तान अब भविष्य की जंग की नई प्रयोगशाला बन चुका है। भारतीय सेना रणनीति के लिहाज से निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। एक ऐसे दौर में, जहां युद्ध की परिभाषा, उसके साधन और रणनीति, तीनों ही एक साथ बदल रहे हैं।

इसी के चलते नसीराबाद से लेकर बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर तक भारतीय सेना ने तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो आने वाले युद्धों की तस्वीर बदल सकती है। इसी कड़ी में 'भैरव' और 'अशनि' नाम की नई बटालियनों का गठन किया गया है। इसमें एक लाख से ज्यादा ड्रोन ऑपरेटिव्स को तैयार किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### अचानक शुरु होंगी लड़ाइयां

सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, आने वाली लड़ाइयां अचानक शुरू होंगी। जो बेहद तेज और पूरी तरह से तकनीक आधारित होंगी ऐसे में सेना को ऐसे सैनिकों की जरूरत है जो केवल हथियार चलाना नहीं। बल्कि तकनीक को युद्ध में बदलना जानते हों। इसी सोच के तहत भैरव और अशनि बटालियन का गठन किया गया है। रेगिस्तान में तैनात तकनीक से लैस भैरव और अशनि के जवान हर चुनौती के लिए तैयार हैं। जानकारों का मानना है कि अब जंग केवल सीमाओं पर आमने-सामने की मुठभेड़ से कही आगे निकल चुकी है।

### दुश्मन की एडवांस डिफेंस सिस्टम पर होगा सीधा टारगेट

*साथ ही अशनि बटालियन को भारतीय सेना की शॉक और स्ट्राइक फोर्स के रूप में तैयार किया गया है। अशनि यानी बिजली की तरह तेज हमला। यह बटालियन दुश्मन के एडवांस डिफेंस सिस्टम को तोड़ने और निर्णायक क्षणों में युद्ध की दिशा बदलने के लिए बनाई गई है। ड्रोन और रियल टाइम इंटेलिजेंस के साथ अशनि बटालियन हाई वैल्यू टारगेट्स पर त्वरित कार्रवाई करेगी। रियल टाइम इंटेलिजेंस में कारगर साबित होंगी बटालियन इस बीच, भारतीय सेना का तैयार किया गया एक लाख से अधिक ड्रोन ऑपरेटिव्स का नेटवर्क अपने आप में एक बड़ी रणनीतिक पहल माना जा रहा है।*

---

दक्षिण कोरिया को सीधी चेतावनी

## ड्रोन घुसपैठ के मुद्दे पर किम जोंग उन की बहन ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ प्योंगयांग

दक्षिण कोरिया की ओर से कथित ड्रोन हमले की कोशिश पर उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की बहन किम यो जोंग सामने आई हैं। जोंग ने दक्षिण कोरिया को चेताते हुए ड्रोन घुसपैठ पर विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है। जोंग ने कहा है कि इस मामले में दक्षिण कोरिया को अपना पक्ष साफ करना चाहिए, नहीं तो इसके अंजाम खराब हो सकते हैं। उत्तर कोरिया का दावा है कि ड्रोन दक्षिण कोरिया से उसकी सीमा में घुसा, जिसे मार गिराया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के सेंट्रल कमेटी



की वाइस डिपार्टमेंट डायरेक्टर किम यो-जोंग ने कहा, 'आरओके (दक्षिण कोरिया) की सेना ने बुद्धिमानी से यह घोषणा की है कि यह उनकी तरफ से नहीं किया गया और उनका कोई उकसाने का इरादा नहीं है। इसके बावजूद ड्रोन के मामले पर विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए, चाहे वह सैन्य हो या नागरिक ड्रोन हो।

## दशहरा मैदान में हिंदू सम्मेलन: विशाल कलश यात्रा निकाली, हिंदू समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को सुदृढ़ करने का आह्वान

## बच्चों ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

# ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठे जमीन और आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त पंच परिवर्तन और समरसता के भाव से दशहरा मैदान में भव्य हिन्दू सम्मेलन किया गया। हिंदू सम्मेलन के मुख्य अतिथि नवीनानंद महाराज सरस्वती परमहंस आश्रम दाहोद, हर स्वरूप सिंह हेड ग्रंथी गुरुद्वारा सिंह सभा औबेदुल्लागंज, संतोष मीणा भोपाल संघ प्रचारक इन तीनों मुख्य अतिथियों का अशोक मित्तल व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, राहुल वाल्मीकि, राजा राम मेश्राम ने मंच पर स्वागत किया।


कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं ने विशाल कलश यात्रा निकाली।


हिंदू सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### धार्मिक, सामाजिक मंथन


सम्मेलन को सफल बनाने वाले आयोजकों का समूह।

कार्यक्रम से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सम्मेलन स्थल पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर वक्ताओं ने विचार रखे और हिंदू समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयश्री राम जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा।

### सम्मेलन में विधायक पटवा ने एकता, समरसता पर किया जागरूक

रविवार को आयोजित भव्य हिन्दू सम्मेलन में विधायक सुरेंद्र पटवा सम्मिलित हुए। यह सम्मेलन हिन्दू समाज की एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास रहा।

ऐसे आयोजन समाज को संगठित कर राष्ट्रहित के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। हमारी सनातन परंपराओं, मूल्यों एवं संस्कारों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। एकजुट और संगठित हिन्दू समाज ही आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध भारत के निर्माण का सशक्त माध्यम है। यह सम्मेलन न केवल विचारों का संगम था, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को अधिक दृढ़ करने वाला अनुभव भी रहा।


हिंदू सम्मेलन में अतिथियों के साथ विधायक पटवा।

### मंडीदीप में बसंत पंचमी पर विराट हिंदू सम्मेलन की जोरदार तैयारियां



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर मंडीदीप में आगामी बसंत पंचमी के अवसर पर सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में एक भव्य और विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन दशहरा मैदान पर दोपहर 1 बजे से शुरू होगा, जिसमें शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल होने वाले हैं। आयोजकों के अनुसार, इस विराट सम्मेलन में 50 हजार से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा व्यापक स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को दशहरा मैदान पर धर्म ध्वजा की स्थापना का विशेष कार्यक्रम रखा गया है, जो आयोजन की शुरुआत का प्रतीक होगा। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, जाति-पात के भेदभाव को समाप्त करना और संगठित और जागरूक हिंदू समाज का निर्माण करना है।

### राम मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने किया संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


हिंदू सम्मेलन में उपस्थित विधायक शर्मा समेत भाजपा पदाधिकारी।

संत हिरदाराम नगर की साईं बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भोपाल विभाग के विभाग प्रचारक कैलाश लोवंशी मुख्य वक्ता रहे। अपने उद्बोधन में कैलाश ने संघ की स्थापना से लेकर आज तक की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के संघर्ष का उल्लेख किया। सम्मेलन में विधायक रामेश्वर शर्मा, मीना पवैया, महंत अनिलानंद समेत जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सकल हिन्दू समाज का घर-घर किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


घर-घर जनसंपर्क करते पदाधिकारी।

सकल हिन्दू समाज के पदाधिकारियों ने गांधीनगर, सुविध विहार बस्ती, एग्जाटिका कॉलोनी में घर-घर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सक्सेना महेश विश्वकर्मा,वासुदेव गुलानी, चन्द्र गोलनी, अशोक मीणा, राजकुमार साधवानी, ओमप्रकाश शर्मा, नलिन दुबे, पुरुषोत्तम सक्सेना, प्रदीप मिश्रा, महेंद्र पाल सिंह, दृगपाल सिंह, इंद्र पंजवानी, मनीष, अनु जैन, चन्दर उद्धवानी व पंडित जी आदि उपस्थित थे।

### भक्ति केवल शब्द नहीं, जीवन जीने का तरीक़ा है: माता सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशीर्वाद एवं भोपाल जोन 24 ए के जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में रविवार को भक्ति पर्व समागम हुआ। भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने हरियाणा स्थित

**सभी ब्रांचों में भी हुआ भक्ति पर्व समागम**

संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित 'भक्ति पर्व समागम' पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता से पूर्व निरंकारी राजपिता ने भक्ति पर्व के अवसर पर यह समझाया कि भक्ति कोई पद, पहचान या अपनी बनाई परिभाषा नहीं, बल्कि ब्रह्मज्ञान पाकर कर्ता-भाव के समाप्त होने से उपजा जीवन जीने का ढंग है।

---

## खबर संक्षेप

### गली में अतिक्रमण से आने-जाने में परेशानी



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को कांग्रेस नेता वार्ड नंबर 4 निवासी मनोज खटीक ने रोष व्यक्त किया कि वार्ड नंबर 4 के मुख्य गली में दोनों तरफ अतिक्रमण के कारण आने-जाने में परेशानी हो रही है। मनोज खटीक ने बताया कि मेरे निवास स्थान के आसपास पानी की पाइपलाइन नाली के गंदे पानी के बीच से निकली है। इससे नलों में गंदा व बदबूदार पानी आता है। वार्ड 4 में सफाई व्यवस्था भी ठीक से नहीं है। खटीक ने कहा कि मुख्य गली से अतिक्रमण हटाया जाए।

### जगदीश चंदानी को मिला समर्थन

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी को नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए व्यापारियों ने दावा किया कि जगदीश चंदानी औबेदुल्लागंज नगर परिषद के सबसे ईमानदार और कर्मठ अध्यक्ष के रूप में दावा किया है उनका और समर्थन दिया है विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी जगदीश चंदानी का समर्थन करते हुए कहां की इस समय व्यापार महासंघ सबसे मजबूत है व्यापारी महासंघ के सचिव प्रदीप अरोरा विवेक मित्तल कैलाश डब्बू नागर किराना व्यापार संघ के विक्रम धाड़ी नीरज चावला रवि कमल व्यापार महासंघ के रतन मेघानी रमेश वासवानी बल्लु अरोरा दिनेश सेन कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित राजू भाई पटेल अमित राय आदि ने कहा कि सारे व्यापारी जगदीश चंदानी के साथ हैं।



### हिन्दू सम्मेलन: ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**भोपाल।** सोमवार को ओल्ड केम्पियन 4 बजे से मां हेमाम्बरा देवी माता मंदिर के पास विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन है। कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। नर्मदा ऑस्पताल से ओल्ड केम्पियन की ओर आने वाले मार्ग पर दबाव अधिक रहेगा।

---

### तलैया पुलिस ने गोताखोरों की मदद से निकाला शव

# कमलापति आर्च ब्रिज से युवक ने तालाब में लगाई छलांग, मौत


ब्रिज से कूदे युवक को देखती भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमलापति आर्च ब्रिज से रविवार शाम एक युवक ने तालाब में छलांग लगाकर जान दे दी। घटना शाम करीब साढ़े 6 बजे की है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची तलैया पुलिस ने गोताखोरों की मदद से रात करीब नौ बजे शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान बोरबन स्कूल के पीछे जिंसी जहांगीराबाद निवासी नीरज के रूप में हुई है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद तफ्तीश आगे बढ़ाई जाएगी। उसके बाद ही आत्महत्या के कारण सामने आ सकेंगे।

### प्रेमिका छोड़कर गई तो युवक ने लगा ली फांसी

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित मीरा नगर में शनिवार दोपहर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दो साल से परिवार से अलग अपनी प्रेमिका के साथ रह रहा था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि प्रेमिका के एकाएक छोड़कर चले जाने से वह दुखी था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस के अनुसार मीरा नगर हबीबगंज निवासी किशन शाह उर्फ बिट्टू पुत्र अजय शाह (19) ऑनलाइन कॉल सर्विस का काम करता था और करीब दो साल से परिवार से अलग किराए का कमरा लेकर रह रहा था। शनिवार दोपहर किशन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि किशन का किसी युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह युवती से शादी करना चाहता था।



युवती के साथ संबंधों के चलते ही वह परिवार से अलग किराए का कमरा लेकर रह रहा था। युवती भी उसके साथ रहती थी। मृतक किशन के चाचा सुभाष का कहना है कि दो साल से उक्त युवती उसके भतीजे किशन के साथ रह रही थी। लेकिन कुछ दिन पहले ही वह उसे छोड़कर अपने माता-पिता के घर चली गई। उसने बात करना भी बंद कर दिया था। उसके इस बर्ताव को लेकर किशन तनाव में रहने लगा था। उसने कई बार अपनी परेशानी का जिक्र किया था। चाचा का आरोप है कि युवती के कारण ही बिट्टू किशन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। युवती के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए।

### सूखी सेवनिया में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत ठंड से जान जाने का अनुमान

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव प्रेमपुरा शासकीय स्कूल के पास रविवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिस्थितियां देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत ठंड के कारण या अत्यधिक शराब पीने के कारण हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार रवि वाल्मीकि पिता कमलेश वाल्मीकि (28) गांव धातुरिया, जिला विदिशा का रहने वाला था और करीब चार महीने पहले ही गांव प्रेमपुरा रहने आया था। वह ईंट भट्टे पर काम करता था और शासकीय स्कूल में रात बिताता था। शनिवार रात वह शासकीय स्कूल में सोया था। सुबह भट्टे पर काम करने पहुंचे साथी मजदूर रामबाबू प्रजापति ने लाश पड़ी देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करने के बाद लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।

### कार्यालय में हुई संगठनात्मक बैठक

# भाजपा ने आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी और विगत कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करने पर विशेष मंथन किया गया। भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की गई तथा बूथ स्तर तक गतिविधियों को संचालित करने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से समन्वय और एकता के साथ पार्टी की विचारधारा एवं जनहितकारी योजनाओं को नागरिकों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया।

# खुद को पत्रकार बताकर सड़क पर हंगामा, युवती पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर चौराहा पर चौकी के पास शुक्रवार रात भीड़ सड़क पर हंगामा कर भीड़ इकट्ठा कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने वाली युवती पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

दरअसल, भानपुर चौराहा पर एक युवक ट्रक के दो टायरों के बीच गिर गया था। पुलिस की टीम क्रेन से ट्रक हटाकर युवक को बाहर निकालने का प्रयास करने लगी। इसी बीच युवती वहां पहुंच गई और वीडियो बनाने लगी। पुलिस ने युवती से कहा कि लाश से दूरी पर खड़े रहें, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। वह पुलिस से बदसलूकी करने लगी। पुलिस ने उससे उसका परिचय पूछा तो वह कहने लगी कि बड़े अखबार समूह की पत्रकार हूं। हालांकि जब पुलिस ने उससे परिचय पत्र मांगा तो वह स्कूटर लेकर निकल गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब साढ़े 8 बजे भानपुर चौकी के पास पुलिस प्रतिदिन की तरह पाइंट लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच छोला इलाके में रहने वाल अमन साहू चौराहा से गुजर रहे ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। पुलिस ने अमन साहू को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया था। वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ युवती का ड्रामा

सोशल मीडिया पर युवती का एक वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में वह पुलिस से बदतमीजी करते हुए नजर आई है। पुलिस ने उससे पूछा कि तुम कौन हो तो उसने अपना नाम आरती रजक बताया और खुद को एक बड़े अखबार समूह में पत्रकार बताया। पुलिस ने उससे आईडी कार्ड मांगा तो वह नहीं दिखा सकी। पुलिस ने कहा कि चलों थाने चलो। इस पर वह कहने लगी कि चलो कौन से थाने चलना है। पुलिस ने उससे पूछा कि आपने हेलमेट नहीं लगाया है। इस पर वह कहने लगी कि चलो कौनसे थाने चलना है। उसने भीड़ में यह भी कहा कि कौन कौन मेरे साथ थाने चलेगा। इसके बाद स्कूटर पर बैठकर वहां से निकल गई।

जनता को शुद्ध पेयजल प्रदान करने को लेकर प्रशांत ने जल शाखा कर्मचारी को दी हिदायत

# नपा सीएमओ जैन के आदेश से एक दर्जन जगहों पर दुरुस्त की गई पानी की पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका परिषद के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक पेयजल पाइप लाइन का काम तेजी से चल रहा है, जिसमें व्यवस्थित जल प्रदाय सुधार का काम किया जा रहा है। बता दें कि अधिकांश जगहों पर पानी की पाइप नाली और सीवेज में डूबी है, जिससे आए दिन वार्डों में गंदे पानी पीने की शिकायत मिल रही थी।

इंदौर की घटना को सबक लेते हुए नपा के सीएमओ प्रशांत जैन ने जल शाखा के कर्मचारियों को हिदायत देते हुए नगर के सभी 26 वार्डों में पाइप लाइन को सुधार के लिए सख्त आदेश दिए हैं।

#### सतलापुर, राहुल नगर, वार्ड 1 समेत कई जगहों पर सुधार कार्य किया


पेयजल पाइपलाइन सुधारता कर्मचारी।

नपा के अलग-अलग वार्ड में करीब एक दर्जन से अधिक जगहों पर पाइप लाइन के सुधार का काम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सतलापुर, राहुल नगर, वार्ड एक समेत कई अन्य जगहों पर पाइप लाइन के सुधार का काम किया गया।

#### शिकायत पर तुरंत लेंगे संज्ञान

सीएमओ जैन ने बताया कि नगर में किसी भी प्रकार के जल प्रदाय सेवा में दिक्कत आने पर अथवा दूषित पानी को लेकर शिकायत मिलने पर तुरंत सुधार कार्य किया जाएगा।

### दिलीप की आत्महत्या से संतनगरवासी गमगीन

**संतनगर।** सर्राफ़ा मार्केट में इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी अशोक कुमार फुलवानी के बेटे प्रशिक्षित पायलट 46 वर्षीय दिलीप कुमार फुलवानी की आत्महत्या ने रहवासियों को झकझोर कर दिया है। उसने अमेरिका से पायलट की ट्रेनिंग ली थी, लेकिन भारत लौटने के बाद लंबे समय तक मनचाही नौकरी नहीं मिलने के कारण वह गहरे अवसाद में रहने लगा। इस घटना से रहवासी स्तंभ रहे गए। दिलीप का व्यवहार काफ़ी मिलनानुसार था, जिससे उपनगर में शोक की लहर व्याप्त है।

### भारी सुरक्षा के बीच किया कोर्ट में पेश, बोला-अपराध लंबे समय पहले छोड़ा, करता हूं प्रॉपर्टी डीलिंग

खुद को इरानी डेरे का सरदार मानने से किया इंकार, कहा- समाज के लोग करते हैं अपराध, होती है मेरी बदनामी

# राजू इरानी को भोपाल लेकर आई पुलिस, भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट में किया पेश, मांगी रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस सूरत से राजू इरानी को रविवार सुबह भोपाल ले आई। उसे कोर्ट में पेश किया गया, वहां से रिमांड मांगी गई। पुलिस को छह दिन की रिमांड मिली है।

अब 17 जनवरी को पुलिस आरोपी राजू इरानी को कोर्ट में पेश करेंगी। जरूरत पड़ने पर और भी रिमांड अवधि पुलिस मांग सकती है। थाना प्रभारी मनोज पटवा का कहना है कि थाना क्षेत्र में उसके खिलाफ एक आगजनी का प्रकरण दर्ज हुआ था। वह प्रकरण में फरार था। राजू आदतन बदमाश है। लंबित प्रकरणों में उसे कोर्ट पेशी पर जाना था, लेकिन वह कोर्ट में पेश नहीं हो सका, लिहाजा चार वारंट अलग से उसके खिलाफ जारी हुए थे। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूरत सिटी क्राइम



ब्रांच से इनपुट मिला था कि आपके क्षेत्र का कुख्यात बदमाश यहां छिपा हुआ है। इनपुट मिलने पर थाना प्रभारी ने टीम का गठन किया। टीम में एसआई अशोक शर्मा, एसआई मोहम्मद यासीन, एएसआई सतेंद्र चौबे और आरक्षक राजेंद्र मीणा भेजा गया। टीम ने सूरत सिटी क्राइम ब्रांच की मदद से राजू इरानी को दबोच लिया। राजू ईरानी को निशातपुरा पुलिस की टीम रविवार सुबह 9 बजे भोपाल लेकर पहुंची थी। रविवार को कोर्ट की छुट्टी होने के कारण विशेष कोर्ट में उसे पेश किया गया। कोर्ट में राजू इरानी की 17 जनवरी तक रिमांड मांगी गई। कुख्यात बदमाश होने के कारण कोर्ट ने पुलिस को 17 जनवरी तक की रिमांड दे दी है। आबिद अली उर्फ राजू उर्फ रहमान डकैत कुख्यात बदमाश है। वह इरानी डेरे का सरदार है, लेकिन वह खुद को इरानी डेरे का सरदार मानने से इंकार कर रहा है। वह कह रहा है कि वह लंबे समय से अपराध छोड़ चुका है और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहा है। कुख्यात राजू पर गिरोह चलाकर वारदात करने के आरोप है।

## निषाद वंशीय मछुआ समुदाय का सर्वगौत्रीय परिचय सम्मेलन हुआ आयोजित

# जीवन साथी ऐसा हो जो महिलाओं का सम्मान करे, लड़के बोले-परिवार को साथ लेकर चले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार का दिन सामाजिक रिश्तों के नाम रहा। कई स्थानों पर विभिन्न समाजों के परिचय सम्मेलन हुए, जिनमें समाज सुधार से लेकर कुरीतियों पर प्रहार और उपजातियों में रिश्ता बनाने पर भी जोर दिया। इनमें मानस भवन में रविवार को निषाद वंशीय मछुआ समुदाय का सर्वगौत्रिय अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में करीब 300 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। युवतियों ने ईमानदार व महिलाओं का सम्मान करने वाले और जीवनसाथी हमारे कार्य में करें सहयोग करने वाले युवक से शादी करने की चाह रखी गई। वहीं युवकों ने भी ऐसी लड़की से शादी करने की बात कही जो परिवार को साथ लेकर चले। समिति के अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि परिचय सम्मेलन 300 युवक-युवतियों ने मंच से परिचय दिए। इस दौरान स्व. किशोरी लाल रायकवार-स्व. भगवती देवी प्रतिभा सम्मान से कक्षा 10 वीं में 97% अंक अर्जित करने वाले नितिन माझी को एवं कक्षा 12वीं में 93.8% अंक अर्जित करने वाले हेमंत रायकवार को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय व निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। आदिवासी निषादवंशीय मछुआ कल्याण समिति के इस सम्मेलन में देशभर से आए मछुआ समाज के मांझी, कीर, कहार, केवट, कश्यप, निषाद, मल्लाह, भोई, ढीमर, नाविक, सोंधिया, रयकवार, बाथम, बिंद, सहानी, वर्मन, मेवाड़ा, नोरिया व नागर उपनामों के युवक-युवती अपने परिजनों के साथ शामिल हुए। प्रदेश के विभिन्ना जिलों के साथ ही छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से समाज के करीब 5 हजार लोग इस सम्मेलन में शामिल हुए।


अपना परिचय देती युवतियां।



निषाद वंशीय समाज का परिचय सम्मेलन।

### 12 जनवरी को आयोजित होगा कार्यक्रम

## ज्ञान युग दिवस के रूप में मनाएंगे महर्षि योगी का जन्म दिवस

**भोपाल।** महान संत, चेतना वैज्ञानिक तथा भावातीत ध्यान के प्रणेता महर्षि महेश योगी का 109वां जन्मदिवस ज्ञान युग दिवस के रूप में आज अनंत श्रीविभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से भोपाल के स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती आश्रम में स्थित महर्षि उत्सव भवन में आयोजित होगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं महर्षि संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से विश्व शांति की स्थापना विषय पर सेमिनार होगा। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा, सुप्रसिद्ध मिसाइल वैज्ञानिक एवं डीआरडीओ के डॉ. सुधीर मिश्र, भारत सरकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्रालय के सलाहकार डॉ. निलोय खरे, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस नई दिल्ली की प्राध्यापक उमा कुमार अपने-अपने सारगर्भित विचारों को साझा करेंगे।महर्षि ज्ञान युग दिवस के दूसरे दिन 13 जनवरी को दोपहर 2:15 से 4 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दोहरे समाज समिति का चुनाव संपन्न

**भोपाल।** मप्र दोहरे समाज समिति की नई कार्यकारणी का चुनाव सुभाष कॉलोनी अशोक गार्डन भोपाल में स्थित दोहरे भवन में रविवार को जगराम दिवाकर चुनाव अधिकारी के रूप में संपन्न कराया गया, जिसमें सर्व सहमति से नई कार्यकारणी चुनी गई। इसमें जहां राम प्रसाद प्रभाकर, जेआरपी पडकोलिया, शिव कुमार दोहरे, राम सेवक दिवाकर, आरएल मिहौलिया, रामसेवक चौधरी को संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। तो वहीं रामभरोसे भास्कर को अध्यक्ष, अजय प्रभाकर को उपाध्यक्ष व श्यामसिंह खरे को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा एक दर्जन लोगों को भी कार्यकारणी में जगह दी गई है।

### बघेल तीसरी बार चुने गए निर्विरोध अध्यक्ष

**भोपाल।** पाल बघेल समाज श्रीकृष्ण गोवर्धन मंदिर समिति के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान उर्जन सिंह पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनके निर्देशन में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। समिति के चुनाव में सभी सदस्यों की सहमति से निर्णय लेते हुए महेन्द्र सिंह बघेल को लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

### पथ विक्रेता एकता संघ का अभियान 16 को

**भोपाल।** पथ विक्रेता एकता संघ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय शक्ति संचय अभियान का आयोजन किया जा रहा है। 16 जनवरी को राजधानी भोपाल के मानस भवन में पथ विक्रेता का शक्ति संचय अभियान आयोजित होगा। पथ विक्रेता एकता संघ के अध्यक्ष रत्नेश उपाध्याय ने बताया कि शक्ति संचय अभियान में माइक्रो, छोटे और माध्यम खुदरा विक्रेताओं की हितों की रक्षा और उनके विकास के लिए काम करने के उदेश्य को लेकर संकल्प लेंगे। साथ ही अभियान में शामिल होने वाले पथ विक्रेताओं को शासन की विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।

### वाह सुखमनी पाठ और भजन कीर्तन आयोजित

**भोपाल।** संत नगर के बेटा गांव स्थित संत ज्ञानदीप सेवा मंडली द्वारा संचालित सुखधाम मंदिर में संत हिरदाराम की पुण्यतिथि पर सुखमणि साहिब भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

### संघ शताब्दी वर्ष: 100 से अधिक बस्तियों में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन

# समाज में जागरण,समरसता का संदेश देकर राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प


शहर में कई स्थानों पर रैलियां निकलीं।



कोलार के डी मार्ट के पास आयोजित समारोह में स्वदेशी जागरण मंच महिला प्रकोष्ठ की प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने पंच परिवर्तन में महिलाओं की भूमिका पर संबोधन दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत रविवार को सकल हिंदू समाज भोपाल महानगर के तत्वावधान में प्रताप जिला, विद्युत जिला, तात्या टोपे जिला, विक्रम जिला और भोजपुर जिला के 100 से अधिक खंडों, नगरों एवं बस्तियों में व्यापक स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। भोपाल महानगर सहित पूरे विभाग में एक साथ आयोजित इन सम्मेलनों ने समाज में जागरण, संगठन और समरसता का संदेश देते हुए राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ किया।

संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित यह श्रृंखला समाज को जोड़ने और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई। इसी क्रम में प्रताप जिले की पीपुल्स वर्ल्ड बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में सज्जन शक्ति की सहभागिता रही। सम्मेलन में साध्वी प्रज्ञा भारती, प्रांत प्रचारक मध्य भारत प्रांत विमल गुप्ता एवं पण्डोखर महाराज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परिवार विषय पर आधारित प्रेरक नुक्कड़ नाटक से हुआ, जिसने परिवार, संस्कार और सामाजिक दायित्वों के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया नीलबड़ मंडल की ओर से शिव सांवरिया गार्डन, नीलबड़ में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गौ पूजन एवं भारत माता पूजन से हुई।

### पंच परिवर्तन को वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता : विमल गुप्ता

प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने संघ के समाज जीवन में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ अपने जन्म से ही व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है। उन्होंने पंच परिवर्तन को वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए इसके प्रत्येक आयाम पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह गीत राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकात्मता का भाव जागृत करता है। उन्होंने संयुक्त परिवार, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व, परिवार व समाज में स्त्रियों की भूमिका तथा सनातन संस्कृति के मूल्यों पर भी अपने विचार रखे। पण्डोखर महाराज ने कहा कि हिंदू समाज को जातिगत विभाजन से ऊपर उठना होगा।

### बिजली नगर कॉलोनी में कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

भोपाल। श्रीराम शाखा औद्योगिक बस्ती के तत्वावधान में सकल हिन्दू समाज का भव्य हिन्दू संस्कृति सम्मेलन आज बिजली नगर कॉलोनी में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ प्रातः 9 बजे प्राइवेट बिजली कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर प्रांगण, बिजली नगर कॉलोनी पहुंची।


बिजली नगर में कलश यात्रा निकाली गई।

### ओम प्रकाश साहू बने मप्र तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष



**भोपाल।** मप्र तैलिक साहू सभा के त्रिवार्षिक चुनाव मां बिजासन देवी मंदिर सलकनपुर में संपन्न हुए। प्रदेश के 36 जिलों के 800 से अधिक मतदाताओं ने मतदान किया। चुनाव में ओम प्रकाश साहू प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार रहे। व्यापक समर्थन प्राप्त होने के कारण उन्हें निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। प्रदेश प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि मां बिजासन देवी की महाआरती एवं दर्शन कर चुनावी प्रक्रिया में समाजजनों उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चुनाव प्रक्रिया में केंद्रीय पर्यवेक्षक डॉ. सियाराम साहू राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में रमेश साहू एडवोकेट ने जिम्मेदारी निभाई, जबकि सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में हरिशंकर साहू, अनिल कुमार साहू, अकेला राम गोपाल साहू और शोभा साहू ने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराया। निर्वाचन उपरांत निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू ने अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए सभी मतदाताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आचार्य एवं विवेकानंद के विचार बताए

## युवा चेतना परिष्कार एवं भाव संवर्धन सत्र का आयोजन


कार्यक्रम के दौरान युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रविवार को युवा चेतना परिष्करण एवं भाव संवर्धन सत्र विषय पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के संयोग से युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में एक प्रेरणादायी एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में वैचारिक जागरण, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रसेवा की चेतना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रज्ञा गीत के साथ हुआ। इसके हाज ध्यान एवं गायत्री मंत्र साधना कराई गई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। मिशन एवं कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने युवाओं के भावनात्मक सशक्तिकरण, आत्मनिर्माण और समाज निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस दौरान पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के त्यागपूर्ण चरित्र तथा स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी विचारों को केंद्र में रखते हुए युवाओं को आत्मविश्वास, कर्तव्यबोध एवं सेवा भावना से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं की समस्याओं, विशेषकर समय प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों पर संवाद कर उनके व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रांतीय मीडिया प्रभारी रमेश नागर, डॉ. समेली, अनमोल, पंकेश, अमरीश पाठक व अभिषेक सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।


विषय पर बोलते वक्ता।

### हर माह आयोजित होंगे रक्तदान शिविर

## रेडक्रॉस चलाएगा सदस्यता अभियान, बांटेगा स्वेटर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा भोपाल की रविवार को आयोजित बैठक में मानवीय सेवा, स्वास्थ्य संरक्षण और सामाजिक दायित्वों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्वामी विवेकानंद सेवा सप्ताह के समापन पर आर्थिक रूप से कमजोर एवं सेवा बस्ती के बच्चों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय विद्यालय मीरा नगर एवं शासकीय माध्यमिक शाला नीलबड़ में आयोजित किया जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कमलाकर सिंह, सचिव प्रमोद सक्सेना, राधेश्याम पाण्डेय, डॉ. अनिल पचौरी, संदीप सिंह परिहार, कुलदीप सिंह एवं मीडिया समन्वयक दिनेश शुक्ल उपस्थित रहे। प्रबंध समिति ने रेडक्रॉस की जनपहुंच बढ़ाने के लिए जिलेभर में सघन सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया।

### वैज्ञानिक एवं पर्यावरणविद डॉ. सक्सेना ने दिया प्रशिक्षण

## तालाबों से निकालकर पीओपी की प्रतिमाओं का किया केमिकल तरीके से विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियों का निर्माण कानूनन प्रतिबंधित है तथा केवल मिट्टी से निर्मित मूर्तियों के निर्माण की अनुमति है। इसके बावजूद कई वर्षों से भोपाल के विभिन्न तालाबों में पीओपी से बनी गणेशजी, दुर्गा जी एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों का विसर्जन किया गया, जो पानी में घुलती नहीं हैं और पानी में पड़ी रहती हैं। इसी गंभीर पर्यावरणीय समस्या के समाधान हेतु सकारात्मक सोच ग्रुप द्वारा एक सराहनीय एवं सकारात्मक पहल की गई। इस अभियान के अंतर्गत तालाबों में विसर्जित की गई पीओपी की मूर्तियों जो कि पानी में नही घुलती है, उन मूर्तियों को बाहर निकालकर उनका वैज्ञानिक तरीके से उचित विसर्जन करने के लिए उचित पहल की गई। इस अवसर पर डॉ. योगेन्द्र कुमार सक्सेना ने सकारात्मक सोच ग्रुप के सदस्यों को पीओपी से बनी मूर्तियों को केमिकल डिसइंटीग्रेशन विधि के माध्यम से सुरक्षित रूप से पानी में घोलने का प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. सक्सेना ने कहा कि गणेश चतुर्थी एवं नवरात्रि जैसे पर्वों पर केवल मिट्टी से बनी मूर्तियों का ही उपयोग किया जाना चाहिए, जिससे विसर्जन के दौरान मूर्तियां जल में आसानी से घुल सकें। इस जागरूकता एवं सेवा अभियान में समाजसेवी मम्तेश शर्मा, अनिता शर्मा, रेखा शर्मा, सोनाली, श्रद्धा, लता, पूजा, पंकजा, किरण, पूर्णिमा एवं मीनू की उपस्थिति रही।


पीओपी प्रतिमाओं के विसर्जन का तरीका बताते विशेषज्ञ।

### कार्यशाला और एफडीपी का समापन

## आईईएचई में वर्कशॉप, तकनीकी सत्र में 90 प्रतिभागियों को दी जानकारी



कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी एवं अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में रविवार को 6 दिवसीय कार्यशाला और एफडीपी (हाइब्रिड मोड) का समापन हुआ।

तकनीकी सत्र में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान से डॉक्टर हुसैन जीवाखान ने साइलैब क्लाउड के उपयोग से करीब 90 प्रतिभागियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन जानकारी दी गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के संचालक डॉ प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ रुचिरा चौधरी, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी विभाग रहीं। डॉ महेंद्र सिंघई, प्रशासनिक अधिकारी, भौतिक शास्त्र एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनुज ह्यूंडेट अध्यक्ष की भूमिका में रहे। इस अवसर पर एफ डीपी के संयोजक, प्राध्यापक डॉ अमित जैन व आयोजन समिति से डॉ विनोय कुमार सिन्हा एवं संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी डॉ महेंद्र सिंघाई विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### तीनों मंडलों में से भोपाल में सबसे ज्यादा महिलाओं तक पहुंची टीम, साथ ही प्राप्त किया गया मुसाफिरों का फीडबैक

## महिलाओं को पानी से लेकर मेडिकल सहायता तक तुरंत कराई गई उपलब्ध

# ऑपरेशन मेरी सहेली: पश्चिम मध्य रेल जोन में एक साल के भीतर ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली दो लाख से ज्यादा महिलाओं की आरपीएफ ने की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेन में अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं के मदद करने के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान मेरी सहेली चलाया जा रहा है। इसके तहत साल 2025 में पमरे जोन के विभिन्न स्टेशन से गुजरने वाली सैकड़ों ट्रेनों में दो लाख से अधिक अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को अटेंड कर मदद की गई। इस दौरान महिलाओं को पानी से लेकर मेडिकल सहायता तक पहुंच गई। पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में से भोपाल में सबसे ज्यादा महिलाओं तक टीम पहुंची। साथ ही फीडबैक भी प्राप्त किया गया हैं।


मेरी सहेली की टीम।

### जीएम के निर्देश पर बनाई गई टीम

भोपाल रेल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि पमरे जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निर्देश पर इसके लिए विशेष टीमें बनाई गईं। तीनों मंडलों के विशेष महिला वाहिनियों की टीम द्वारा 2025 के दौरान मेरी सहेली अभियान के तहत 2,06,812 अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को अटेंड कर सुरक्षित यात्रा के लिए सहायता प्रदान करते हुए उन्हे उनके गंतव्य तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने में मदद की गई। साथ ही फीडबैक भी प्राप्त किया गया हैं।

### कोच में पहुंचती थी एक-एक महिला जवान

रेलवे अधिकारियों का अनुसार भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन के रुकते ही हर कोच में टीम की एक-एक महिला जवान अंदर जाकर महिला यात्री से जानकारी देकर एक फॉर्म में उनका मोबाइल, नाम और अंतिम स्टेशन के बारे में पूछती है। ट्रेन में भी मेरी सहेली की टीम महिलाओं से लगातार संपर्क में रहती हैं। महिलाओं की सुरक्षा और समस्याओं से निपटने के लिए मेरी सहेली निगरानी रखती है। मेरी सहेली की टीम को इसकी शिकायत मिलते ही टीम के सदस्य रिस्पॉन्स देती है और समस्या को दूर किया जाता है।

## कोहरे को लेकर रेलवे हुआ सतर्क, अब ट्रैकमेनों के वॉकी-टॉकी की बढ़ेंगी फ्रिक्वेंसी

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आती नहीं दिखाई दे रही है। तो वहीं रेलवे ने कोहरे में ट्रेनों के संचालन को लेकर पहले से ओर सर्तकता बढ़ा दी है। रेलवे बोर्ड के निर्देश के बाद पमरे जोन की ओर से कोहरे को लेकर सतर्क हो गया। इसके चलते अब कोहरे के सीजन में ट्रैक-मैनों के वॉकी-टॉकी की फ्रिक्वेंसी बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिससे इस सीजन में हर प्रकार की सूचना तत्काल कंट्रोल व ट्रेन के गार्ड और चालक को दे सकें। जानकारी के अनुसार ट्रेक पर मजबूती से काम करने वाले ट्रैकमेनों को मिलने वाली वॉकी-टॉकी की फ्रिक्वेंसी को पमरे जोन ने बढ़ाने का निर्णय लिया है।



किसान सम्मेलन में रैली का दृश्य।

# किसान कल्याण के लिए सरकार ने 10 दिशात्मक मॉडल किए तैयार, युवाओं को भी खेती से जोड़ेंगे

**मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन को किया संबोधित, कहा : कृषि आधारित स्टार्ट-अप को देंगे बढ़ावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसानों की आय बढ़ाने, लागत घटाने और खेती को स्थाई करने के लिए हमारी सरकार ने 10 दिशात्मक मॉडल तैयार किये हैं। यह मॉडल हमारे लिए 10 संकल्प की तरह हैं। इसके तहत हम कृषि बदलाव की बड़ी परियोजनाओं पर हम युद्ध स्तर पर काम करेंगे।

किसानों की आय वृद्धि एवं वेस्ट में कमी लाने का पूरा प्रयास करेंगे। युवाओं को खेती के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही आधुनिक तकनीक को खेती-किसानी का अहम हिस्सा बनाएंगे। यह बात मुख्यमंत्री ने डॉ. मोहन यादव ने




किसान सम्मेलन में मौजूद सीएम एवं मंत्रीगण।

रविवार को राजधानी के जंबूरी मैदान में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि पर्यटन से गांवों में नए रोजगार और पहचान के अवसर पैदा होंगे। खेत से फैक्ट्री तक के विज़न के तहत किसानों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को मिशन मोड पर बढ़ावा देंगे। संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप 2.0 और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देंगे। कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (सीबीजी) की स्थापना की जाएगी। एमपी ग्लोबल एग्री ब्रांडिंग और एग्री-हैकाथॉन जैसे नवाचारों पर विशेष फोकस करेंगे। कृषि आधारित उद्योग और फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देंगे। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत सालभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फरवरी में कोदो-कुटकी बोनस वितरण, मार्च में प्राकृतिक खेती संगोष्ठी और मई में नर्मदापुरम का प्रसिद्ध आम महोत्सव आयोजित किया जाएगा। अगस्त-सितम्बर में इन्दौर में एफपीओ कन्वेंशन और छिंदवाड़ा में एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर निधि पर कार्यशालाएं होंगी। अक्टूबर और नवम्बर के महीने में फूड फेस्टिवल और नरसिंहपुर में गन्ना महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर कार्य करेगी सरकार : हेमंत खण्डेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 को युवाओं, गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उद्योग एवं रोजगार के लिए समर्पित किया। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर स्तर पर कार्य करेगी। इसमें कृषि क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स सुधार, वैल्यू एडिशन, कृषि-उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और निर्यात को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं, ताकि किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

## किसानों को मदद कर मजबूत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी: कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि किसानों को मदद देकर मजबूत बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस वर्ष पूरी सरकार किसानों के कल्याण के लिए समर्पित होकर काम करेगी।

**हमारी सरकार अन्नदाताओं के साथ है: सारंग** खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाताओं के साथ है। किसान की खेती-किसानी को बेहतर बनाकर पैदावार एवं आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार के 16 से अधिक विभाग मिलकर काम करेंगे। यह एक लक्ष्य की साधना का वर्ष है और हम यह संकल्प पूरा करके रहेंगे।

**किसानों से ही प्रदेश समृद्ध होगा: गौर** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि किसान ही प्रदेश की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और विकास का द्वार है। किसानों से ही प्रदेश समृद्ध होगा।

**कन्या-पूजन कर किया प्रदर्शनी का शुभारंभः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सम्मेलन स्थल पर आयोजित कृषि विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। गौमाता पूजन एवं उन्हें रोटी खिलाकर



प्रदर्शनी का दृश्य।

---

## खबर संक्षेप

### परशुराम सेवा सम्मान से कर्मचारी नेता अशोक पांडे सम्मानित



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष और वरिष्ठ कर्मचारी नेता अशोक पांडे को सांसद आलोक शर्मा, पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर, महापौर मालती राय ने परशुराम सेवा सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर एमआईसी मेंबर मनोज राठौर, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं राकेश चतुर्वेदी ब्राह्मण, अशोक तिवारी, बच्चन नायक, हेमंत श्रीवास्तव, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, पूर्व एमआईसी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा उपस्थित थे। परशुराम सेवा सम्मान से सम्मानित होने पर अशोक पांडे ने कहा कि यह सम्मान कर्मचारियों की सेवा, संघर्ष का 27 वर्षीय लंबे कार्यकाल के कारण दिया गया है। कर्मचारियों और श्रमिकों की मांगों का लेकर दो बार जेल भी जाना पड़ा। बतादें कि अशोक पांडे को कर्मचारी जगत की सेवा करने के लिए स्वर्गीय सतनारायण तिवारी सेवा सम्मान एवं मजदूर दिवस पर 2020 में मजदूर रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है।

■ सांसद, पूर्व सांसद, महापौर ने किया सम्मानित

---

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर अमन गुप्ता

# प्रदेश में युवाओं को दिलवाएंगे अनुभवी उद्यमियों का मार्गदर्शन

**नई स्टार्टअप पॉलिसी 2025 युवाओं के लिए मददगार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में बोट लाइफस्टाइल, मुम्बई के कोफाउंडर अमन गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने गुप्ता को जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में नई स्टार्टअप पॉलिसी 2025 लागू की गई है जो युवाओं के लिए मददगार है। युवा उद्यमिता को मप्र में प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस क्षेत्र में 47 प्रतिशत स्टार्टअप में महिला उद्यमी हैं, जो उल्लेखनीय है। मप्र में इन स्टार्टअप की संख्या राष्ट्रीय औसत से तीन गुना है। मुख्यमंत्री ने गुप्ता को इंदौर पीथमपुर क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। मप्र को देश के शीर्ष स्टार्टअप इकोसिस्टम में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में 6 हजार से अधिक स्टार्टअप रजिस्टर्ड हैं। इनकी संख्या दुगुनी करने का लक्ष्य है। प्रदेश के युवाओं को अनुभवी और सफल उद्यमियों का मार्गदर्शन मिलना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार विशेष प्रयास कर रही है। इस नाते स्टार्टअप क्षेत्र में बोट लाइफस्टाइल के अनुभवी उद्यमियों का मार्गदर्शन निश्चित ही सहायक सिद्ध होगा।

**मप्र में स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए करेंगे सहयोग**



बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर ने भेंट की सीएम से भेंट।



रवींद्र भवन में स्टार्टअप कार्यक्रम क दृश्य।

**मप्र में निवेश के साथ ही यहां स्टार्टअप**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर गुप्ता ने मप्र में निवेश के साथ ही यहां स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे मप्र के युवाओं में काफी प्रतिभा देखते हैं। वे मेंटरशिप प्रदान करने और युवा उद्यमिता कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से होंगे। गुप्ता ने भोपाल में हुए स्टार्टअप एमपी- हैक एण्ड मेक 2026 हैकाथॉन में हिस्सेदारी को सुखद बताया। बोट लाइफस्टाइल एक अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जो ऑडियो उत्पादों जैसे ईयर फोन, हेडफोन, स्पीकर आदि के निर्माण के क्षेत्र के साथ ही विपणन का कार्य करती है। कंपनी ने मेड इन इंडिया के तहत घरेलू उत्पादन के विस्तार की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**स्टार्टअप पिचिंग सत्र में छह स्टार्टअप्स का चयन, आज देंगे प्रस्तुतीकरण**

मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट 2026 के पहले दिन स्टार्टअप पिचिंग सत्र में राज्य के नवाचारी स्टार्टअप्स को निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों, इनक्यूबेटर्स एवं नीति निमार्ताओं के समक्ष अपने विचार और व्यावसायिक मॉडल प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्रदान किया। रवींद्र भवन में प्रारंभ हुए दो दिवसीय समिट में पिचिंग सत्र में राज्य भर से लगभग 300 से अधिक स्टार्टअप्स से नामांकन प्राप्त हुए। समिट में स्टार्ट अप का मूल्यांकन एक पारदर्शी एवं दो-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञों, वेंचर कैपिटल प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ इकोसिस्टम लीडर्स से युक्त जूरी द्वारा बाजार क्षमता, स्केलेबिलिटी, वित्तीय व्यवहार्यता एवं समग्र प्रभाव जैसे मानकों पर अवलोकन किया गया। चयन प्रक्रिया के उपरांत शीर्ष 12 स्टार्टअप्स को पिचिंग सत्र में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। इन स्टार्टअप्स ने एग्री-टेक, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी, हेल्थ-टेक, सस्टेनेबिलिटी एवं सेवा क्षेत्रों में अपने अभिनव और स्केलेबल समाधानों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

---

### कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में होगा कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे राज्य स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 तक ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा आयोजित कर रहा है।

इस अभियान का श्रीगणेश स्वामी विवेकानंद जयन्ती युवा दिवस पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद् के उपाध्यक्ष मोहन नागर करेंगे।

**उपलब्धियों, योजनाओं की जानकारी देना उद्देश्य**

*अभियान का उद्देश्य परिषद् की नवांकुन संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों तक पहुंचाकर यह सुनिश्चित करना है कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ अंतिम पात्र हितग्राही तक पहुंचे। अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन होगा।*

**अभियान में रहेगी इनकी सहभागिता**

मप्र जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाएं, परिषद से जुड़ी स्वैच्छिक संस्थाएं, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठनों द्वारा सहभागिता की जाएगी। साथ ही शासन के विभिन्न विभागों का मैदानी अमला भी सहभागिता करेगा। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय, विखं स्तरीय, सेक्टर और ग्राम पंचायत स्तरीय ग्रामोत्सव के आयोजन होंगे।

# सिंहस्थ-28 के लिए 20 हजार करोड़ के विशेष पैकेज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों की प्री-बजट बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा शामिल हुए।

उन्होंने बैठक में मध्य प्रदेश का पक्ष रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं और केंद्र सरकार की योजनाओं के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए गए हैं और प्रदेश का वित्तीय प्रबंधन लगातार बेहतर हुआ है। देवड़ा ने वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महापर्व के लिए 20 हजार करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की मांग की। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं और उनकी सुविधा के लिए सड़क, घाट, पुल, ठहरने की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का विकास जरूरी है। इसके लिए पहले ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक ने मध्यप्रदेश की बजटीय विश्वसनीयता और व्यय गुणवत्ता की सराहना की है। प्रदेश लगातार राजस्व अधिशेष की स्थिति में रहा है। उन्होंने सकल राज्य घरेलू उत्पाद के आधार पर ऋण सीमा तय करने का आग्रह करते हुए कहा कि 15वें वित्त आयोग के अनुसार प्रदेश का 16.94 लाख करोड़ रुपये है, जिसे मान्य किया जाना चाहिए।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी: देवड़ा**

पूंजीगत व्यय पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास को गति देने के लिए बजट में लगातार वृद्धि की जा रही है और 2026-27 में इसे और बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवारों को 125 दिन का रोजगार मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में पूरी निष्ठा से आगे बढ़ रहा है।

---

## सियासतनामा



### नेताओं के बयान छिड़क रहे जले पर नमक

अब लगभग हर बड़े और छोटे शहर से दूषित पेयजल आपूर्ति की खबरें सामने आ रही हैं। व्यवस्था को ठीक करने की बजाए कुछ नेता अपने बयानों से लोगों के घाव पर नमक छिड़क रहे हैं। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने सिर्फ सरकार ही सब कुछ करे, सरकार के भरोसे हम रहें, ये ठीक नहीं है। जनता की भी एक जिम्मेदारी बनती है। इस तरह सांसद ने सीधे जनता को ही सफाई का जिम्मा सौंप दिया और गंदगी का ठीकरा उनके सिर पर फोड़ दिया। नेताओं की इस मानसिकता के कारण ही लोग पानी की जगह जहर पीने को मजबूर हैं।

### ये सर्वे रिपोर्ट खोल चुकीं पेयजल सिस्टम की पोल

मध्य प्रदेश राज्य जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्य योजना 2022-27 के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2016 से 2020 तक सिर्फ 5 साल में राज्य के 10 जिलों में 18 लाख 93 हजार 673 लोग पानी से होने वाली बीमारियों से प्रभावित हुए। हेल्थ डेटा और हालिया घटनाएं साफ संकेत देती हैं कि इंदौर, भोपाल, उज्जैन और ग्वालियर जैसे शहरी इलाकों में पानी की गुणवत्ता पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट नंबर 3/2019 के अनुसार इंदौर और भोपाल नगर निगमों ने 8.95 लाख परिवारों को दूषित पेयजल सप्लाई किया। पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट ने 2013 से 2018 के बीच 5.45 लाख पानी से होने वाली बीमारियों के मामले दर्ज किए।

### सरकारी बंगलों का मोह करा रहा नेताओं की फजीहत

कुछ नेता सरकारी बंगलों के मोह में अपनी फजीहत करा रहे हैं। इनमें एक हैं पूर्व मंत्री रामपाल सिंह। ये विधानसभा का चुनाव हार चुके हैं लेकिन सरकारी बंगला खाली करने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रभात झा अब इस दुनिया में ही नहीं हैं लेकिन उनके बेटे आवंटित बंगला नहीं छोड़ना चाहते। इन दोनों को 13 जनवरी तक बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया है। स्वतः खाली न करने पर जबरन खाली कराने की चेतावनी दी गई है। इसी तरह पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, यशोधरा राजे सिंधिया, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और अरविंद सिंह भादौरिया भी सरकारी बंगलों में काबिज हैं लेकिन छोड़ने लिए तैयार नहीं हैं।

### तो, क्या पटवारी ने स्वीकार कर ली अपनी नाकामी?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि कांग्रेस को विपक्ष की जिम्मेदारी और मजबूती से निभानी चाहिए थी, लेकिन इसमें कहीं न कहीं कमी रही। उन्हें यह भी कहना पड़े कि जनता की आवाज को और प्रभावी ढंग से उठाने में पार्टी को और सक्रिय होना होगा, इसका मतलब तो यह हुआ कि खुद प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने अपनी नाकामी स्वीकार कर ली। वे खुद मान रहे हैं कि कांग्रेस विपक्ष के तौर पर मजबूती से अपना दायित्व निभाने में असफल है। सवाल यह पैदा होता है कि यदि ऐसा है तो इसके लिए जवाबदार कौन है? पटवारी ने यह बात इंदौर में उस समय कही जब वे दूषित पेयजल से हुई मौतों के सिलसिले में कैलाश विजयवर्गीय का इस्तीफा मांगते हुए दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की बात कर रहे थे।

### कांग्रेस के दलित नेता ने सुना दी नेतृत्व को खरी-खोटी

कांग्रेस से दलितों का मोह पहले ही भंग हो चुका है। इस वर्ग को पार्टी के साथ जोड़ने की लगातार कोशिश हो रही है। इसकी जवाबदारी कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार को सौंपी गई है लेकिन वे ही प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व से खफा हैं। अहिरवार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा दलितों को तवज्जो नहीं दी जाती। सावित्रीबाई फुले की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदीप ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस में दलितों को सम्मान नहीं मिलता। हम अपना पैसा लगाते हैं और कांग्रेस को समय देते हैं, लेकिन बदले में सम्मान नहीं मिलता। प्रदीप जब ये आरोप लगा रहे थे तब मंच पर जीतू पटवारी खुद मौजूद थे।

-दिनेश निगम 'त्यागी'

---

# सवालों के घेरे में पीएचई 155 लैब सिर्फ तीन नियमित केमिस्ट, चीफ केमिस्ट का पद खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों ने मध्यप्रदेश की जल गुणवत्ता जांच व्यवस्था की गंभीर पोल खोल दी है। इस घटना के बाद जांच की सुई सीधे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पर टिक गई है, जो प्रदेश में पेयजल और औद्योगिक जल की गुणवत्ता जांच का जिम्मा संभालता है। हैरानी की बात यह है कि प्रदेशभर में 155 प्रयोगशालाएं होने के बावजूद पूरे मध्यप्रदेश में सिर्फ तीन नियमित केमिस्ट पदस्थ हैं। भोपाल स्थित राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला के प्रभारी चीफ केमिस्ट चूड़ामणि कलेले ने खुद विभाग में नियमित केमिस्टों की भारी कमी को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि अनुभव के आधार पर आउटसोर्स और कार्यभारित कर्मचारी केमिस्ट का काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें भी अनुभव के आधार पर प्रभारी चीफ केमिस्ट बनाया गया है और कई अन्य लैबों में भी लैब असिस्टेंट को प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कलेले ने यह भी बताया कि एमपीपीएससी के माध्यम से चीफ केमिस्ट की भर्ती प्रस्तावित है और आने वाले समय में नियमित अधिकारियों की नियुक्ति होने की उम्मीद है, जिसके बाद स्थिति में सुधार हो सकता है।

**आउटसोर्स कर्मियों के भरोसे पानी की जांच**

*पीएचई विभाग के पास प्रदेश में 102 सब-डिविजन लैब और 52 जिला स्तरीय लैब हैं, लेकिन अधिकतर जगहों पर वैज्ञानिक जांच की जिम्मेदारी नियमित केमिस्ट की बजाय लैब असिस्टेंट, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों के कंधों पर है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह व्यवस्था न सिर्फ विभागीय नियमों के खिलाफ है, बल्कि आम लोगों की सेहत के साथ भी बड़ा जोखिम है। सिस्टम की हालत का सबसे बड़ा उदाहरण राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश स्तरीय अनुसंधान प्रयोगशाला है, जिसे पूरे राज्य की रेफरेंस लैब माना जाता है। यहां भी चीफ केमिस्ट का पद वर्षों से खाली है और प्रभारी व्यवस्था के सहारे काम चल रहा है।*

---

### मुख्य सचिव जैन जल्द ही करेंगे अफसरों के कार्यों की समीक्षा

# सीएस की क्लास में होंगे सभी कलेक्टर, कान्फ्रेंस में अफसरों की परफॉर्मेंस का होगा आंकलन, मंत्रालय से फील्ड तक के अफसरों का बनेगा रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन जल्द ही अफसरों की समीक्षा करने जा रहे हैं। 15 जनवरी को प्रदेश के सभी कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौजूद रहना है। मंत्रालय से लेकर फील्ड स्तर तक की अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जाएगा। उसके बाद अफसर के परफॉर्मेंस के आधार पर ट्रांसफर सूची भी जारी की जाएगी। माना जा रहा है कि जिन अफसरों का प्रमोशन हुआ है, उनके नाम शामिल है।

हालांकि परफॉर्मेंस के आधार पर उन्हें कई जिलों से हटकर मंत्रालय में पदस्थ किया जाएगा। वहीं मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर के अधिकारियों की समीक्षा भी होगी। मंत्रालय से लेकर मैदानी स्तर तक के अधिकारियों का रिपोर्ट कार्ड मुख्य सचिव कार्यालय और सामान्य प्रशासन विभाग तैयार कर रहा है। 1 जनवरी को कई अधिकारी प्रमोट हुए थे लेकिन इनकी पदस्थापना यथावत रखी गई है। 15 जनवरी को मुख्य सचिव अनुराग जैन कलेक्टर, कमिश्नर, नगर निगम आयुक्त, जिला पंचायत और स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की कांफ्रेंस करने जा रहे हैं। इसमें मैदानी अधिकारियों के कामकाज का आंकलन होगा। इसके बाद तबादलों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। हालांकि कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी 21 फरवरी तक नहीं बदले जाएंगे। क्योंकि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनिरीक्षण (एसआईआर) का काम चल रहा है।

**अपर सचिव से लेकर सचिव के भी होंगे प्रमोशन**

*मध्य प्रदेश में कलेक्टर से लेकर सचिव स्तर तक के अधिकारियों को प्रमोशन मिल चुका है। सभी को प्रमोशन के साथ ही वर्तमान पदों पर पदस्थ किया गया है। कई अधिकारी को एक स्थान पर पदस्थ रहते हुए 2 साल से अधिक समय हो चुका है। उनके स्थान पर नए अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे। वहीं मंत्रालय में कुछ अपर सचिव को सचिव बनाया गया है उनके प्रमोशन भी जल्द होना है। इसे देखते हुए मुख्य सचिव कार्यालय और सामान प्रशासन विभाग अपने स्तर पर तैयारी कर रहा है।*

# सूरज के उगने से पहले ही सेल्फी की क्लिक, फोन की फ्लैश लाइट से चमक उठा मैनिट परिसर

## भोपाल में 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 56वें संस्करण का भव्य आयोजन

*मंत्री सारंग, अभिनेत्री पायल के साथ सैकड़ों लोगों ने चलाई साइकिल, 1200 ने लिया विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) परिसर में रविवार की सुबह फिटनेस का एक अनूठा उत्सव देखने को मिला। 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 56वें संस्करण ने भोपाल को आंदोलन, संगीत और प्रेरणा के एक जीवंत उत्सव में बदल दिया। सूरज उगने से काफी पहले ही, पूरा परिसर फोन की फ्लैशलाइट, सेल्फी की क्लिक, लयबद्ध संगीत और उत्साहपूर्ण नारों से गूंज उठा। नागरिक यहाँ न केवल साइकिल चलाने के लिए, बल्कि फिटनेस का जश्न मनाने के लिए जुटे थे। कार्यक्रम में क्रिकेटर अनिकेत उमाशंकर वर्मा, हॉकी खिलाड़ी अब्दुल अहद, फुटबॉलर विशाल जून और अन्य राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कई पत्रकारों, फिटनेस इन्फ्लुएंसर्स और भोपाल के प्रमुख साइकिलिंग क्लबों को भी सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में 1,200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे मैनिट परिसर स्वास्थ्य और सामुदायिक भावना का केंद्र बन गया। 'जुम्बा' इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसकी थिरकती धुनों ने भीड़ को अपनी ओर खींचा। साथ ही, रस्सी कूद (रोप स्किपिंग), योग और विभिन्न संवादात्मक फिटनेस गतिविधियों ने यह सुनिश्चित किया कि हर आयु वर्ग के लिए यहां कुछ न कुछ खास हो।

### मैं तो सिर्फ देखने आया था

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासी राकेश शर्मा ने कहा, भोपाल में इस तरह के फिटनेस कार्निवल कम ही होते हैं। मैं केवल देखने आया था, लेकिन यहां की ऊर्जा ने मुझे भी शामिल होने पर मजबूर कर दिया। इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ साइकिल चलाते और नाचते देखना जीवनशैली बदलने की प्रेरणा देता है।

### मंत्री सारंग ने दोहराया पीएम मोदी का 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' का मंत्र



पुरस्कार वितरण के बाद मंच पर विजेता और अतिथि।

खेल मंत्री सारंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' के मंत्र को दोहराया। उन्होंने कहा, पीएम ने कहा है कि देश को 'हिट' रखने के लिए हमें 'फिट' रहना होगा। आइए संकल्प लें कि हर रविवार हम साइकिल चलाएंगे और चौपहिया वाहनों से दूर रहेंगे। इसके साथ ही अभिनेत्री पायल रोहतगी ने कहा, फिटनेस के प्रति यह जागरूकता लंबे समय में हमें और अधिक ओलंपियन देगी। यह पहल हमें 'विकसित भारत' के लक्ष्य के और करीब ले जा रही है। जब प्रधानमंत्री स्वयं अपनी मंत्री परिषद को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करते हैं, तो यह भावी पीढ़ी के लिए एक अविश्वसनीय सीख है।

### अबूझमाड़ के जंगल से आए युवाओं ने प्रस्तुत किया मल्लखंभ



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले (अबूझमाड़) के जंगलों से आए 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट' के युवा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शानदार मल्लखंब प्रदर्शन ने खेल और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। जहां जुम्बा सत्रों ने ऊर्जा भरी, वहीं 'कुडो' जैसी युद्ध कलाओं ने अनुशासन और शक्ति का प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, योग के प्रदर्शन ने शांति और संतुलन का संदेश दिया।

**जुम्बा सत्रों ने लोगों के मन में भरी ऊर्जा**

### *मंत्री सारंग, अभिनेत्री पायल और जूडो खिलाड़ी ने दिखाई साइकिल रैली को हरी झंडी*



ध्वज दिखाकर रैली को रवाना करते मंत्री सारंग व अन्य अतिथि।

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अभिनेत्री पायल रोहतगी और ओलंपियन जूडो खिलाड़ी गरिमा चौधरी सहित कई प्रतिष्ठित एथलीटों के साथ साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक (आईपीएस) मयंक श्रीवास्तव और क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक चौहान भी उपस्थित रहे।

---

## राजधानी में 45वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का समापन

# शांति के प्रतीक ऐन फ्रैंक गुलाब ने खींचा ध्यान

## गुलाब उद्यान में खिले 600 किस्मों के गुलाब, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के गुलाब उद्यान में रविवार को गुलाबों की रंग-बिरंगी छटा देखने के लिए हर आयु वर्ग के हजारों लोग उमड़ पड़े। प्रदर्शनी में आए लोग गुलाबों के साथ फोटो खिंचवाते और सेल्फी लेते नजर आए। मध्यप्रदेश रोज़ सोसायटी और उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा आयोजित 45वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी में लगभग 600 किस्मों के गुलाब प्रदर्शित किए गए। इनमें अधिकांश कट फ्लावर शामिल थे। प्रमुख किस्मों में डेविड ऑस्टिन, ऐन फ्रैंक, सन राइज, कार्टडोर, कार मूसिन, फोर्थ ऑफ जुलाई, डबल टॉक, वेरिज़ॉन क्रीम, सेलेस्टियल नाइट, माबेला, मारिया श्राइवर और सहस्त्रधारा शामिल रहीं। इसके साथ ही 45वीं गुलाब प्रदर्शनी का समापन हो गया।



प्रदर्शनी का जायजा लेते मंत्री नारायण सिंह कुशवाह।

### किंग और क्वीन ऑफ शो का चयन

प्रदर्शनी मेंव्हाइट एवलांच को किंग ऑफ द शोडबल टॉक को क्वीन ऑफ द शोजिंजर ब्रेडमैन को प्रिंस ऑफ द शोशियर एलिगेंस को प्रिंसेस ऑफ द शो चुना गया। शांति का प्रतीक 'ऐन फ्रैंक' बना आकर्षणविश्व गुलाब महासंघ के अध्यक्ष सुशील प्रकाश ने जापान से लाई गई गुलाब की किस्म 'ऐन फ्रैंक' को प्रदर्शित किया। यह गुलाब 16 वर्ष की आयु में दिवंगत हुई ऐन फ्रैंक की स्मृति में विकसित किया गया है और इसे शांति का प्रतीक माना जाता है।उन्होंने एक 150 वर्ष से अधिक पुरानी दुर्लभ हरे रंग की गुलाब प्रजाति 'विर्डी फ्लोरा' भी प्रदर्शित की, जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान खींचा।

### 3000 प्रविष्टियां 2028 में विश्व स्तरीय प्रदर्शनी का प्रस्ताव

आयोजकों के अनुसार प्रदर्शनी के लिए लगभग 3000 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 600 से अधिक गुलाब की किस्मों को चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि जनवरी 2028 में भोपाल में विश्व स्तरीय गुलाब प्रदर्शनी आयोजित करने का प्रस्ताव है। साथ ही इस कार्यक्रम के लिए विश्व गुलाब महासंघ के अध्यक्ष सुशील प्रकाश को मध्य प्रदेश रोस फेडरेशन की तरफ से गोल्ड मेडल से नवाजा गया।

### आज के विजेता

- फ्लॉवर अरेंजमेंट-रचना चंदवाकर प्रथम - समता चौधरी, प्रथम - ममता वर्साय
- व्यक्तिगत कट फ्लॉवर-रामशंकर जाट
- प्रथम-अफसाना यासिर प्रथम
- अब्राहम सैफी प्रथम भावना पांडे
- इंस्टीट्यूशन कट फ्लॉवर में विजेता टोटल 119 रहे।
- 150 किलोमीटर कॉमर्शियल कल्टीवेटर टोटल 15 रहे।

### इन्हें मिला सर्वोत्तम श्रेणी में पुरस्कार

- सर्वोत्तम वृहदम उद्यान व्यतिगत - प्रेरणा प्रकाश
- सर्वोत्तम वृहदम उद्यान व्यतिगत -सुधीर मंगल
- सर्वोत्तम वृहदम उद्यान व्यतिगत - प्रकाश तरण पुष्कर
- सर्वोत्तम टैरिस उद्यान व्यतिगत - नसीम यूसुफ
- सर्वोत्तम लघु टैरिस उद्यान व्यतिगत - लक्ष्मी मदान
- सर्वोत्तम लघुत्तम टैरिस उद्यान व्यतिगत - भावना पांडे
- सर्वोत्तम लघु उद्यान व्यतिगत - ममता गुप्ता
- गमलों में उद्यान व्यतिगत - नजीम खान



अंतिम दिन प्रदर्शनी देखने वालों की भीड़ रही।



---

# युवाओं को अभिषेक की सलाह: खेल से सीखिए जीवन और मोबाइल छोड़िए

राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर भोपाल आए फिल्म अभिनेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर इनर व्हील क्लब के एक कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता अभिषेक बच्चन ने युवाओं को मोबाइल फोन से दूरी बनाकर खेलों की ओर रुख करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, अपने फोन घर पर छोड़िए और कबड्डी, फुटबॉल, क्रिकेट या कोई भी खेल खेलिए। खेल जीवन के सबसे अच्छे शिक्षक होते हैं।



### माता-पिता के आशीर्वाद को बताया सफलता की कुंजी

अभिषेक ने युवाओं से कड़ी मेहनत करने, माता-पिता का आशीर्वाद लेने और उनसे सीखने का भी आह्वान किया। वे रविवार को भोपाल में आयोजित इनर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 304 के 41वें जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह एक सर्व-महिला स्वैच्छिक सेवा संगठन है।

### दी हल्की फुल्की नसीहत

जब अभिषेक के भाषण के दौरान भी फोटोग्राफर तस्वीरें खींचते रहे, तो उन्होंने मज़ाकिया अंदाज़ में कहा केवल हमारा परिवार ही मीडिया को डांट सकता है,जिस पर सभागार तालियों और ठहाकों से गूंज उठा। यह टिप्पणी उनकी मां जया बच्चन की मीडिया से होने वाली नोकझोंक की ओर इशारा मानी गई।

### भोपाल से जुड़ी बचपन की यादें

अभिषेक ने कहा कि वे बचपन से ही भोपाल आते रहे हैं। मेरी मां इसी शहर से हैं, उन्होंने कहा। पुरुषों को वैवाहिक जीवन का मंत्र उन्होंने पुरुषों को सलाह देते हुए कहा, "शादी के बाद मेरे पिताजी ने मुझसे कहा था कि जीवन में बहुत लोग सलाह देंगे। सबकी बात शांति से सुनना, और फिर चुपचाप अपनी पत्नी से पूछना कि वह क्या चाहती है और वही करना। इस बात पर सभागार में जोरदार तालियां बजीं।

### 96 वर्षीय नानी के साथ बिताए चार भावुक घंटे

अभिषेक ने अपनी 96 वर्षीय नानी इंदिरा भादुड़ी के साथ करीब चार घंटे बिताए। उन्होंने नानी को सूखे मेवे खिलाए, और उनसे आत्मीय बातचीत की, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

### फोटो सेशन बना आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में क्लब की महिला सदस्य अभिषेक के साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए उत्साहित नजर आईं। फोटो ग्राफरों की मौजूदगी में लगभग एक घंटे तक फोटो सेशन चला। जब एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि इतनी महिलाओं के बीच कैसा महसूस हो रहा है, तो उन्होंने मुस्कराते हुए जवाब दिया-बहुत बढ़िया। इस दौरान ऑटोग्राफ लेने वालों की भी भीड़ लगी रही।

---

## 5वीं अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन कला कार्यशाला का भव्य आयोजन

# भोपाल की डॉ. अंकिता ने मनाली में कमाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिमाचल प्रदेश की मनोरम वादियों में कला और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। 10 से 12 जनवरी तक मनाली में आयोजित 5वीं अंतर्राष्ट्रीय शीतकालीन कला कार्यशाला में देश-विदेश से आए कलाकार अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों से वातावरण को जीवंत बना रहे हैं। इस आयोजन का संचालन लिखन्दरा आर्ट सोसाइटी की संस्थापक डॉ. अंकिता जैन भोपाल आर्ट मोटिवेशन के संस्थापक विवेक शर्मा एवं शुभम चौहान मनाली, और कला परिधि के संस्थापक निर्मल वैद दिल्ली द्वारा किया जा रहा है।

तीन दिवसीय इस कला शिविर का उद्देश्य कला के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान, नवाचार और प्रेरणा को बढ़ावा देना है।





### 55 प्रतिष्ठित कलाकार हुए शामिल

हिमालय की गोद में आयोजित इस कार्यशाला में कलाकार प्राकृतिक सौंदर्य के बीच लाइव पेंटिंग और अन्य कलात्मक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर कुल 55 प्रतिष्ठित कलाकारों ने सहभागिता दर्ज कराई है, जिनमें कोलकाता, मणिपुर, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित नेपाल के कलाकार भी शामिल हैं। सभी प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्र के सिद्धहस्त कलाकार हैं। यह आयोजन भोपाल के लिए गौरव का विषय है। डॉ. अंकिता जैन न केवल एक ख्यातिप्राप्त कलाकार हैं, बल्कि कला के क्षेत्र में छह वर्षों का शोध भी कर चुकी हैं। उनके नेतृत्व में भारतीय कला निरंतर देश-विदेश में अपनी पहचान बना रही है।

---

# लोहड़ी फेस्ट में परंपरा, आस्था और उल्लास का संगम

## ढोल-नगाड़ों के साथ लोक संस्कृति ने रचा एकता का सेतु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजाब की सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक उल्लास के प्रतीक लोहड़ी पर्व को समर्पित लोहड़ी फेस्ट 2026 का आयोजन रविवार को रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर संपन्न हुआ। यह आयोजन एका वेलफेयर फाउंडेशन एवं पंजाबी साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

**नई शुरुआत का पर्व**

लोहड़ी पर्व नई फसल के स्वागत, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। लोहड़ी मनाने की परंपरा समाज में एकता और सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ करती है। तिल, गुड़ और मूंगफली जैसे प्रसाद जीवन में मिठास, समृद्धि और परस्पर सहयोग के भाव को दर्शाते हैं।



### लोग अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे: नेहा

कार्यक्रम की शुरुआत एका वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक नेहा बग्गा के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि आधुनिक और तेज़ रफ्तार जीवन में जब लोग अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, तब लोहड़ी जैसे पर्व हमें प्रकृति, किसान संस्कृति और सामूहिक जीवन मूल्यों से पुनः जोड़ते हैं। उन्होंने लोहड़ी को केवल परंपरा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम बताया।

### संगीत और मंच संचालन ने बांधा समां

कार्यक्रम में मुख्य कलाकार आरजे शैंकी (अभिषेक धीमान) और गायक दलजीत सिंह की सजीव प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। मंच संचालन होस्ट परमिंदर शायर ने प्रभावशाली एवं ऊर्जावान ढंग से किया। विधिवत लोहड़ी प्रज्वलन, बधाइयों का आदान-प्रदान इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की गई। उपस्थित नागरिकों ने एक-दूसरे को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं और सामूहिक उल्लास में सहभागिता निभाई।

## सबालेंका ने लगातार दूसरी बार जीता फाइनल




एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरीना सबालेंका ने मार्ता कोस्तयुक को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार ब्रिसबेन इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम किया, जो उनकी कुल मिलाकर 22वीं ट्रॉफी है। यह लगातार तीसरा साल था जब सबालेंका फाइनल में पहुंचीं और बेलारूस की इस खिलाड़ी ने पैट रैफ्टर एरिना में सिर्फ एक घंटे 17 मिनट में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की ब्रिसबेन इंटरनेशनल 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक तैयारी टूर्नामेंट है। कोस्तयुक ने शुरुआत में ही सबलेंका की दूसरी सर्विस पर आक्रामक खेल दिखाया और शानदार ड्रॉप शॉट्स से शुरुआती ब्रेक हासिल कर लिया बेलारूस की खिलाड़ी वापसी शानदार खेल से वापसी करने में ज्यादा समय नहीं लिया।

## स्वितोलिना ने जीता 19वां डब्ल्यूटीए खिताब

एजेंसी ▶▶| वेलिंग्टन

यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने ऑकलैंड में खेले गए एएसबी क्लासिक में जीत के साथ करियर का 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब अपने नाम किया। वह इस जीत के साथ अब ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों के लिए मेलबर्न रवाना होंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने फाइनल में चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिनयू को 6-3, 7-6 से हराया। यह 13वीं रैंकिंग की स्वितोलिना का 24 फाइनल मुकाबलों में 19वां खिताब रहा। इससे पहले वह 2024 में भी ऑकलैंड फाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें कोको गॉफ से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। स्वितोलिना मेलबर्न में बुधवार को अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा के खिलाफ एक प्रदर्शनी मुकाबला खेलेंगी। यूक्रेन की इस




खिलाड़ी ने सितंबर में 2025 सत्र से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए ब्रेक लेने का फैसला किया था। उस ब्रेक के बाद ऑकलैंड उनका पहला टूर्नामेंट था। उन्हें इस सप्ताह पति गेल मोनफिल्स का समर्थन मिला। मोनफिल्स ने पिछले साल ऑकलैंड में पुरुष वर्ग का खिताब जीता था और वह सोमवार से उस खिताब का बचाव करेंगे।

## बेंसिच ने स्वियातेक को हराया, स्विट्जरलैंड को बढ़त




एजेंसी ▶▶| सिडनी

बेलिंडा बेंसिच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को 3-6, 6-0, 6-3 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पोलैंड पर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी। मौजूदा सत्र के आखिर में संन्यास लेने वाले स्विस दिग्गज स्टेन वावरिंका को ह्यूबर्ट हुरकाज से भिड़ना है, जिसमें पोलैंड के खिलाड़ी को अपने देश को मुकाबले में बनाए रखने के लिए जीतना जरूरी होगा। बेंसिच ने इस हफ्ते अपने सभी चार एकल और चार मिश्रित युगल मैच जीते थे। उन्होंने स्वियातेक के खिलाफ मैच से पहले दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। ऐसा लग रहा था कि यह क्रम जारी होगा क्योंकि स्वियातेक ने मजबूत शुरुआत करते हुए पहला सेट 6-3 से जीत लिया। लेकिन दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी बेंसिच ने दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार नौ अंक जीतकर मैच का रुख बदल दिया और 33 मिनट के सेट जीतकर मैच को बराबर कर दिया।

## खबर संक्षेप



### लिचफील्ड ने सीखा तेजी से रन बनाने का तरीका

**नवी मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की उभरती हुई बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड गेंद को ज्यादा ताकत से मारने वाले बल्लेबाजों में नहीं गिनी जाती है लेकिन उन्होंने खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में तेजी से रन बनाने का तरीका ढूंढ लिया है। इस 22 साल की बल्लेबाज ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स के लिए 40 गेंदों में 78 रन की पारी के साथ सर्वोच्च स्कोरर रही। उनकी आक्रामक पारी के बावजूद टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा।
लिचफील्ड ने कहा, 'टी20 क्रिकेट पर निश्चित रूप से मैं लगातार काम कर रही हूं। मैं शायद कुछ बड़े हिटर्स जितनी ताकत से गेंद नहीं मार पाती, इसलिए मैंने अपना तरीका खोजा है। यह तरीका है क्षेत्ररक्षकों के बीच की जगह का अच्छा उपयोग करना।

### 19 जनवरी से पुणे ग्रांड टूर साइकिल रेस


**पुणे।** पांच दिनों तक चलने वाली पुणे की पहली ग्रैंड टूर साइकिल रेस (पुणे ग्रैंड टूर) 19 जनवरी से शुरू होगी। यह 437 किलोमीटर लंबी बहु-चरणीय साइकिल रेस न केवल सहनशक्ति के खेल को



दर्शाएगी, बल्कि इतिहास से भी सजी होगी। पुणे जिला प्रशासन की ओर से महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन और थाईलैंड सहित 35 देशों के 171 शीर्ष स्तर के साइकिलिस्ट भाग लेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को दक्कन के पठार में फैले विविध भू-भाग से गुजरने का मौका मिलेगा और कमेंट्री में छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को उजागर किया जाएगा।

### मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय धावक

**मुंबई।** पिछले चरण के उप विजेता मेरहावी केसेटे (पुरुष वर्ग) और इथियोपिया की मेडिना डेमे आर्मिनो (महिला वर्ग) सहित एलीट एथलीट 18 जनवरी को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे, जो विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की



रोड रेस है। यह मुंबई मैराथन का 21वां सत्र है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में पहले तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 50000, 25000 और 15000 डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा, जो भी अपने वर्ग में मौजूदा स्पर्धा का रिकॉर्ड तोड़ेगा, उसे 15000 डॉलर दिए जाएंगे। केसेटे पिछले साल बेरहाने टेसफे से पीछे दूसरे स्थान पर रहे थे। वह इस साल प्रबल दावेदारों में शुमार होंगे। उनके अलावा युगांडा से 2023 विश्व चैंपियन विक्टर किपलांगाट, दक्षिण अफ्रीका के स्टीफन मोकोका और इथियोपिया के बाजेन्यू अस्मारे और टाडू अबाटे डेमे भी इसमें हिस्सा लेंगे।

### पहला वनडे: टीम इंडिया ने बनाई सीरीज में 1-0 से बढ़त, शुभमन का अर्धशतक

# कोहली के 28 हजार रन पूरे, भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

**वड़ोदरा।** भारत ने विराट कोहली (93 रन) और कप्तान शुभमन गिल (56 रन) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी से रविवार को न्यूजीलैंड को शुरुआती एक दिवसीय मुकाबले में एक ओवर रहते चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (84), हेनरी निकोल्स (62) और डेवोन कॉनवे (56) के अर्धशतकों की मदद से आठ विकेट पर 300 रन बनाए। भारत के लिए तेज गेंदबाज हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए जबकि स्पिनरों में कुलदीप यादव को एक विकेट मिला। वहीं विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 28 हजार रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

भारत ने कोहली (91 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) की गिल (71 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए शतकीय और श्रेयस अय्यर (49 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी से 49 ओवर में छह विकेट पर 306 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की।

केएल राहुल (नाबाद 29 रन, 21 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने 48वें ओवर की अंतिम तीन गेंद में से दो में चौके लगाकर स्कोर बराबर किया। फिर अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई।



### सर्वाधिक छक्के लगाने वाले ओपनर बने रोहित

दूसरी ओर, रोहित शर्मा ने 29 गेंदों में 26 रन की पारी खेली, जिसमें 2 छक्के और 3 चौके शामिल थे। इसी के साथ रोहित वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले ओपनर बन गए। रोहित ने बतौर वनडे ओपनर 329 छक्के लगाए हैं। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (328) को पछाड़ दिया है।

### कोहली ने रचा कीर्तिमान

विराट कोहली ने नया कीर्तिमान रचते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट में 28 हजार रन पूरे कर लिए हैं। वो ऐसा करने वाले दुनिया के तीसरे बैटर बने हैं। वहीं इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रनों के मामले में वो अब सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। सचिन के 34,357 रन हैं। वहीं विराट ने संगकारा को पीछे छोड़ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। विराट कोहली ने आदित्य अशोक की गेंद पर ये मुकाम हासिल किया। 37 साल के कोहली के अब हर फॉर्मेट में 37,000 रन पूरे हो चुके हैं। इस तरह वो लेजेंड्री क्रिकेटर्स की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 2008 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले विराट ने 624वीं पारी में ये कमाल किया। वहीं तेंदुलकर ने 644वीं पारी और कुमार संगकारा ने 666वीं पारी में ये कमाल किया था।

### स्कोर कार्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन बो हर्षित राणा | 56 | 67 | 6 | 1 |
| निकोल्स का राहुल बो राणा | 62 | 69 | 8 | 0 |
| विल का राहुल बो सिराज | 12 | 16 | 0 | 0 |
| मिचेल पगबाधा बो कृष्णा | 84 | 71 | 5 | 3 |
| फिलिप्स का अय्यर बो कुलदीप | 12 | 19 | 1 | 0 |
| मिचेल हे बो कृष्णा | 18 | 13 | 2 | 0 |
| ब्रेसवैल रन आउट | 16 | 18 | 1 | 0 |
| जाक फोक्स बो सिराज | 01 | 2 | 0 | 0 |
| क्रिस्टियन क्लार्क नाबाद | 24 | 17 | 3 | 0 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 08 | 8 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 07

कुल योग : 50 ओवर में आठ विकेट पर 300 रन

गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 8-0-40-2, हर्षित राणा 10-0-65-2, वाशिंगटन सुंदर 5-0-27-0, प्रसिद्ध कृष्णा 9-0-60-2, कुलदीप यादव 9-0-52-1, रविंद्र जडेजा 9-0-56-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का ब्रेसवैल बो जैमीसन | 26 | 29 | 3 | 2 |
| गिल का फिलिप्स बो अशोक | 56 | 71 | 3 | 2 |
| कोहली का ब्रेसवैल बो जैमीसन | 93 | 91 | 8 | 1 |
| श्रेयस अय्यर बो जैमीसन | 49 | 47 | 4 | 1 |
| जडेजा का क्लार्क बो जैमीसन | 04 | 5 | 0 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 29 | 21 | 2 | 1 |
| हर्षित राणा का हे बो क्लार्क | 29 | 23 | 2 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 07 | 7 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13

कुल योग : 49 ओवर में छह विकेट पर 306 रन

गेंदबाजी :काइल जैमीसन 10-1-41-4, जाक फोक्स 10-0-49-0, आदित्य अशोक 6-0-55-1, क्रिस्टियन क्लार्क, 10-0-73-1, माइकल ब्रेसवेल 8-0-56-0, ग्लेन फिलिप्स 4-0-21-0, डेरिल मिचेल 1-0-7-0

### डब्ल्यूपीएल

## गुजरात जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया, नंदिनी की हैट्रिक बेकार



**नवी मुंबई।** नंदिनी शर्मा की हैट्रिक दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात जायंट्स के खिलाफ विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में जीत दिलाने में नाकाफी साबित हुई। जायंट्स ने डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेले गए इस मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की। गुजरात जायंट्स ने 209 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली की टीम निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर सिर्फ 205 रन ही बना सकी।

नंदिनी ने गुजरात जायंट्स की पारी के आखिरी ओवर की अंतिम तीन गेंदों पर विकेट लेकर इतिहास रच दिया। इस ओवर में नंदिनी ने कुल चार विकेट हासिल करते हुए डब्ल्यूपीएल में अपना पहला 'पांच विकेट हॉल' लिया। उन्होंने अपने चार ओवरों के स्पेल में 33 रन देकर 5 विकेट निकाले। सोफी डिवाइन को श्री चरणी के हाथों कैच आउट करवाने के बाद नंदिनी ने पारी का सनसनीखेज 20वां ओवर फेंका। नंदिनी ने ओवर की दूसरी गेंद पर काश्वी गौतम का विकेट लेकर शुरुआत की। इसके बाद तनुजा कंवर ने तीसरी गेंद पर एक रन निकाला। अगली तीन गेंदों में कनिका आहूजा, राजेश्वरी गायकवाड़ और रेणुका ठाकुर के विकेट लेकर नंदिनी ने यादगार हैट्रिक ली। इसी के साथ नंदिनी डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली गेंदबाजों में वोंग, दीप्ति शर्मा और ग्रेस हैरिस के साथ शामिल हो गईं।

### यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी

**नवी मुंबई।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 12 जनवरी को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डि क्लर्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था।

### ला लिगा

## विलारियल ने एलवेस को हराया मोलेइरो ने दागा शानदार गोल




एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

अल्बर्टो मोलेइरो की शानदार खेल से विलरियाल ने ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मैच में एलवेस को 3-1 से हराकर लीग तालिका में तीसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। मोलेइरो ने मध्यांतर के बाद मैच का पहला और मौजूदा सत्र का अपना आठवां गोल दागा। अनुभवी स्ट्राइकर गेरार्ड मोरेनो ने 55वें मिनट में घरेलू टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मोलेइरो ने इसके बाद टीम के तीसरे गोल की नींव रखी, जब उन्होंने दो डिफेंडरों के बीच से सटीक पास निकालकर जॉर्जिया के स्ट्राइकर जॉर्जेस मिकाउतादजे के लिए मौका बनाया। मिकाउतादजे ने गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। एलवेस की ओर से टोनी मार्टिनेज ने 85वें मिनट में गोल कर हार के अंतर कम किया। इस जीत के बाद विलारियाल में तालिका पर शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से आठ अंक और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से चार अंक कम हैं। वहीं, वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से तीन अंक आगे है।




## मोर्टारा ने जीती रेस, महिंद्रा को दिलाया पहला पोडियम

एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी

एडुआर्डो मोर्टारा ने इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज के दूसरे दौर में दूसरा स्थान हासिल कर महिंद्रा रेसिंग को मौजूदा फॉर्मूला ई सत्र का पहला पोडियम स्थान दिलाया। इस भारतीय टीम के दूसरे ड्राइवर निक डी व्रीज हालांकि रेस पूरी नहीं कर सके। सिट्रोएन रेसिंग के निक कैसिडी ने शानदार रणनीति और बेहतरीन ड्राइव का प्रदर्शन करते हुए 12 स्थानों की छलांग लगाई और मोर्टारा तथा निसान के मौजूदा चैंपियन ओलिवर रोलैंड से आगे रहते हुए रेस जीत ली। मोर्टारा ने रेस के बाद कहा, 'निक ने वाकई शानदार रेसिंग की। रेस के बीच में हमें थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिससे आखिरी लैप्स में चुनौती देने का मौका नहीं मिल पाया। मैं दूसरे स्थान के साथ खुश हूं।' महिंद्रा रेसिंग शुरुआत से ही एफआईए की ओर से मान्यता प्राप्त इस विश्व चैंपियनशिप का हिस्सा रही है। टीम ने विचार-विमर्श के बाद 2026-27 से शुरू होने वाले सीरीज के 'जेन4' युग में भी भागीदारी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।




## कोहली में विश्व कप तक खेलने का जुनून : डोनाल्ड

एजेंसी ▶▶| केपटाउन



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने कहा, ' आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जीतनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है। उन्होंने कहा, ' मुझे वास्तव में उन्हें टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। मुझे लगता है उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन मुझे कोई संदेह नहीं कि हम उन्हें सीमित ओवर प्रारूप के क्रिकेट और विश्व कप में खेलते हुए देखेंगे।

### एसए20 लीग: एमआई केपटाउन ने जॉबर्ग सुपर किंग्स को हराया

# रिकेल्टन ने 55 गेंदों में मारी सेंचुरी,जड़े 8 चौके और 9 छक्के

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

रेयान रिकेल्टन की नाबाद 113 रन की आक्रामक पारी से एमआई केपटाउन ने एसए20 लीग में वांडरर्स मैदान पर जॉबर्ग सुपर किंग्स को 36 रन से हराकर अपने अभियान को फिर से पटरी पर ला दिया। रिकेल्टन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और नौ छक्के जड़े। वह इसके साथ इस लीग में दो शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने रासी वेन डर डुसेन (32 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 129 रन की साझेदारी कर टीम को तीन विकेट 234 रन तक पहुंचाया। इसके बाद जॉर्ज लिंडे (30 रन पर दो विकेट) और कगिसो रबाडा (34 रन पर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी ने सुपर किंग्स को पांच विकेट पर 198 रन पर रोक दिया। रिकेल्टन और डुसेन की साझेदारी के बाद निकोलस पूरन (14) और जैसन स्मिथ (दो) जैसे बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाज तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे। रिकेल्टन ने हालांकि अपनी पारी को जाया नहीं जाने दिया। उन्होंने नांद्रे बर्गर के एक ओवर में लगातार चौके और एक बड़ा छक्का जड़ते हुए 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्हें अंतिम ओवरों में अफगानिस्तान के करीम जनत का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 11 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए।

- रिकेल्टन ने खेली नाबाद 113 रन की आक्रामक पारी




### सुपर किंग्स की कमजोर पारी

जॉबर्ग सुपर किंग्स को उस समय बड़ा झटका लगा जब कप्तान फाफ डु प्लेसिस बल्लेबाजी के लिए उतर नहीं सके। इंग्लैंड के माइकल पेपर को पारी का आगाज करने के लिए भेजा गया,लेकिन एसए20 में उनकी पहली पारी ज्यादा देर नहीं चली। तीसरे ओवर की शुरुआत में रबाडा ने उन्हें चलता कर दिया। रबाडा और लिंडे ने मैथ्यू डी विलियर्स और वियान मुल्डर को पावरप्ले में ही पवेलियन की राह दिखाकर सुपर किंग्स की शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी। इसके बाद जेम्स विंस और उभरते सितारे डियान फॉरेस्टर ने चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की। विंस के 43 गेंदों पर 77 रन (10 चौके, तीन छक्के) बनाकर आउट होने के बाद सारा दबाव फॉरेस्टर पर आ गया। फॉरेस्टर ने 42 गेंदों पर नाबाद 80 रन की शानदार पारी खेली लेकिन वह अपनी टीम को जीत की दहलीज तक नहीं पहुंचा सके।






# 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी मर्दानी 3

**मुंबई।** मर्दानी 3 ' में रानी मुखर्जी एक बार फिर निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आएंगी, जो न्याय के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ती हैं। यश राज फिल्म्स ने 'मर्दानी 3' की रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। मेकर्स इस फिल्म को शिवानी की अच्छाई और खौफनाक बुराई के बीच एक खूनी और हिंसक टकराव के रूप में पेश कर रहे हैं, जहां वह देश की कई लापता लड़कियों को बचाने के लिए समय के खिलाफ एक असाधारण रेस शुरू करती हैं। रानी मुखर्जी पहले ही खुलासा कर चुकी हैं कि यह एज-ऑफ-द-सीट थ्रिलर डार्क, डेडली और ब्रूटल होगी।

लाइफ Style

# सदफ

## भोले बाबा की भक्तिन, रखती हैं व्रत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्प्लिट्सविला 16' में ' सदाफ़ शंकर कौन हैं? मिलिए अफगानिस्तान में जन्मी मॉडल और भगवान शिव की भक्त से, जो इस सीजन की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट बनती जा रही हैं। उनकी बेबाक कॉन्फिडेंस, दमदार मौजूदगी और अनोखी कहानी ने दर्शकों के बीच जिज्ञासा और चर्चा को जन्म दिया है।

9 जनवरी 2026 को स्प्लिट्सविला 16' के शुरू होने के बाद से एक कंटेस्टेंट लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। वो न तो गुल्लू हैं, न योगेश। इस कंटेस्टेंट का नाम सदफ शंकर है, जिनका जन्म अफगानस्तान में हुआ है। पिछले दस सालों से भारत में रह रही हैं और इस सीजन की सबसे चर्चित चेहरों में से एक बन गई हैं। सदफ शंकर फारसी मूल की मॉडल हैं, जिनका जन्म अफगानिस्तान में हुआ और अब मुंबई में रहती हैं। पिछले 10 सालों से भारत में रहकर उन्होंने यहां की संस्कृति को पूरी तरह अपनाया है। वह खुद को "देसी दिल से, फिल्मी अंदाज में और थोड़ी सी ड्रामा क्वीन जन्म से" बताती हैं। सदफ शंकर के इंस्टा पर 1.6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उनकी बायो में लिखा है, 'मैं फेमस हूं, दुनिया को बस अभी पता नहीं चला,' जो उनके आत्मविश्वास को बखूबी दर्शाता है। सोशल मीडिया के मुताबिक, सदफ़ ने हाल ही में प्रोफेशनल मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है। 'सप्लिट्सविला 16' में सदफ का इंट्रोडक्शन उन्हें बेबाक, बोल्ड और नजरअंदाज करना नामुमकिन बताता है, जो अपने लुक्स से सबको इम्प्रेस करती हैं और एक नजर से ही सामने वाले को डराने का दम रखती हैं।



हॉलीवुड मसाला





# बाफ्टा की दौड़ में वन बैटल ऑफ्टर

**लॉस एंजिल्स।** इन दिनों बाफ्टा अवॉर्ड के नॉमिनेशन चर्चा में हैं। हाल ही में उन फिल्मों के नाम साझा किए गए हैं, जिनका नॉमिनेशन अवॉर्ड के लिए हुआ है। फाइनल वोटिंग राउंड के बाद जल्द ही ऑफिशियल नॉमिनेशन भी सामने आएंगे। लेकिन पहले राउंड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म ने बाजी मारी है। पहली लिस्ट में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने बाफ्टा में लगभग 16 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं।

# कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड के जरिए हुए थे काफी मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड विनर डायरेक्टर टॉम चेरोन्स का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह लंबे से एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। यह डायरेक्टर कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड' के जरिए काफी मशहूर हुए थे। टॉम चेरोन्स ने डायरेक्टर के तौर टीवी से शुरुआत की थी। उन्होंने पहला टीवी सीरियल 'बेब्स इन द वुड्स' किया था। फिर 1990 में उन्होंने 'सीनफेल्ड' नाम का सीरियल डायरेक्ट किया। इस सीरियल ने उन्हें डायरेक्टर के तौर पर अलग पहचान दिलाई। इसी सीरियल के लिए उन्हें एमी अवॉर्ड मिला, जिसे उन्होंने क्रिएटर्स जेरी सीनफेल्ड और लैरी डेविड के साथ शेयर किया था। टॉम चेरोन्स ने न्यू मैक्सिको यूनिवर्सिटी से जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री हासिल की थी। बाद में अलबामा यूनिवर्सिटी से टेलीकम्युनिकेशंस में मास्टर डिग्री हासिल की। आगे चलकर उन्होंने यूनाइटेड स्टेट्स नेवी में लेफ्टिनेंट के तौर पर चार साल सेवा भी दी। इसके बाद टॉम चेरोन्स ने एजुकेशनल टेलीविजन में काम करना शुरू किया कई प्रोग्राम प्रोड्यूस और डायरेक्ट किए। 1975 में वह हॉलीवुड चले गए। टॉम ने सीनफेल्ड के अलावा न्यूज रेडियो, वेलकम बैक कोटर, कैरोलिन इन द सिटी, एनी मैकगायर और एलेन जैसे शो भी बनाए थे।





# ओ रोमियो के टीजर में फरीदा ने दी गाली

**मुंबई।** हाल ही शाहिद कपूर की नई फिल्म 'ओ रोमियो' का टीजर रिलीज हुआ, जो इंटरनेट पर छाया हुआ है। जहां इसमें शाहिद चर्चा बटोर रहे हैं, तो वहीं फरीदा जलाल भी छा गईं। हालांकि, उनका अवतार देख फैंस को झटका लगा है। दरअसल, 'ओ रोमियो' के टीजर में फरीदा जलाल गाली देती नजर आ रही हैं। दशकों लंबे करियर में यह पहली बार है, जब फरीदा जलाल गाली देती दिखीं और ऐसा अवतार नजर आया। यही बात फैंस को हजम नहीं हुई और वो हैरान हैं। फरीदा जलाल को यूं गाली देते देख फैंस सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। 'ओ रोमियो' का टीजर 10 जनवरी को रिलीज हुआ। विशाल भारद्वाज की इस फिल्म में पूरी कास्ट की झलक दिखाई गई, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया। पर सबसे ज्यादा ध्यान दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल ने खींचा।

# नीले ड्रम और हनीमून हत्या की वो सच्चाई

**नई दिल्ली।** जिन घटनाओं ने पूरे देश के रोंगटे खड़े कर दिए थे, अब उसकी कहानी ओटीटी पर देखने को मिल रही है। यह सीरीज आपका दिल दहला देने के लिए काफी है। अगर आप इस हफ्ते कोई सीरीज देखने की सोच रहे हैं तो आप इसे अपनी वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं। इस डॉक्यु सीरीज का नाम है हनीमून से हत्या, जो महिलाओं द्वारा पतियों की हत्या पर आधारित सच्ची घटना पर आधारित है। सीरीज में उन हत्याओं को दिखाया गया जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं और इसने लोगों के दिल दहला दिए। हनीमून से हत्या डॉक्यु सीरीज में जिन घटनाओं को दिखाया गया है, वो मेघालय सोनम रघुवंशी केस, भिवानी इन्फ्लुएंसर केस, मेरठ ब्लू ड्रम केस, मुंबई (नालासोपारा) टाइल केस और दिल्ली इलेक्ट्रिक शॉक केस शामिल हैं। लंबे समय से इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था जो आखिरकार अब रिलीज हो गई है। इस सीरीज में पतियों की हत्याओं के पीछे की सच्चाई और उसके पीछे की मानसिकता को दिखाया गया है। अजितेश शर्मा ने इस डॉक्युमेंट्री का निर्देशन किया है। यह 9 जनवरी 2026 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है।



# FA9LA गाने के सिंगर फ्लिपराची करेंगे इंडिया का टूर

*मुंबई। धुरंधर अपनी कहानी के अलावा दर्शकों के बीच गाने '**FA9LA**' के कारण भी खूब चर्चा में रही। यह गाना बहरीन के रैपर फ्लिपराची ने तैयार किया है। जल्द ही वह भारत का टूर कर रहे हैं। धुरंधर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीने से अधिक का समय हो चुका है। फिल्म 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म का गाना **FA9LA** अब भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इस गाने पर देश ही नहीं, दुनिया भर में रील्स बन चुकी हैं। **FA9LA** के सिंगर रैपर फ्लिपराची हैं। उनकी भारत में भी अब अच्छी खास फैन फॉलोइंग हो चुकी है। अपने इंडियन फैंस का मनोरंजन अब फ्लिपराची लाइव करेंगे। जल्द ही भारत में उनका म्यूजिक टूर शुरू होगा।*



# दो आंखें बारह हाथ से लेकर एआर रहमान तक गोल्डन ग्लोब में अब तक ऐसा रहा भारत का सफर

**नई दिल्ली।** गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स फिल्म और टेलीविजन जगत के सबसे चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल हैं। हर साल की तरह इस साल भी जनवरी में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड आयोजित होने जा रहे हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का आयोजन 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में किया जाएगा। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। हालांकि, भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह का प्रसारण सोमवार यानी 12 जनवरी को सुबह छह बजे होगा। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में कैसा रहा भारत का सफर? किस भारतीय फिल्म या कलाकार को मिला गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड और कौनसी फिल्में व कलाकार हुए नामित।

***दो आखें बारह हाथ को मिला था गोल्डन ग्लोब :*** साल 1944 में शुरु हुए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारत को पहली उपलब्धि साल 1957 में मिली। जब दिग्गज फिल्ममेकर वी. शांताराम की फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ'को गोल्डन ग्लोब में नॉमिनेशन मिला। साथ ही इस फिल्म ने एक स्पेशल अचीवमेंट अवॉर्ड भी अपने नाम किया। 'दो आंखें बारह हाथ'को सैमुअल गोल्डविन अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड मिला था।



***गांधी फिल्म ने लहराया था परचम :*** दो आंखें बारह हाथ के लगभग 26 साल बाद साल 1983 में रिचर्ड एटनबर्ग की फिल्म गांधी ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में परचम लहराया था। इस फिल्म ने कई कैटेगरी में अवॉर्ड जीता था। गांधी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, निर्देशक, स्क्रीनप्ले, नया कलाकार और सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था।

***मीरा नायर की सलाम बॉम्बे और मानसून वेडिंग को मिला नॉमिनेशन :*** गांधी के बाद साल 1989 में मीरा नायर की फिल्म सलाम बॉम्बे को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। हालांकि, फिल्म यह पुरस्कार अपने नाम नहीं कर सकी थी। तब यह अवॉर्ड 'पेल द कॉन्करर' को मिला था। इसके बाद साल 2002 में एक बार फिर मीरा नायर की फिल्म मानसून वेडिंग गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की कैटेगरी में नामित हुई। लेकिन, यहां भी मीरा नायर को निराशा मिली और अवॉर्ड क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन को मिला।

***2009 में एआर रहमान बने गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय :*** 1983 में गांधी के अवॉर्ड जीतने के बाद भारत के लिए गोल्डन ग्लोब से अच्छी खबर सीधे 2009 में आई, जब दिग्गज संगीतकार एआर रहमान को बेस्ट ओरिजिनल म्यूजिक स्कोर की कैटेगरी में यह पुरस्कार मिला था। रहमान ने फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर के लिए इस अवॉर्ड को अपने नाम किया था। इसके साथ ही एआर रहमान व्यक्तिगत रूप से गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय भी बने।



# इंडियन आइडल 3 के रह चुके हैं विजेता

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध सिंगर और एक्टर प्रशांत तमांग का 11 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में अपने आवास पर निधन हो गया। प्रशात साल 2007 में 'इंडियन आइडल सीजन 3' के विनर थे जिसके बाद उन्हें काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके अलावा वो वेब सीरीज पाताललोक 2 में भी नजर आए थे। वह 43 साल के थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा जिससे उनका निधन हो गया। हालांकि अभी इसकी मेडिकल पुष्टि नहीं हुई है। दार्जिलिंग के रहने वाले तमांग का जन्म 4 जनवरी 1983 को हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। बाद में कांस्टेबल के रूप में कोलकाता पुलिस में भर्ती हो गए। अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने पुलिस ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से संगीत के प्रति अपने जुनून को हमेशा अपने अंदर पोषित किया। खबरों के मुताबिक, प्रशांत हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में एक लाइव परफॉर्मेंस के बाद राजधानी लौटे थे। इसके अलावा उन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य बीमारी भी नहीं थी। कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के रूप में सेवा देने से लेकर दक्षिण एशिया में घर-घर में पहचाने जाने वाले नाम बनने तक, तमांग की यात्रा ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने हाल ही में 'पाताल लोक' के सीजन 2 में डैनियल लेचो के रूप में अपने दमदार अभिनय के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। उनके गीत 'बीर गोरखाली' और 'असारे महिमा' आज भी शक्तिशाली सांस्कृतिक गीतों के रूप में गूंजते हैं। तमांग को 2007 में इंडियन आइडल सीजन 3 जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली। इस जीत के बाद उनका एल्बम 'धन्यवाद' रिलीज हुआ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930